
सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 26 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 49, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 287 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में हुई लिवाली व कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से सेंसेक्स 287 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 115 अंक के लाभ में रहा। } 10

## नवाचार के जरिये बदलाव की राह पर भारत

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को तेज और सुरक्षित माध्यम करार देते हुए कहा कि नवाचार के जरिए भारत बदलाव की राह पर आगे बढ़ रहा है। } 12

## डिजिटल भारत में यूपीआई की अहम भूमिका

### भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा में आया बड़ा बदलाव : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के मंगलवार को एक दशक पूरा होने पर इसे भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा में बड़ा बदलाव लाने का माध्यम करार दिया और कहा कि इसका व्यापक स्तर एवं पहुंच हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय निगरानी में 25 अगस्त, 2016 को यूपीआई की शुरुआत की थी। यूपीआई भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली की रीढ़ और वित्तीय समावेश का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा एक दशक पहले यूपीआई की शुरुआत हुई थी, जिसने भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा में बड़ा बदलाव लाया। यूपीआई का व्यापक स्तर और पहुंच हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से यूपीआई के साथ अपने अनुभव और इससे उनके जीवन पर पड़े प्रभाव को साझा करने को भी कहा। यूपीआई ने एक दशक के परिचालन में देश में व्यापक पहुंच एवं तेज गति हासिल की है। वार्षिक लेनदेन की संख्या 2016-17 में 1.78 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 24,162 करोड़ से अधिक हो गई। यह लेनदेन की संख्या में करीब 13,000 गुना वृद्धि दर्शाता है। इसी अवधि में लेनदेन का मूल्य 2016-17 में 0.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में करीब 314 लाख करोड़ रुपये हो गया। यानी लेनदेन के मूल्य में 4,000 गुना से अधिक वृद्धि दर्ज हुई। सोमवार को जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यूपीआई भारत ...शेष पृष्ठ 10 पर

## छह महीने में एक लाख युवाओं को देंगे सरकारी नौकरी : सीएम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने 9 साल में 9.30 लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी ढंग से बिना भेदभाव सरकारी नौकरियां दी हैं। यूपी में कभी एक लाख नौकरियां कल्पना होती थी, लेकिन हम छह महीने के भीतर एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। रिजल्ट की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि विभाग में नवचयनित 3446 प्राविधिक सहायकों (ग्रुप-सी) व 126 मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवचयनितों से कहा कि सरकार ने पारदर्शी नियुक्ति दी है तो आप भी इसका लाभ प्रदेश, भावी पीढ़ी और देश को दें। कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन ही ह्यनेशन फर्स्टह्न की थ्योरी है।

सीएम ने कहा कि हमारे आयोग व बोर्ड पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया से बिना भेदभाव, आरक्षण नियमों का पालन करते हुए योग्य अभ्यर्थियों को मेरिट के अनुसार सफलतापूर्वक नियुक्ति पत्र दिला रहे हैं। यह प्रशंसनीय है। योग्यतम अभ्यर्थियों के चयन से उनकी ऊर्जा का लाभ पूरे प्रदेश को मिलता है। सीएम ने आयोग व बोर्डों के अधिकारियों से कहा कि आपके कार्यों में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है। यदि हमने स्वतंत्रता दी है तो समय से परिणाम लाइए। अधियाचन जाने के बाद परिणाम आने में छह महीने से अधिक नहीं लगना चाहिए। एक महीने के अंदर विज्ञापन और अगले दो महीने के अंदर परीक्षा कराएं। प्रक्रिया को सहज-सरल बनाएं, जिससे युवा अपनी ऊर्जा का लाभ दे सके। जब हम युवा ऊर्जा को साथ लेकर चलते हैं तो परिणाम आते हैं। सीएम ने 9 साल में पारदर्शी नियुक्तियों को डबल इंजन सरकार की उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस दौरान सरकार ने 9.30 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई है। किसी भी नियुक्ति पर कोई प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता। 2017 से पहले तो विज्ञापन निकलते ही चाचा-भतीजे की जोड़ी और महाभारत का खानदान वसूली करने निकल पड़ता था। युवा भटकता था, लेकिन परिणाम नहीं आता था। अंततः माननीय न्यायालय को स्टे करना पड़ता था। युवाओं का समय और उम्र खराब होती थी। नौकरी न पाने वाले युवाओं को लोग किसी काम का नहीं मानते थे, लेकिन गलती युवा की नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र में बैठे राजनेताओं, आयोगों व बोर्डों में बैठे बेईमान लोगों की होती थी। हमारी सरकार ने कहा था कि नकल माफिया की कमर तोड़ेंगे और उनके ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### 35 रुपये किलो मिलेगी प्याज

नयी दिल्ली। सरकार आम लोगों को प्याज की ऊंची कीमतों से राहत देने के लिए राजधानी में 35 रुपये प्रति किलो के भाव पर इसकी बिक्री करेगी। यह मौजूदा औसत खुदरा कीमतों से लगभग 36 प्रतिशत कम है। केंद्र सरकार प्याज का स्टॉक मुख्य उत्पादक राज्य महाराष्ट्र से मंगा रही है, जहां केंद्र ने कीमतों में किसी भी तरह की बढ़ोतरी से निपटने के लिए बफर स्टॉक बनाए रखा है। 800 टन प्याज की पहली खेप बुधवार को कांदा एक्सप्रेस से राजधानी पहुंचेगी। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा, कांदा एक्सप्रेस दिल्ली में लगभग 800 टन प्याज ला रही है, जिसे नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार के स्टोर पर 35 रुपये प्रति किलो के भाव पर बेचा जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ी मात्रा में प्याज को खास रेलवे रैक के जरिये चार अन्य केंद्रों - चेन्नई, एर्नाकुलम, मदुरै और गुवाहाटी - तक भी पहुंचाया जा रहा है।

### चीनी के दाम पर टिप्पणी करने वाला लेखपाल सस्पेंड


जौनपुर। जिले की शाहगंज तहसील में तैनात एक लेखपाल को चीनी की बढ़ती कीमतों को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहगंज तहसील में तैनात लेखपाल अशोक कुमार यादव ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा था कि चाय खतरे में है मित्तर, चीनी पहुंच गई सत्तर। पोस्ट के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद तहसील प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। शाहगंज उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा ने बताया कि अशोक कुमार यादव ने रविवार को चीनी की बढ़ती कीमत पर कटाक्ष करते हुए यह पोस्ट किया था, जिसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को मिली।

# बुजुर्ग महिलाओं की बस यात्रा आजीवन फ्री

### ○ युवाओं के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने का प्रस्ताव पास ○ 7,968.30 करोड़ की झांसी लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना मंजूर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सभी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देने, वरिष्ठ नागरिकों को देखभाल न करने वाली संतान को संपत्ति से बेदखल करने का अधिकार देने तथा युवाओं के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने के साथ ही कैबिनेट ने गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तारित करने समेत कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। कैबिनेट की बैठक में बुंदेलखंड के इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने 7,968.30 करोड़ रुपये की लागत से झांसी लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के विकास को मंजूरी प्रदान कर दी है। कैबिनेट ने लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड अथवा मतदाता पहचान पत्र से उम्र और पहचान ...शेष पृष्ठ 10 पर



- ○ युवाओं के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने का प्रस्ताव मंजूर
- ○ 7,968.30 करोड़ की झांसी लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना को मंजूरी
- ○ यूपी में होगा 2,606 करोड़ रुपये का नया औद्योगिक निवेश
- ○ 8 मेगा औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने की मंजूरी
- ○ रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी 250 नई इलेक्ट्रिक बसें
- ○ मैनपुरी में विकसित होगा मयंक ऋषि पक्षी विहार
- ○ एमबीबीएस-बीडीएस इंटर्नशिप भत्ता 12 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये
- ○ कोर्ट मैनेजर्स के लिए नई नियमावली को कैबिनेट मंजूरी
- ○ सुल्तानपुर में 272 करोड़ से बनेगा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर
- ○ भरण-पोषण न करने या दुर्व्यवहार पर बुर्जुर्गों को मिला कानूनी अधिकार

## जेपीएनआईसी को हरी झंडी दो साल में शुरू होगा संचालन

लखनऊ। नौ साल से जांच से घिरे सपा सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) के संचालन का रास्ता साफ हो गया है इसके सम्बंध में लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से तैयार कराये गये प्रस्ताव पर मंगलवार को कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इसके तहत जेपीएनआईसी को संचालन के लिए निजी कंपनी/कंसोर्टियम को 35 वर्षों की लीज पर दिया जाएगा। इसके लिए ओपन बिड के माध्यम से वृंदावन बॉटलर्स एंड रॉकवुड होटल्स के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। जेपीएनआईसी में वर्तमान में इंटीरियर, इलेक्ट्रिकल एवं फायर उपकरण सहित विभिन्न अवशेष कार्यों को पूर्ण कराने में 200 से 250 करोड़ रुपये की लागत अनुमानित है। अनुबंध के अनुसार चयनित कंसोर्टियम को अपने खर्च से 02 वर्ष के अंदर सभी अवशेष कार्य पूर्ण कराकर जेपीएनआईसी का संचालन शुरू करना होगा। इतना ही नहीं, कंसोर्टियम को अनुबंध की शर्तों के तहत 25 करोड़ रुपये की परफॉर्मेंस गारंटी प्राधिकरण में जमा करनी होगी। वहीं, स्वीकृति पत्र प्राप्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वृद्ध माता-पिता की अनदेखी की तो संपत्ति से होंगे बेदखल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अब वृद्ध माता-पिता की देखभाल नहीं करने या उनके साथ दुर्व्यवहार करने वाली संतान और आश्रित रिश्तेदारों को बुजुर्ग अपनी संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे। योगी कैबिनेट ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए ह्यउत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नियमावली के नियम 22 में 22क, 22ख और 22ग जोड़े जाएंगे। नए प्रावधानों के तहत यदि कोई वरिष्ठ नागरिक अपनी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## हरिद्वार तक विस्तारित होगा गंगा एक्सप्रेसवे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क के विस्तार और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तारित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण 6 लेन में किया जाएगा, जिसे भविष्य में 8 लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा।

हरिद्वार तक गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार के लिए राज्य सरकार पर संभावित 10,761 करोड़ रुपये का व्यय-भार आएगा। परियोजना में केंद्र सरकार की किसी प्रकार की वित्तीय भागीदारी अपेक्षित अथवा प्रस्तावित नहीं है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद परियोजना की डीपीआर तैयार करने सहित आगे की आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उत्तराखंड सीमा से लगे बिजनौर जिले से हरिद्वार जाने के लिए वर्तमान में प्रमुख रूप से एनएच-34 (मेरठ-बिजनौर-हरिद्वार राष्ट्रीय मार्ग) की सुविधा उपलब्ध है। गंगा एक्सप्रेसवे के हरिद्वार तक विस्तार से बिजनौर को हरिद्वार से बेहतर और तेज कनेक्टिविटी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## हिजाब इस्लामिक आस्था का आवश्यक हिस्सा नहीं : कोर्ट

### छात्रा को स्कूल में हिजाब पहनने की नहीं मिली अनुमति

विशेष संवाददाता

लखनऊ/प्रयागराज। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने की तैयारी में है, जिसमें एक छात्रा को स्कूल की निर्धारित वर्दी के साथ हिजाब या सिर पर स्कार्फ पहनने की अनुमति देने की अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी गई थी।

याचिकाकर्ता प्रयागराज के अतरसुइया स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा है और इसी विद्यालय में वह 11 वीं कक्षा में नामांकन ले रही है। टैगोर पब्लिक स्कूल की यह नाबालिग छात्रा सुकैना रिजवी ने अपनी मां के जरिये यह याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर एवं न्यायमूर्ति इंद्रजीत




शुक्ला की दो सदस्यीय पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता यह साबित नहीं कर सकी कि सिर ढकना इस्लाम की ऐसी आवश्यक धार्मिक प्रथा है, जिसके पालन के बिना उसकी आस्था खतरे में पड़ जाएगी। पीठ ने कहा हमने याचिकाकर्ता से जुड़ी विभिन्न कक्षाओं की तस्वीरें देखी हैं और केवल उसे छोड़कर किसी भी छात्रा ने हिजाब नहीं पहना है। यहां तक कि जिस धार्मिक समुदाय से वह ...शेष पृष्ठ 10 पर

## हाईकोर्ट ने 50 सहायक प्रबंधकों की सेवा समाप्ति का आदेश किया रद्द

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक में वर्ष 2016 में नियुक्त 50 सहायक प्रबंधकों की सेवा समाप्ति के आदेश रद्द कर दिए हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने मनीष कुमार व 47 अन्य की ओर से दाखिल अलग अलग रिट याचिकाएं स्वीकार करते हुए किया। कोर्ट ने 7 जून 2019 समेत सेवा समाप्ति से जुड़े आदेशों को निरस्त कर दिया तथा याचिकाकताओं को पूर्व पदों पर फिर से कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति देने का निर्देश दिया। हालांकि, सेवा समाप्ति की तारीख से फैसले तक की अवधि को नो वर्क, नो पे माना जाएगा। मामला 2015 में शुरू हुई सहायक प्रबंधकों की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ा था। भर्ती ...शेष पृष्ठ 10 पर

## धामी कैबिनेट ने 17 प्रस्तावों को दी मंजूरी

### अग्निवीरों के पुनर्वास और कर्मचारी हितों पर बड़ा कदम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने युवाओं, कर्मचारियों, ऊर्जा और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कई अहम मुद्दों महत्वपूर्ण निर्णय लिये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 17 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में सैन्य सेवा पूरी कर प्रदेश लौटने वाले अग्निवीरों के लिए विशेष तंत्र विकसित करने, 1320 मेगावाट की विद्युत परियोजना, नई सहकारिता नीति और उपनल कर्मियों के वेतन से संबंधित प्रस्ताव प्रमुख रहे।

कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने बताया कि अग्निवीरों को सेवा समाप्त होने के बाद रोजगार की




मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार अलग प्रकोष्ठ स्थापित करेगी। अग्निवीर प्रकोष्ठ में एक उपनिदेशक समेत छह पद होंगे। यह प्रकोष्ठ पूर्व अग्निवीरों की सैन्य सेवा के दौरान अर्जित कौशल और योग्यता को ध्यान में रखते हुए रोजगार, स्वरोजगार तथा अन्य अवसरों से जोड़ने में सहयोग करेगा। ऊर्जा क्षेत्र में कैबिनेट ने दीर्घकालिक बिजली आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 1320 मेगावाट क्षमता के ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- ○ मैनपुरी में विकसित होगा मयंक ऋषि पक्षी विहार (पृष्ठ-02)
- ○ रोडवेज में शामिल होंगी 250 नयी इलेक्ट्रिक बसें (पृष्ठ-02)
- ○ रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ 95.46 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- ○ सोने की कीमतों में लगातार चौथे दिन तेज़ी (पृष्ठ-10)
- ○ भारत ने एलपीजी, एलएनजी की खरीद बढ़ाई (पृष्ठ-10)


विशेष खबर

### बाढ़ प्रभावित 16 जिलों में राहत, 14,628 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

# प्रदेश में बाढ़-बारिश का कहर, बचाव कार्य जारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बाढ़ की स्थिति के बीच योगी सरकार ने राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है। प्रदेश के 16 जिले वर्तमान में बाढ़ से प्रभावित हैं। सरकार के मुताबिक अब तक 14,628 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और बाढ़ से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

राहत आयुक्त कार्यालय की मंगलवार की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में करीब 1.44 लाख आबादी प्रभावित है, जबकि अब तक कुल प्रभावित आबादी का आंकड़ा 2.19 लाख से अधिक रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के लिए 1,618 बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 810 मेडिकल टीमें गठित की गई हैं, जिनमें से 127 टीमें मंगलवार को प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रही हैं। प्रशासन ने



प्रदेश में अब तक 1,281 बाढ़ शरणालय स्थापित किए हैं। इनमें से 75 शरणालय वर्तमान में संचालित हैं और 2,240 लोग इन आश्रय स्थलों में रह रहे हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ उनके लिए भोजन और जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था भी की जा रही है। मंगलवार को 4,819 खाद्य पैकेट और 14,962 लंच पैकेट वितरित किए गए। अब तक 39,321 खाद्य पैकेट और 2.04 लाख से अधिक लंच पैकेट बांटे जा चुके हैं। बाढ़ के दौरान जलजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। मंगलवार को 7,882 क्लोरीन टैबलेट और 2,270 ओआरएस वितरित किए गए। अब तक 1,07,347 क्लोरीन टैबलेट और 45,338 ओआरएस उपलब्ध कराए जा चुके हैं। प्रभावित परिवारों के पशुओं के लिए भी राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। मंगलवार को 1,282.15 क्विंटल भूसा वितरित किया गया। अब तक 2,345 क्विंटल से अधिक भूसा पशुओं के लिए उपलब्ध कराया जा चुका है। जलभराव वाले क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य के लिए 536 नाव एवं मोटरबोट वर्तमान में इस्तेमाल की जा रही हैं। अब तक कुल 1,028 ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लखनऊ के अधिवक्ताओं को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं

### चैम्बर तोड़ने के फैसले में कोई बदलाव नहीं

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ जिला न्यायालय के आसपास बने वकीलों के 12 अवैध चैंबरों को हटाने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि वकील या बार एसोसिएशन का पदाधिकारी होने के आधार पर किसी अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं दिया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायालय परिसर और सार्वजनिक रास्ते अतिक्रमण से मुक्त होने चाहिए। हाईकोर्ट ने पहले करीब 72 कब्जेदारों को नोटिस देकर अपना पक्ष रखने का मौका देने का आदेश दिया था। मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ ने याचिकाकताओं से पूछा कि आखिर ये निर्माण कहां स्थित हैं और मुख्य सड़क पर ऐसे ढांचे कैसे खड़े कर दिए गए? उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण को इस आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता कि संबंधित व्यक्ति बार एसोसिएशन का अध्यक्ष या पदाधिकारी है। कोर्ट ने स्पष्ट टिप्पणी की कि पहले ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# यूपी में होगा 2,606 करोड़ रुपये का नया औद्योगिक निवेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश में बड़े औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने तीन प्रमुख औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में कुल 2,606.04 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है।




कैबिनेट की मंजूरी पाने वाली परियोजनाओं में मेसर्स एग्रिस्टो मासा प्राइवेट लिमिटेड की बिजनौर में, मेसर्स कैनपैक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की उन्नाव में और मेसर्स सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की कानपुर देहात में परियोजना शामिल है। इन परियोजनाओं में एफडीआई/एफसीआई तथा अन्य पात्र श्रेणियों के अंतर्गत नीति आधारित प्रोत्साहन के रूप में लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा। कैनपैक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उन्नाव में एल्युमिनियम बेवरेज कैन के विनिर्माण की इकाई स्थापित की जाएगी। परियोजना के लिए 1,573.62 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। यह इकाई यूपीडा के आईएमएलसी इंडस्ट्रियल कॉरिडोर क्षेत्र में करीब 26 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित की जाएगी। परियोजना की अनुमानित वार्षिक उत्पादन क्षमता 130 करोड़ यूनिट होगी। एग्रिस्टो मासा प्राइवेट लिमिटेड अपनी मौजूदा आलू फ्लेक्स उत्पादन गतिविधियों का विस्तार करते हुए फ्रेंच फ्राइज के उत्पादन में प्रवेश करेगी। कंपनी की वर्तमान उत्पादन क्षमता लगभग 7,332 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है, जबकि प्रस्तावित फ्रेंच फ्राइज इकाई की अधिकतम स्थापित क्षमता 75,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष होगी।

इस परियोजना में 794.27 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा कानपुर देहात में 238.15 करोड़ रुपये के निवेश से वैल्यू एडेड प्लास्टिक बिल्डिंग सॉल्यूशन उत्पादों का विनिर्माण किया जाएगा। वर्ष 1942 में स्थापित सुप्रीम इंडस्ट्रीज भारत के प्रमुख प्लास्टिक प्रोसेसिंग समूहों में शामिल है। कंपनी देशभर में आधुनिक तकनीक और उन्नत विनिर्माण सुविधाओं से युक्त 28 संयंत्र संचालित करती है। तीनों परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से प्रदेश में विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती मिलने के साथ निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। बिजनौर, उन्नाव और कानपुर देहात में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। इस निर्णय से उत्तर प्रदेश में एफडीआई, विनिर्माण और वैल्यू एडेड इंडस्ट्री को बढ़ावा देने तथा प्रदेश को एक प्रमुख औद्योगिक निवेश गंतव्य के रूप में और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## युवाओं के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने का प्रस्ताव मंजूर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक में प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। योगी सरकार ने टेंडर प्रक्रिया में चयनित संस्थाओं को क्रय आदेश जारी किए जाने की मंजूरी देकर प्रदेश के युवाओं को डिजिटल संसाधनों से जोड़ने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ये टैबलेट पात्र युवाओं को निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। गौरतलब है कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना 5 वर्ष के लिए लागू है। योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए आधुनिक टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इसके लिए 2,374.60 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। खास बात यह है कि इस योजना से केंद्र सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं पड़ेगा। योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास समेत विभिन्न शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अध्ययनरत पात्र युवाओं को निशुल्क टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम को डिजिटल माध्यम से बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगे और तकनीक आधारित अध्ययन की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। टैबलेट मिलने से युवाओं को सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं, ऑनलाइन प्रशिक्षण, रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ी सेवाओं तक पहुंच बनाने में भी मदद मिलेगी। योगी सरकार का उद्देश्य केवल युवाओं को उपकरण उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ना है।

## झांसी लिंक एक्सप्रेसवे से बीडा व डिफेंस कॉरिडोर को मिलेगी कनेक्टिविटी

झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र, डिफेंस कॉरिडोर और जनपद झांसी के आसपास के महत्वपूर्ण स्थलों तक बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। एक्सप्रेसवे के माध्यम से प्रदेश एवं देश के अन्य क्षेत्रों से इन स्थानों तक सुरक्षित और द्रुतगति यातायात आवागमन की सुविधा मिलेगी। परियोजना के निर्माण की अनुमानित लागत 7,968.30 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। निर्माण कार्य के लिए होने वाला संभावित पूरा व्यय भार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से इस परियोजना में किसी प्रकार की वित्तीय भागीदारी अपेक्षित अथवा प्रस्तावित नहीं है। परियोजना को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद यथाशीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। सरकार का लक्ष्य परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना है, जिससे क्षेत्र को जल्द बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिल सके। झांसी लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण बीडा और डिफेंस कॉरिडोर के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से औद्योगिक गतिविधियों, निवेश और कारोबार को बढ़ावा मिलने की संभावना है। परियोजना के निर्माण और इसके बाद बढ़ने वाली आर्थिक गतिविधियों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होने की उम्मीद है।

## 8 मेगा औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने की मंजूरी

औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत आठ मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किए जाने की संस्तुति को मंजूरी प्रदान कर दी है। इन इकाइयों को नीति के तहत नेट एसजीएसटी और पूंजीगत सब्सिडी जैसे प्रोत्साहनों का लाभ मिलेगा। उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति (एचएलईसी) की 4 मई 2026 को हुई बैठक में इन औद्योगिक इकाइयों के प्रस्तावों पर विचार कर कैबिनेट से अनुमोदन की संस्तुति की गई थी। इन इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जाने की मंजूरी दे दी है। मंजूरी पाने वाली औद्योगिक इकाइयों में सूर्या ग्लोबल सुपर फ्लैक्सीफिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गौतमबुद्ध नगर में 605.37 करोड़ रुपये, शाल्विस स्पेशियलिटीज लिमिटेड द्वारा हमीरपुर में 297.30 करोड़ रुपये और साउंड कास्टिंग्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हाथरस में 225 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं को उनकी पात्रता के अनुसार नेट एसजीएसटी और पूंजीगत सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इस निर्णय से गौतमबुद्ध नगर, लखीमपुर खीरी, मथुरा और उन्नाव जैसे जिलों में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर आर्थिक अवसर बढ़ने की उम्मीद है।

## रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी 250 नयी इलेक्ट्रिक बसें

प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में 250 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इन बसों की खरीद के लिए सरकार ने 400 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। प्रस्ताव के अनुसार 50 सीटर 100 बसें और 41 सीटर 150 बसें खरीदी जाएंगी। इन 250 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर करीब 425.50 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। सरकार की ओर से दिए जाने वाले 400 करोड़ रुपये के अलावा करीब 25.50 करोड़ रुपये का खर्च उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अपने संसाधनों से वहन करेगा। ई-बसों के बेड़े के विस्तार से दिल्ली-एनसीआर में सार्वजनिक परिवहन को पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप बनाने में मदद मिलेगी। सीपीक्यूएम के निदेशों के अनुसार 1 नवंबर 2026 से दिल्ली में सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश से दिल्ली आने-जाने वाली रोडवेज बसों के लिए इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नई इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के बीच सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## सुल्तानपुर में होगा आईएमएलसी का विकास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने औद्योगिक कॉरिडोर योजना के अंतर्गत जनपद सुल्तानपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (आईएमएलसी) की स्थापना के लिए अवस्थापना विकास के निर्माण कार्यों से संबंधित परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सन्निकट विकसित किए जाने वाले इस औद्योगिक क्लस्टर के लिए 27225.33 लाख रुपये यानी लगभग 272.25 करोड़ रुपये की लागत अनुमोदित की गई है। निर्माण कार्य में होने वाला संभावित व्यय-भार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। परियोजना में केंद्र सरकार की किसी प्रकार की वित्तीय भागीदारी अपेक्षित अथवा प्रस्तावित नहीं है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद परियोजना के निर्माण एजेंसी के चयन के लिए ग्लोबल बिड आमंत्रित की जाएगी। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा और परियोजना को समयबद्ध रूप से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। आईएमएलसी के विकास से सुल्तानपुर में उद्योगों की स्थापना, निवेश और विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के समीप होने के कारण क्लस्टर को बेहतर कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## 60 साल की महिलाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा

उत्तर प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए योगी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सामान्य बसों में 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को निशुल्क यात्रा सुविधा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार के इस फैसले से प्रतिदिन करीब 88,438 महिला यात्रियों को लाभ मिलने का अनुमान है। इससे वरिष्ठ महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन में यात्रा के दौरान आर्थिक राहत मिलेगी और उन्हें आवागमन के लिए अधिक सुविधा एवं स्वतंत्रता भी मिलेगी। निशुल्क यात्रा सुविधा को व्यवस्थित ढंग से लागू करने के लिए परिवहन निगम पात्र महिलाओं को विशेष स्मार्ट कार्ड जारी करेगा। स्मार्ट कार्ड के माध्यम से महिला यात्रियों की पात्रता की पहचान और निशुल्क यात्रा की व्यवस्था को सुगम बनाया जाएगा। इस योजना के लागू होने से प्रदेश सरकार पर हर महीने करीब 22.55 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

## एमबीबीएस-बीडीएस इंटर्नशिप भत्ता 25 हजार रुपये

प्रदेश के राजकीय मेडिकल कालेजों, संस्थानों और चिकित्सा विश्वविद्यालयों से एमबीबीएस व बीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर रोटेटिंग इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को अब हर माह 12 हजार के बजाय 25 हजार रुपये इंटर्नशिप भत्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में भत्ता बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। गौरतलब है कि योगी सरकार ने इससे पहले भी 2021 में यह भत्ता 7500 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपये किया था। अभी इंटर्नशिप के दौरान मेडिकल छात्रों को 12 हजार रुपये प्रतिमाह बतौर भत्ता मिलता है। कैबिनेट ने यह राशि दोगुने से ज्यादा बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी देकर इन छात्रों को आर्थिक राहत दी है। इससे प्रदेश के सरकारी चिकित्सा संस्थानों में प्रशिक्षण लेने वाले एमबीबीएस और बीडीएस इंटर्न को प्रोत्साहन मिलेगा।

## मैनपुरी में विकसित होगा मयंक ऋषि पक्षी विहार

योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक में प्राकृतिक और पर्यावरणीय स्थलों को पर्यटन की नई पहचान देने की दिशा में समान पक्षी विहार के निकट पर्यटन विकास के लिए 6 हेक्टेयर ग्रामसभा भूमि पर्यटन विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने को मंजूरी मिली है, यह स्थल मयंक ऋषि पक्षी विहार के नाम से जाना जाएगा। इस फैसले से पर्यटन सुविधाओं से जोड़ने और देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने का रास्ता साफ होगा। मैनपुरी स्थित समान पक्षी विहार उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण वेटलैंड और रामसर साइट है। यह बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का प्रमुख आश्रय स्थल है। विशेष रूप से गंगा के मैदानी क्षेत्र में स्थित यह मौसमी झील पक्षी प्रेमियों, प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि समान पक्षी विहार में देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही विदेश से भी अनेक प्रजातियों के पक्षी प्रवास के दौरान पहुंचते हैं। उत्तर प्रदेश में चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार, सैंडी पक्षी विहार, हरदोई, बखिरा पक्षी विहार, संत कबीरनगर, विजय सागर पक्षी विहार, महोबा, लाख बहोसी पक्षी विहार, हमीरपुर, समसरोवर पक्षी विहार, आगरा सहित कई महत्वपूर्ण पक्षी विहार हैं। इन स्थलों पर बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी विशेष रूप से शरद ऋतु में पहुंचते हैं। समान पक्षी विहार की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता इसे बर्ड वॉचिंग, फोटोग्राफी और प्रकृति पर्यटन के लिए आदर्श स्थल बनाती है। यहां नाव से पक्षियों को नजदीक से देखने और वॉच टावर के माध्यम से पक्षियों का अवलोकन करने की संभावनाएं भी हैं।




## छात्रवृत्ति से वंचित 2.76 लाख छात्रों को मिलेगा एक और मौका

वित्तीय वर्ष 2025-26 में तकनीकी और प्रक्रियागत कारणों से छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित रह गए पात्र छात्रों को योगी सरकार ने बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में विशेष मामले के रूप में छात्रवृत्ति पोर्टल दोबारा खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस निर्णय से समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभागों से संबंधित विभिन्न पात्र वर्गों के 2,76,057 छात्र लाभान्वित होंगे। इनके लिए कुल 551 करोड़ 85 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें सामान्य वर्ग के 51,078 छात्रों के लिए 163.42 करोड़ रुपये, अनुसूचित जाति के 64,971 छात्रों के लिए 58.17 करोड़ रुपये, अनुसूचित जनजाति के 5,192 छात्रों के लिए 9.21 करोड़ रुपये तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 1,36,136 छात्रों के लिए 300 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं अल्पसंख्यक वर्ग के 18,680 छात्रों को 21.05 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत कई पात्र छात्रों की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। कुछ मामलों में शिक्षण संस्थानों की ओर से आवेदन अग्रसारित नहीं किए गए, जबकि कई आवेदन में कमियां और तकनीकी समस्याएं थीं। इसके अलावा पीएफएमएस स्तर पर भुगतान नहीं होने, परीक्षा परिणाम समय से घोषित न होने, जनपद स्तरीय समिति में आवेदन लंबित रहने और फीस जमा न होने जैसे कारणों से भी छात्र लाभ से वंचित रह गए। कैबिनेट ने अब ऐसे सभी पात्र छात्रों को राहत देने के लिए एक बार फिर छात्रवृत्ति पोर्टल खोलने का निर्णय लिया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट से 551.85 करोड़ रुपये खर्च करने की अनुमति भी प्रदान की गई है। सरकार का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र छात्र केवल तकनीकी या प्रक्रियागत कारणों से छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लाभ से वंचित न रहे।

## कोर्ट मैनेजर्स के लिए नयी नियमावली को कैबिनेट मंजूरी

न्यायालयों के प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में योगी सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक में इलाहाबाद हाईकोर्ट और प्रदेश के जनपदीय न्यायालयों में कार्यरत कोर्ट मैनेजर्स की सेवा व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए ह्यद इलाहाबाद हाईकोर्ट (कोर्ट मैनेजर्स सेंट्रलाइज्ड सर्विस) रूल्स, 2026 के मसौदे को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में कोर्ट मैनेजर्स को एक अधिक सुसंगठित, स्पष्ट और संस्थागत सेवा ढांचा मिल सकेगा। इससे न्यायालयों के प्रशासनिक कामकाज को गति देने और न्यायिक संस्थानों के प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। यह नियमावली सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 16 मई, 2025 को कोर्ट मैनेजर्स के संबंध में दिए गए निदेशों के अनुपालन में तैयार की गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निदेशों एवं निष्कर्षों के आधार पर नियमावली का मसौदा तैयार कर राज्य सरकार को उपलब्ध कराया गया था, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है।

**81 कोर्ट मैनेजर्स की होगी तैनाती, वेतनमान निर्धारित :** नई व्यवस्था के तहत इलाहाबाद हाईकोर्ट तथा प्रदेश के जनपदीय न्यायालयों में कुल 81 कोर्ट मैनेजर्स की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही उनके वेतन एवं सेवा संबंधी ढांचे को भी पुनरीक्षित किया गया है। कोर्ट मैनेजर्स का वेतनमान 56,100 से 1,77,500 तक निर्धारित किया गया है।

**प्रशासनिक कामकाज को मिलेगा पेशेवर स्वरूप :** कोर्ट मैनेजर्स न्यायालयों के प्रशासनिक और प्रबंधकीय कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इनके माध्यम से न्यायालयों में मानव संसाधन, आधारभूत सुविधाओं, केस-फ्लो मैनेजमेंट, प्रशासनिक समन्वय और अन्य प्रबंधकीय कार्यों की निगरानी एवं बेहतर संचालन में सहायता मिलेगी। इससे न्यायिक अधिकारियों और न्यायाधीशों को प्रशासनिक दायित्वों के भार में राहत मिलेगी। योगी सरकार का यह निर्णय प्रदेश में न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ कोर्ट मैनेजमेंट को अधिक आधुनिक व परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सेवा नियम स्पष्ट होने से कोर्ट मैनेजर्स की जिम्मेदारियों और सेवा शर्तों में भी एकरूपता आएगी। सरकार के इस फैसले से न केवल सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित होगा, बल्कि हाईकोर्ट और जिला न्यायालयों के प्रशासनिक कामकाज में भी बेहतर समन्वय और दक्षता आने की उम्मीद है। इसका प्रत्यक्ष लाभ न्यायालयों में आने वाले वादकारियों और आम नागरिकों को भी मिल सकेगा। नई नियमावली लागू करने से राज्य सरकार पर लगभग 3.97 करोड़ रुपये का वार्षिक अतिरिक्त व्यय भार आने का अनुमान है। सरकार द्वारा इस वित्तीय भार को स्वीकार करते हुए कोर्ट मैनेजर व्यवस्था को संस्थागत रूप देने का निर्णय न्यायालयों के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## बढ़ती महंगाई के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : अखिलेश

- सपा अध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती पर श्रद्धासुमन किया अर्पित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में मंगलवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती मनायी गयी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीपी मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पिछड़े और वंचित वर्गो के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए मंडल के योगदान को याद किया।

इस अवसर पर उपस्थित पार्टी, नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण के लिए खतरा है। भाजपा पीडीए (पीड़ित, दुःखी, अपमानित) लोगों का हक छीन रही है। भाजपा की लूट को सब समझ चुके हैं। भाजपा गैंग की तरह काम कर रही है। ये सब कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में लगे हैं। भाजपा के करीबी उद्योगपति मुनाफा कमा रहे है। मुनाफाखोरी के कारण महंगाई बढ़ती जा रही है। त्यौहार आने वाले हैं। चीनी, तेल से लेकर खाने-पीने की सब चीजों के दाम बढ़ गये हैं। कालाबाजारी और मुनाफाखोरी करके गरीबों और मध्यम वर्ग को लूटा जा रहा है। उनकी जेब काटी जा रही है। बढ़ती महंगाई के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा किसी की सगी नहीं है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बर्बाद है। प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अपराधियों को सत्ता का संरक्षण है। निर्दोषों को सताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की चालबाजी समझ चुकी है। इस बार भाजपा की कोई चालाकी नहीं चलेगी।

# यात्री राहत योजना बनी दुर्घटना पीड़ितों का सहारा

## बस हादसों में पीड़ितों का सहारा बनी योगी सरकार की यात्री राहत योजना, 9 साल में 17.33 करोड़ की मदद

विशेष संवाददाता (vol)



- योगी सरकार ने नौ वर्षों में 17.33 करोड़ रुपये की सहायता दी
- मृतकों के आश्रितों और घायलों को मिला लाभ, अब राहगीरों को भी मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों से होने वाली दुर्घटनाओं में यात्रियों और अन्य प्रभावित लोगों को आर्थिक सहारा देने के लिए संचालित यात्री राहत एवं सुरक्षा योजना पीड़ित परिवारों के लिए बड़ी मदद का माध्यम बनी है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2025-26 के बीच मृत्यु और घायल होने के कुल 342 मामलों में 17.33 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता दी गई है।

योजना के तहत वर्ष 2017 से पहले उपलब्ध दो वर्षों 2015-16 और 2016-17 में मृत्यु के आठ मामलों में 40 लाख रुपये की सहायता दी गई थी। इसके बाद वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक नौ वर्षों में मृत्यु के 322 मामलों में करीब 17.08 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। वहीं घायल यात्रियों के 20 मामलों में 24.37 लाख रुपये की सहायता दी गई। वर्ष 2017-18 से 2025-26 के दौरान मृतकों के आश्रितों को लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इस अवधि में सबसे अधिक वर्ष 2019-20 में 78 मृत्यु मामलों में करीब 3.68 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। वर्ष 2021-22 में 48 मामलों में लगभग 2.37 करोड़ रुपये, 2017-18 में 42 मामलों में करीब 2.10 करोड़ रुपये, 2023-24 में 32 मामलों में 1.85 करोड़ रुपये और 2025-26 में 27 मामलों में 1.97 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। परिवहन निगम के अधिकारियों के अनुसार सड़क दुर्घटना में जान गंवाने या घायल होने वाले लोगों और उनके परिवारों को तत्काल आर्थिक राहत उपलब्ध कराने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चालकों, कर्मचारियों और बसों के बेड़े की नियमित निगरानी की जा रही है। योजना के नए प्रावधानों में दुर्घटना में मृत्यु होने पर राहत राशि बढ़ाई गई है। वयस्क यात्री की मृत्यु पर 7.50 लाख रुपये, आधा टिकट लेने वाले बच्चे की मृत्यु पर 3.75 लाख रुपये और परिवहन निगम के नियमों के तहत निशुल्क यात्रा करने वाले छोटे बच्चे की मृत्यु पर करीब 1.87 लाख रुपये की सहायता निर्धारित की गई है। इससे दुर्घटना में परिवार के कमाने वाले सदस्य की मृत्यु होने पर आश्रितों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। बस दुर्घटना में घायल होने वाले यात्रियों के लिए भी योजना में आर्थिक सहायता का प्रावधान है। सामान्य रूप से घायल होने पर उपचार के लिए 10 हजार रुपये तक और गंभीर रूप से घायल होने पर 25 हजार रुपये तक की अग्रिम सहायता संबंधित अधिकारी द्वारा दी जा सकती है। यदि प्रारंभिक सहायता के बाद उपचार पर अधिक खर्च आता है तो चिकित्सकीय उपचार के प्रमाणित बिल और संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से जारी स्वास्थ्य लाभ प्रमाणपत्र के आधार पर आगे की सहायता की प्रक्रिया पूरी की जाती है। योजना के मूल प्रावधानों के तहत सामान्य चोट के लिए अधिकतम 25 हजार रुपये, गंभीर चोट के लिए एक लाख रुपये और अति गंभीर चोट अथवा शरीर के 50 प्रतिशत से अधिक जलने जैसी स्थिति में 2.50 लाख रुपये तक सहायता का प्रावधान है। यात्री राहत योजना का दायरा अप्रैल 2026 में और बढ़ाया गया है। अब ऐसे राहगीर या अन्य व्यक्ति, जो निगम की बस में यात्रा नहीं कर रहे हों, लेकिन निगम अथवा अनुबंधित बस की दुर्घटना में घायल या मृत हो जाते हैं, उन्हें भी योजना के दायरे में शामिल किया गया है। ऐसे व्यक्ति की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये तक और गंभीर रूप से घायल होने पर 2.50 लाख रुपये तक सहायता का प्रावधान किया गया है। हालांकि, पुलिस रिपोर्ट और परिवहन निगम के जांच अधिकारी की रिपोर्ट में यदि दुर्घटना के लिए संबंधित व्यक्ति की लापरवाही सामने आती है तो योजना के तहत आर्थिक सहायता नहीं दी जाएगी। सरकार और परिवहन निगम का कहना है कि योजना का उद्देश्य दुर्घटना के बाद पीड़ितों और उनके परिवारों को तत्काल आर्थिक सहारा उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए दुर्घटनाओं की संख्या कम करने पर भी लगातार जोर दिया जा रहा है।

# लखनऊ-हरदोई में 1000 एकड़ में बनेगा पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क

- एक लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लखनऊ-हरदोई सीमा पर 1000 एकड़ यानी 404.69 हेक्टेयर भूमि पर पीएम मित्र मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं परिधान पार्क के विकसित करने से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। पार्क का विकास पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (ढढढ) मॉडल पर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने पीपीपीएसी और प्री-बिड बैठकों में मिले सुझावों को शामिल करते हुए मास्टर डेवलपर के चयन के लिए संशोधित आरएफपी और ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट को भी मंजूरी प्रदान की है।

प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5एफ विजन—फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन—को साकार करने की दिशा में पीएम मित्र पार्क महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना से करीब एक लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। पार्क के निर्माण से लखनऊ-हरदोई क्षेत्र में औद्योगिक विकास के साथ निवेश और व्यापार को भी गति मिलने की उम्मीद है। प्रमुख सचिव अनिल सागर ने बताया कि देशभर में सात मेगा वस्त्र एवं परिधान पार्क विकसित किए जाने की योजना के तहत उत्तर प्रदेश में इस पार्क की स्थापना की जा रही है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लिमिटेड नाम से स्पेशल पर्पज व्हीकल का गठन किया जा चुका है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार की 51 प्रतिशत और भारत सरकार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना पर जल निगम के एमडी डॉ. राज शेखर सशर्त तलब

विधि संवाददाता।

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मृतक कर्मचारी की विभागीय अपील पर निर्णय लेने के अपने आदेश का समय से अनुपालन नहीं किए जाने पर उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक डॉ. राज शेखर सिंह के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 25 सितंबर को सशर्त तलब करते हुए पूछा है कि आठ मई 2026 के आदेश की जानबूझकर अवहेलना के लिए उनके खिलाफ अवमानना अधिनियम के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए। न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया ने यह आदेश संगीता रानी की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर दिया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि आठ मई के आदेश का पहले ही अनुपालन हो चुका है तो सक्षम प्राधिकारी अगली सुनवाई से पहले अनुपालन शपथपत्र दाखिल कर सकता है। ऐसी स्थिति में प्रबंध निदेशक को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि आदेश का समय से अनुपालन नहीं हुआ है तो संबंधित अधिकारी को आदेश की जानकारी मिलने के दो सप्ताह के भीतर उसका अनुपालन करना होगा। साथ ही आवेदक को 5000 रुपये अपनी ओर से क्षतिपूर्ति के रूप में देने होंगे। यह राशि राज्य निधि से नहीं दी जाएगी। भुगतान का प्रमाण शपथपत्र के साथ दाखिल करने पर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मिल सकती है। दरअसल, आठ मई 2026 को कोर्ट ने मृत कर्मचारी की डेथ-कम-रिटायरमेंट ग्रेच्युटी की पूरी राशि जारी करने और देय तिथि से वास्तविक भुगतान तक 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दिए जाने की मांग वाली याचिका का निस्तारण किया था। कोर्ट ने याचिकाकताओं को कर्मचारी की कथित विभागीय अपील की प्रति के साथ जल निगम के प्रबंध निदेशक के समक्ष प्रत्यावेदन देने की छूट दी थी। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि प्रत्यावेदन प्राप्त होने के तीन सप्ताह के भीतर विभागीय अपील पर कारणयुक्त एवं स्पष्ट आदेश पारित किया जाए और इसकी सूचना याचिकाकताओं को दी जाए। याचिकाकर्ता संगीता रानी का आरोप है कि निर्धारित अवधि बीत जाने के बावजूद आदेश का अनुपालन नहीं किया गया, जिसके कारण उन्हें अवमानना याचिका दाखिल करनी पड़ी। कोर्ट ने 5000 रुपये के हजार्ने को दंडात्मक नहीं बल्कि क्षतिपूरक बताते हुए कहा कि आदेश का समय पर अनुपालन नहीं होने के कारण आवेदक को अवमानना याचिका दाखिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# साक्षर भारत योजना के प्रेरकों के 398 करोड़ के बकाया मानदेय भुगतान को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने साक्षर भारत योजना के तहत काम कर चुके शिक्षा प्रेरकों और जिला व ब्लॉक समन्वयकों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 398.18 करोड़ रुपये के बकाया मानदेय के भुगतान से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इस फैसले से प्रदेश के 95 हजार से अधिक प्रेरकों और समन्वयकों को लाभ मिलेगा। केंद्र प्रायोजित साक्षर भारत योजना 31 मार्च 2018 को समाप्त हो गई थी। योजना के तहत प्रदेश में 256 जिला समन्वयक, 746 ब्लॉक समन्वयक और 94,360 शिक्षा प्रेरक कार्यरत थे। इनका मानदेय लंबे समय से बकाया था। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार शिक्षा से जुड़े हर वर्ग के हितों के प्रति संवेदनशील है। साक्षर भारत योजना के तहत कार्य करने वाले प्रेरकों और समन्वयकों ने प्रदेश में साक्षरता अभियान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कैबिनेट का फैसला उनके हित में न्याय और सम्मान सुनिश्चित करने वाला है।

# राजनन्दिनी ने अपनी टीम के साथ जीती नेशनल मूटकोर्ट प्रतियोगिता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वनस्थली विद्यापीठ में कानून की पढ़ायी कर रही लखनऊ की राजनन्दिनी तिवारी ने अपनी टीम की सदस्यों चार्वी शर्मा व विशाखा लक्ष्मी ने आयोजित की गयी प्रथम एसजीवीयू रांका नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है।



वनस्थली की इस टीम ने कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी को पराजित कर यह सफलता हासिल की। इस उपलब्धि के लिये प्रथम पुस्कार के रूप में टीम को 21 हजार रुपए नगर, ट्राफी और प्रमाण दिया गया। जबकि दूसरे स्थान पर रही कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम को 11 हजार रुपए के साथ ट्राफी व प्रमाण पत्र दिया गया। इसी तरह बेस्ट मेंटर और रिसर्चर को पांच-पांच हजार रुपए पुरूस्कारस्वरूप प्रदान किये गये। इस प्रतियोगिता में देशभर की प्रमुख संस्थानों में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, जीएमएलयू, सिम्बोसिस लॉ स्कूल पुणे, नेशनल यूनिवर्सिटी आफ स्टडी एण्ड रिसर्च आदि की टीमों ने हिस्सा लिया। स्कूल ऑफ लॉ सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा आयोजित की गयी इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कानून की शिक्षा ले रहे छात्रों को एडवोकेसी डेवलपमेंट स्किल, लीगल रिसर्च एप्टीट्यूड, ड्राफ्टिंग, कोर्टरूम के एटीट्यूड के क्षेत्र में तैयार करना है।

# स्कूल के विद्यार्थियों ने किया विधान भवन का शैक्षिक भ्रमण



**लखनऊ।** एसआरएस मेमोरियल किड्स गार्डन स्कूल, बिधूना (औरैया) के विद्यार्थियों के एक दल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की तथा विधान भवन का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की और लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने के लिए ऐसे शैक्षिक भ्रमणों के महत्व पर प्रकाश डाला। विधान भवन भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा के सदन, विभिन्न महत्वपूर्ण कक्षों तथा परिसर की ऐतिहासिक एवं स्थापत्य विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, सदन में विधायी कार्यों के संचालन, प्रश्नकाल, विभिन्न संसदीय प्रक्रियाओं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधानसभा की भूमिका के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र केवल एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी से मजबूत होता है। विद्यार्थियों को संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं की जानकारी प्रारंभ से होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश के भविष्य के नागरिक और जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता हैं इसलिए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी भी होनी चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष से विभिन्न विषयों पर जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे।

# महंगी चीनी और एथेनॉल पर त्वरित निर्णय ले केंद्र सरकार: अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महंगी चीनी और इथेनॉल मिश्रित ईंधन पर त्वरित निर्णय लेने के संबंध में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र में लिखा है कि विगत 07 जुलाई को आपको इथेनॉल मिश्रित ईंधन की नीति के वैज्ञानिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और उपभोक्ता हित संबंधी प्रश्नों पर विस्तृत पत्र भेजा गया था। उसमें ई20, ई85 और ई100 की नीति की स्वतंत्र समीक्षा उसके आर्थिक प्रभाव तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की मांग की गई थी। साथ ही भारतीय उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में असफल रहने वाले कैबिनेट मंत्रीगण नितिन गडकरी एवं हरदीप सिंह पुरी को भी मंत्रिमण्डल से मुक्त करने का आग्रह किया गया था।

पत्र में आगे लिखा है कि हरदीप सिंह पुरी के मंत्रालय की इथेनॉल नीति का सबसे बड़ा तर्क यही रहा है कि इससे पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता घटेगी और देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। सरकार के अपने आंकड़ों के अनुसार 2024-25 में पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण 19.24 प्रतिशत तक पहुंच चुका था और 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में नीति आगे बढ़ी लेकिन अब 20 अगस्त को सरकार को 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क मुक्त (ड्यूटी फ्री) आयात की अनुमति लगभग एक दशक में पहली बार देनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि चीनी और अन्य खाद्य पदार्थों के मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि के लिए केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी अपनी किसी जिम्मेदारी का परिचय नहीं दिया है। दुर्भाग्य यह है कि वह अब शिक्षा मंत्रालय से संबंधित कार्य भी देखेंगे। उन्होंने कहा है कि सीधा सवाल है कि इथेनॉल नीति से पेट्रोलियम आयात पर विदेशी मुद्रा की बचत का दावा किया जाता है लेकिन यदि घरेलू चीनी की कमी के कारण चीनी का आयात करना पड़े तो उस पर भी विदेशी मुद्रा खर्च होगी इसलिए इथेनॉल, चीनी उत्पादन, घरेलू कीमतों और आयात इन सभी का वास्तविक लेख-जोखा जनता के सामने स्पष्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने अंत में लिखा है कि स्वयं भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने हाल में ई20 के साथ ई10 जैसे कम-मिश्रण वाले ईंधन को फिर से उपलब्ध कराने का सुझाव दिया है, ताकि पुराने वाहनों के मालिकों की चिंता कम हो सके।

अतः जब सरकार का एक वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार स्वयं उपभोक्ता को विकल्प देने की आवश्यकता बता रहा है, तो इस नीति की व्यापक समीक्षा भी होनी चाहिए। अजय राय ने कहा है कि उम्मीद है कि देश में त्योहारों और पर्वों की श्रृंखला शुरू होने वाली है ऐसे में अब इथेनॉल के साथ देश में चीनी के मूल्यों पर भी आपकी सरकार कोई ठोस निर्णय लेगी।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष का आज होगा भव्य स्वागत

## पदाधिकारियों ने स्वागत की तैयारियों को लेकर की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य का प्रथम लखनऊ आगमन 26 अगस्त को हो रहा है, इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश द्वारा दोपहर 01 बजे विश्वश्रैया सभागार (राजभवन के सामने) में राष्ट्रीय अध्यक्ष के भव्य स्वागत एवं अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया है। अमरपाल मौर्य का आगमन स्वर्ण शताब्दी एक्स्प्रेस से नई दिल्ली से लखनऊ चारबाग स्टेशन पर होना है। लखनऊ चारबाग से लेकर विश्वश्रैया प्रेक्षागृह तक रास्ते में जगह-जगह स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम पार्टी द्वारा रखा गया है।



अमरपाल मौर्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद वीवीआईपी गेस्ट हाउस जायेंगे इसके बाद विश्वरैया सभागार पहुंचेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया है। इस संदर्भ में कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने एवं कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल के नेतृत्व में एक तैयारी बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें प्रदेश के पदाधिकारियों, क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्ष व जिले के पदाधिकारियों के साथ व्यवस्था में लगे कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में स्वागत कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अमरपाल मौर्य के नई दिल्ली से लखनऊ तक आगमन के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कई रेलवे स्टेशनों पर स्वागत होते हुए लखनऊ रेलवे स्टेशन (छोटी लाइन) के साथ अन्य स्थानों पर होते हुए भाजपा प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ पर होगा।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अमरपाल मौर्य के प्रथम लखनऊ आगमन को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

बैठक में सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए स्वागत कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करें। बैठक में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रभारी संजय राय, त्रयम्बक त्रिपाठी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री संजय भाई पटेल, विनोद यादव, रामानन्द कटियार, साकेत सिंह 'सोनू', राहुल रस्तोगी, नीरज गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रवीण कुशवाहा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एलडीए में अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हुए बदलाव

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह के कार्यमुक्त होने के बाद विहित प्राधिकारी के कार्यों में संशोधन किया गया है। इसके साथ ही प्राधिकरण के विभिन्न प्रवर्तन जोन में तैनात जोनल अधिकारियों के कार्यक्षेत्र भी पुनर्निर्धारित किए गए हैं। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के नए आदेश के अनुसार ट्रांस गोमती क्षेत्र के विहित प्राधिकारी के रूप में अतुल कुमार, संयुक्त सचिव को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सिस गोमती क्षेत्र के विहित प्राधिकारी विपिन शिवहरे, विहित प्राधिकारी होंगे। दोनों अधिकारियों के बीच लिंक अधिकारी की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई है। वहीं, प्रवर्तन से जुड़े पूर्व में पारित आदेश में संशोधन करते हुए प्राधिकरण के जोन-1 से जोन-7 तक के जोनल अधिकारियों और उनके लिंक अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। आदेश के मुताबिक जोन-1 की जिम्मेदारी रवि नन्दन सिंह, विशेष कार्याधिकारी को दी गई है, जबकि उनके लिंक अधिकारी माधवेश कुमार, उप सचिव होंगे। जोन-2 में देवांशु त्रिवेदी, विशेष कार्याधिकारी को जोनल अधिकारी बनाया गया है और लिंक अधिकारी रवि नन्दन सिंह होंगे। जोन-3 में मान सिंह, प्रबन्धक, स्मारक समिति, सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण को जिम्मेदारी दी गई है। इनके लिंक अधिकारी देवांशु त्रिवेदी होंगे। इसी तरह जोन-4 में अतुल कृष्ण सिंह, उप सचिव, जोन-5 व 6 में प्रभाकर सिंह, नजूल अधिकारी तथा जोन-7 में माधवेश कुमार, उप सचिव को जोनल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश में प्रत्येक जोन के लिए लिंक अधिकारियों का भी निर्धारण किया गया है। प्राधिकरण के इस फेरबदल का उद्देश्य प्रवर्तन संबंधी कार्यों में जिम्मेदारियां स्पष्ट करने और विभिन्न जोन में कार्यों के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करना माना जा रहा है।

# अपयश मिलने के बाद भी जनसेवा करने वाला ही नेता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि समाज सेवा का अवसर बड़े सौभाग्य से मिलता है। अपयश के बाद भी जनता की सेवा में निरंतर जुटे रहने वाला जनप्रतिनिधि ही वास्तव में सबसे बड़ा जनप्रतिनिधि होता है। उन्होंने कहा कि सामान्य नागरिक के लिए उसका जनप्रतिनिधि ही सबसे बड़ा सहारा होता है। लखनऊ के होटल सेंट्रम में मंगलवार को साइबर सुरक्षा : ए डिजिटल सिक्योरिटी ब्रीफिंग फॉर लेजिस्लेटर्स विषयक चौथी एवं अंतिम कार्यशाला का आयोजन किया गया।



उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि समाज के लिए पूरे दिन मेहनत करता है लेकिन सोशल मीडिया पर दो-चार नेगेटिव कमेंट्स से वो हताश हो जाता है। इस बात का हमेशा ध्यान रखिए कि ऐसे नकारात्मक कमेंट्स से हताश होने की आवश्यकता नहीं है। आप जनता की सेवा करते रहिए। आपकी सेवा का मूल्यांकन जनता को करना होता है। अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल चुनाव तक सीमित नहीं होता, बल्कि जनता के सुख-दुःख में उसके साथ खड़ा रहना और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करना भी उसकी जिम्मेदारी है। जनसेवा के इस दायित्व को पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ निभाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र बेहद चुनौतीपूर्ण है और पिछले चार वर्षों में विधानसभा के सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी निष्ठा से कार्य किया है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा चुनाव निकट हैं, ऐसे में सभी सदस्यों को संयम और मर्यादा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। राजनीतिक जीवन में परिस्थितियां बदलती रहती हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि का जनता के प्रति दायित्व सदैव बना रहता है इसलिए सभी सदस्यों को लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय मयार्दाओं और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर साइबर विशेषज्ञ अमित दुबे ने साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा, डिजिटल खतरों तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले जनप्रतिनिधियों को अपने मोबाइल फोन, डिजिटल उपकरणों तथा सोशल मीडिया खातों की सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। किसी भी उपकरण अथवा निजी जानकारी का दुरुपयोग किया जा सकता है, इसलिए जागरूकता और सावधानी अत्यंत आवश्यक है।

कार्यशाला का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा, डिजिटल खतरों तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान माननीय सदस्यों के साथ साइबर एवं डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में हुए विभिन्न नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में तकनीक और साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक जनप्रतिनिधि के लिए आवश्यक है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने विधायिका और इंटरनेट से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए तकनीक के दुरुपयोग को रोकने तथा डिजिटल व्यवस्था में आवश्यक सुधारों पर बल दिया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने भी साइबर एवं डिजिटल सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यशाला के दौरान डॉ. सुरभि, मंजू शिवाच, रवि शर्मा, डॉ. आरके वर्मा, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, ओम प्रकाश सिंह, प्रतीक भूषण सहित अन्य विधायकों ने प्रश्न पूछे जिसका साइबर एक्सपर्ट अमित दुबे ने उत्तर देकर उन्हें संतुष्ट किया। कार्यक्रम के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा के अधिकारियों से कहा कि पूरे कार्यक्रम का विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाए। कार्यक्रम में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, मनोहर लाल मन्नू कोरी, कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत एवं सुरेन्द्र दिलेर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे सहित विधानसभा के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव से मिले हाजी रफीक अंसारी



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफीक अंसारी ने शिष्टाचार भेंट की। हाजी रफीक अंसारी ने बताया कि इस दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आत्मीय बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का मार्गदर्शन और स्नेह हमेशा ऊर्जा प्रदान करता है। उनका कहना है कि समाजवादी विचारधारा—जनता की आवाज, संघर्ष के साथ इस बार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2027 विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ पुरजोर काम करेंगे।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट–www.ldalucknow.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व0चन्द्रावती | Plot No. 9/394 Sector-9 | जानकीपुरम एक्सटेंशन | 24.12.2013 | श्री वृन्दा प्रसाद तिवारी -पति | मा0न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) मलिहाबाद लखनऊ द्वारा वाद संख्या-256/22 में दिनांक 03.04.2026 के क्रम में। | पति |
| 2 | श्री राम सुमिरन सिंह | व्यवसायिक भूखण्ड सं0-सी0पी0-03ए | विराम खण्ड, गोमती नगर योजना | 04.08.2021 | 1. श्रीमती निशा सिंह पत्नी स्व0राम सुमिरन सिंह (वसीयतनामा के आधार पर) | 1. श्रीमती निशा सिंह पत्नी स्व0 राम सुमिरन सिंह (वसीयतनामा के आधार पर) | पत्नी |
| 3 | मो0 अमीन खॉन | दुकान सं0-एस0-91 सेक्टर-बी | कानपुर रोड योजना | 06.09.2012 | श्रीमती हकीमुन निशा, डॉ0 सरवर अहमद खॉन, कौसर अहमद खॉन, मो0 अहमद खॉन, जमाल अहमद खॉन, इकबाल अहमद खॉन, डा0 मुबारकुन निशा, आयशा परवीन खातून, रेहाना हाशिमी | श्रीमती हकीमुन निशा डा0 सरवर अहमद खॉन, कौसर अहमद खॉन, जमाल अहमद खॉन, इकबाल अहमद खॉन, डा0 मुबारकुन निशा, आयशा परवीन खातून, रेहाना हाशिमी | पत्नी पुत्र एवं पुत्रीगण |
| 4 | श्री गोपाल शरण शर्मा एवं श्रीमती इन्द्रा शर्मा | भवन/भूखण्ड सं0-डी-8/320 | सेक्टर-8, जानकीपुरम विस्तार योजना | 12.01.2012 एवं 06.03.2020 | श्री यतेन्द्र शरण शर्मा एवं श्री अंकुश शर्मा | वारिसान | पुत्र पुत्र |
| 5 | स्व0 आयेशा अली | भवन संख्या-ई-2/288 | विनय खण्ड, गोमती नगर योजना | 12.07.2021 | श्री आमिर अली | -- | भाई |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

## रंजिश में महिला को पीटा

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र के वृंदावन स्थित सेक्टर-12 ग्रीनवैली अपार्टमेंट निवासी निशा देवी के अनुसार सोमवार रात छाया अवस्थी तीन साथियों सिंधु, सुधा और रेनू यादव के साथ कार से पहुंची। आरोप है कि चारों नशे में थीं और पूर्व रंजिश को लेकर घर में घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। घटना के समय निशा का बेटा आयुष घर पर था।

**सूचना**

मेरे पुत्र सौरभ मिश्रा का अपनी पत्नी सुभद्रा शुक्ला पुत्री हरि सेवक शुक्ला नि.-E-230, Sec.-c एलडीए कॉलोनी से विवाद चल रहा है। वर्तमान में मेरा पुत्र मेरे साथ नहीं रहता। भविष्य में सौरभ मिश्रा एवं उसकी पत्नी सुभद्रा शुक्ला द्वारा किये गये किसी भी विवाद व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा।
**सुरेन्द्र प्रताप मिश्रा पुत्र माता प्रसाद मिश्रा नि.-आलमबाग, लखनऊ।**

**NOTICE**

I Vaibhav Krishna S/o Late D.V. Singh R/o 3/922, MIG Yojna 3, Avas Vikas Colony, Jhunsi, Allahabad I have lost receipt no. 2051405 of Rs. 23936 receipt no. 1730800 of Rs. 11000 receipt no. 1732982 of Rs. 1,63,134/- and receipt no. 1730802 of Rs. 1,28,852/- at lucknow all issued by Omaxe Garv Builtech Pvt. Ltd. in reference to unit no. OMCL/G/P8/178 having client ID no. OMCL/888 is misplaced somewhere any person who finds it please return it to Omaxe Ltd at - Omaxe Ltd Cyber Tower 2nd floor tc-34/v2,vibhuti khand, gomti nagar lucknow or call no 9935092305.

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के बड़ागांव करीमाबाद में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। मकान की छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर कामिल (20) की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग की है।

पुलिस के अनुसार उन्नाव जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र के रावतपुर सरावा निवासी कामिल काकोरी के बड़ागांव करीमाबाद में अपनी बहन के घर रहकर मजदूरी करता था। मंगलवार सुबह वह किसी काम से मकान की छत पर गया था। उसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन लाइन के तार से सिर छू गया। तार के संपर्क में आते ही करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन शव को लेकर पैतृक गांव चले गए थे, लेकिन बाद में शव को दोबारा करीमाबाद ले आए। सूचना पर पहुंची काकोरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। हादसे के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार कर्मचारियों ने मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट कराने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द लाइन को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो।

## राजमिस्त्री ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** इंदिरानगर थानाक्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद राजमिस्त्री सतीश ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पानी गांव, इंदिरानगर निवासी सतीश राजमिस्त्री का काम करता था। छोटे भाई अजय के अनुसार वह शराब पीने का आदी था और पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। सोमवार शाम भी दोनों में कहासुनी हुई थी।

## पांच के खातों से लाखों की ठगी

**लखनऊ।** राज्यपाल सचिवालय के समीक्षा अधिकारी समेत पांच के खातों से साइबर जालसाजों ने लाखों रुपये की ठगी की है। कहीं जालसाज ने ग्रीन गैसकर्मी बनकर फंसाया तो कहीं यूपीआई के माध्यम से रुपये निकाले। साइबर ठगी के यह मामले पीजीआई, साइबर थाना व अमीनाबाद के हैं। पुलिस तीनों मामलों को दर्ज कर जांच कर रही है।

तेलीबाग स्थित वृंदावन कॉलोनी सेक्टर-5बी निवासी कमलेश कुमार के खाते से चार बार में 2,68,378 रुपये, ठाकुरगंज के बालागंज स्थित वंशी विहार कॉलोनी निवासी श्रीचंद्र राज्यपाल सचिवालय में समीक्षा अधिकारी हैं। उनके खाते से 22,500 रुपये, वहीं पीजीआई की वृंदावन कॉलोनी निवासी व्यापारी हरेंद्र सिंह के खाते से 90 हजार रुपये पार कर दिये।

वहीं अमीनाबाद में मोबाइल हैक कर साइबर जालसाजों ने मॉडल हाउस निवासी विशाल यादव के खाते से 4 बार में 2.68 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## घायल लेखपाल की मोटरसाइकिल से अभिलेखों से भरा बैग चोरी

**लखनऊ।** काकोरी के मोहान रोड पर सड़क हादसे में घायल हुए लेखपाल की मोटरसाइकिल और सरकारी अभिलेखों से भरा बैग चोरी कर ले गया। लेखपाल के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। बीबीडी के लोनापुर निवासी दुर्गेश के अनुसार उनके पिता उमाशंकर उन्नाव की हसनगंज तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। 20 अगस्त को वह बाइक से तहसील जा रहे थे। मोहान रोड पर महतवा के पास वाहन की टक्कर से वह दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटना के बाद एक ऑटो चालक और उसमें सवार एक व्यक्ति उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए। आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद साथ गया व्यक्ति मौका पाकर घटनास्थल पर खड़ी उनकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और उस पर रखा बैग लेकर फरार हो गया।

## भैंसों की नीलामी के दौरान हंगामा, 11 नामजद सहित 60 पर एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ में 243 भैंसों की नीलामी के दौरान हंगामा और सड़क जाम करने के मामले में हजरतगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। लालबाग पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस रजा समेत 11 नामजद और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में शिकायत दी। आरोपियों पर बिना अनुमति प्रदर्शन, नारेबाजी, सरकारी काम में बाधा डालने और सार्वजनिक रास्ता रोकने का आरोप लगाया। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में 243 भैंसों की नीलामी चल रही थी, उसी दौरान अनीस रजा समर्थकों के साथ वहां पहुंचे और नीलामी प्रक्रिया रोकने की कोशिश की। विरोध-प्रदर्शन करके मेन रोड जाम कर दी। प्रदर्शनकारियों ने एसीपी हजरतगंज रजनीश वर्मा, इंस्पेक्टर विक्रम सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाया। कई प्रदर्शनकारियों को टांगकर ले गयी थी।

## पूर्व प्रेमी पर युवती ने लगाया मारपीट का आरोप

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने पूर्व प्रेमी पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, पीड़िता अपेक्षा गुरनानी मूल रूप से बंग्लाबाजार लखनऊ की रहने वाली है जो अब अर्जुनगंज क्षेत्र में एक अपार्टमेंट में रहती है। उनका कहना है कि आरोपी आदित्य विक्रम सिंह निवासी गोमती नगर विस्तार का रहने वाला है।

## शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

**लखनऊ।** वजीरगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि मंगलवार को पीड़िता ने मुकदमा दर्जकराया था कि शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने व शादी के लिये कहने पर शमशाद द्वारा उससे गाली-गलौज व धमकी देने के सम्बन्ध में तहरीर देकर धारा 69/352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्जकर त्वरित कार्यवाही करते हुये अभियुक्त शमशाद अली को रिवरबैंक कालोनी से गिरफ्तार कर लिया।

## 'रॉ ग्रुप ऑफ कंपनी' के भवन में लगी आग

**लखनऊ।** गोमतीनगर विभूतिखंड स्थित 'रॉ ग्रुप ऑफ कंपनी' के भवन में सोमवार देर रात आग लग गयी। सूचना पाकर दमकलमर्की मौके पर पहुंचे और कठोर परिश्रम से आग परकाबू पाया। मंगलवार दोपहर हजरतगंज फायर आफिस के कंट्रोल रूम को आरो आईपी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि 'रॉ ग्रुप ऑफ कंपनी' के भवन में आग लग गई है। इस सूचना पर अग्निशमन केंद्र गोमतीनगर से दो दमकल और अग्निशमन अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर देखा कि भवन में अत्यधिक धुआं भरा हुआ था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंशुल मित्तल भी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने अग्निकांड पर नियंत्रण पा लिया। इस अग्निकांड में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। सीएफओ के अनुसार कई फायर स्टेशनें से आठ दमकल मौकेपरपहुंची थीं।

## रूस में नौकरी के नाम पर सवा लाख ठगे

**लखनऊ।** रूस में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से सवा लाख रुपये ठग लिए गए। बिहार चंपारण निवासी अफरोज अंसारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर संपर्क होने पर ठाकुरगंज अलमास बाग स्थित ड्रेन ट्रैवेल्स के मालिक अब्दुल्ला ने विदेश में नौकरी का झांसा दिया। 3 अप्रैल 2025 को अफरोज ने 50 हजार और दोस्त हर्ष ने 75 हजार रुपये कंपनी खाते में भेजे। नौकरी न मिलने पर 8 सितंबर को ऑफिस पहुंचने पर आरोपियों ने अभद्रता और धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## प्राथमिकता वाले मामलों की रोज होगी निगरानी : डीजीपी



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में प्रदेश के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, आईजी-डीआईजी, एसएसपी- एसपी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ ऑनलाइन अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में अपराध नियंत्रण, त्योहारों की सुरक्षा, लंबित विवेचनाओं और मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई।

डीजीपी ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता वाले अपराधों और संवेदनशील मामलों की जनपद, रेंज और जोन स्तर पर रोज समीक्षा की जाए। लूट, डकैती, छिनैती, छेड़खानी, महिला अपराध, धर्म परिवर्तन, लव जिहाद, गोवध और गो-तस्करी से जुड़े मामलों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए।

फेक न्यूज और भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट पर भी तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस को ऐसी सूचनाओं का तुरंत सत्यापन करने और गलत पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। रक्षाबंधन के दौरान बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, टैक्सी स्टैंड, ई-रिक्शा स्टैंड और अन्य भीड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिए गए। प्रमुख मार्गों, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे पर पेट्रोलिंग और पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

मिशन शक्ति केंद्रों में तैनात पुलिसकर्मियों को महिला सुरक्षा और आमजन से व्यवहार को लेकर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। 60 व 90 दिन से अधिक लंबित विवेचनाओं की निगरानी के लिए विकसित की समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारियों और सहायक पुलिस आयुक्तों को पोर्टल के माध्यम से रोज लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने यक्ष ऐप में अपराधियों का पूरा और अपडेट आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सही डाटा उपलब्ध होने से सक्रिय अपराधियों की पहचान और निगरानी बेहतर तरीके से की जा सकेगी।

## श्री अग्रवंश समाज का हरियाली तीज महोत्सव मना



**लखनऊ।** श्री अग्रवंश समाज की ओर से दयालबाग, सुशांत गोल्फ सिटी में हरियाली तीज पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। अध्यक्षता केके अग्रवाल ने की। इस दौरान श्री अग्रवंश समाज के संरक्षक कुलदीप गुप्ता, नमन सरावगी, अजय अग्रवाल, अनीश गर्ग, रचना मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। महोत्सव का इसके बाद पारंपरिक गीतों एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

## एनीथिंग एनीटाइम एनीव्हेयर का शुभारंभ



**लखनऊ।** गोमतीनगर के हुसड़िया चौराहे पर मंगलवार को एनीथिंग एनीटाइम एनीव्हेयर न्यू शॉप की ग्रैंड ओपनिंग हुई। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी डॉ. सूर्यकुमार शुक्ला ने फीता काटकर शॉप का उद्घाटन किया। इस मौके पर यश तवर, समीर राय, अभिषेक रस्तोगी रानू राय हैरिश खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शॉप की ऑनर निकिता तवर ने बताया कि एनीथिंग एनीटाइम एनीव्हेयर को लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। शॉप 24 घंटे और सातों दिन खुली रहेगी। यहां ग्रॉसरी के साथ खाने-पीने की विभिन्न वस्तुएं उपलब्ध होंगी। शॉप में कैफे की सुविधा भी है, जहां पिज्जा, कोल्ड ड्रिंक, हॉट कॉफी, कोल्ड कॉफी, डेयरी उत्पाद, स्वीट्स और आइसक्रीम सहित कई चीजें मिलेंगी। निकिता तवर ने बताया कि ग्राहकों को एक ही स्थान पर रोजमर्रा की जरूरत का सामान उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कसावल विकास खण्ड रमियाबेहड़, जिला खीरी**

पत्रांकः मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/ वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 25.08.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी.डब्लूडी. की दरों पर कार्य स्थल पर सामग्री उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 26.08.2026 से 01.09.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 01.09.2026 को 04 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कसावल में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी 20 एम.एम. स्टोन बलास्ट, पत्थर 40 एम एम. एम.एस. आयरन, स्ट्रस्चल स्टील, इण्टरलाकिंग टाइल्स, जी.एस. शीट, सरिया आदि। |

**नियम व शर्तेः-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बंधित निर्देश ग्राम पंचायत कसावल के कार्यालय में दिनांक 26.08.2026 से 01.09.2026 तक रू मूल्य 200 नगद जमा करके अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत कसावल के कार्यालय में मोहरबंद लिफाफे को निविदा प्राप्त दिनांक 26.08.2026 से 01.09.2026 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबंद टेण्डर डाले जाएंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत कसावल के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 01.09.2026 को समय 04 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेगे।
4. निविदा स्वीकार होने के उपरान्त निर्धारित दरो में वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोई अन्य परिवर्तन मान्य नही होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवस्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्काब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा। सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न होने पर अथवा कमी पाये पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कसावल**
**विकास खण्ड लखीमपुर खीरी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत कसावल**
**विकास खण्ड लखीमपुर खीरी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बाजपेई विकास खण्ड लखीमपुर, जिला खीरी**

पत्रांकः मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 25.08.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी.डब्लूडी. की दरों पर कार्य स्थल पर सामग्री उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 26.08.2026 से 01.09.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 01.09.2026 को 04 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत बाजपेई में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी 20 एम.एम. स्टोन बलास्ट, पत्थर 40 एम एम. एम.एस. आयरन, स्ट्रस्चल स्टील, इण्टरलाकिंग टाइल्स, जी.एस. शीट सरिया आदि। |

**नियम व शर्तेः-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बंधित निर्देश ग्राम पंचायत बाजपेई के कार्यालय में दिनांक 26.08.2026 से 01.09.2026 तक अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत बाजपेई के कार्यालय में मोहरबंद लिफाफे को निविदा प्राप्त दिनांक 26.08.2026 से 01.09.2026 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबंद टेण्डर डाले जाएंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत बाजपेई के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 01.09.2026 को समय 04 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेगे।
4. निविदा स्वीकार होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोई अन्य परिवर्तन मान्य नही होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवस्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्काब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा। सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न होने पर अथवा कमी पाये पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बाजपेई**
**विकास खण्ड लखीमपुर खीरी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत बाजपेई**
**विकास खण्ड लखीमपुर खीरी**

## लक्ष्य से कम प्रवर्तन पर 10 यात्री/ मालकर अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून 2026) में प्रशमन शुल्क वसूली के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम प्रवर्तन कार्रवाई करने वाले प्रदेश के 10 यात्री, मालकर अधिकारियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश की ओर से प्रथम त्रैमास की प्रवर्तन कार्यवाही की समीक्षा के दौरान अधिकारियों की कार्यप्रणाली में गंभीर लापरवाही और उदासीनता सामने आई।

समीक्षा में पाया गया कि कुछ यात्री, मालकर अधिकारियों ने अप्रैल से जून तक प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले अत्यंत कम कार्रवाई की। परिवहन विभाग के अनुसार इससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित अधिकारियों ने विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अपने पदीय दायित्वों का निर्धारित निर्देशों के अनुरूप निर्वहन नहीं किया। अधिकारियों की इस कार्यशैली को शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए इसे राजस्व पूर्ति में बाधक बताया गया है। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के तहत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गई है। विभागीय कार्रवाई शुरू होने के बाद संबंधित अधिकारियों से उनके स्तर पर लक्ष्य के अनुरूप प्रवर्तन कार्रवाई कम रहने के संबंध में स्पष्टीकरण और अभिलेखों के आधार पर जवाब लिया जाएगा। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से प्रवर्तन कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

**इन पर हुई कार्रवाई :** महाराजगंज के यात्री, मालकर अधिकारी राजेश सिंह कुशवाहा, बलरामपुर के मदन चन्द्र, प्रयागराज की केकी मिश्रा, बस्ती के प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, चन्दौली की अनीता वर्मा, महोबा के नरेन्द्र विक्रम सिंह, रायबरेली के विक्रांत सिंह, अयोध्या की रानी सेंगर, जौनपुर के प्रमोद कुमार और आगरा के विजय किशोर आनन्द शामिल हैं।

## 5 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक चलेगा विद्युत अनुरक्षण माह

**लखनऊ।** प्रदेश में आगामी 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक विद्युत अनुरक्षण माह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ट्रांसफार्मरों समेत विद्युत वितरण प्रणाली के सभी जरूरी उपकरणों का अनुरक्षण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने शक्ति भवन में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को अभी से अनुरक्षण कार्यों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को जितनी बिजली दी जा रही है, उसके अनुरूप राजस्व वसूली भी सुनिश्चित की जाए। बकाया बिलों की वसूली तेज करने और उपभोक्ताओं को कॉलिंग के माध्यम से भुगतान के लिए प्रेरित करने को कहा गया।

त्योहारों को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने तथा स्थानीय फाल्ट को कम समय में ठीक करने के निर्देश दिए गए। फाल्ट और संभावित आपूर्ति बहाली की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से उपभोक्ताओं को देने को कहा गया। बैठक में प्रयागराज, बरहज, राजघाट और महाराजगंज के अधिशासी अभियंताओं को कार्यों में शिथिलता पर चेतावनी दी गई। आजमगढ़ के अधीक्षण अभियंता को भी लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी मिली। संविदा कर्मियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रबंध निदेशक नितीश कुमार समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## हाथरस पीड़ित परिवार को तीन माह में गाजियाबाद या नोएडा में बसायें: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने हाथरस कांड के पीड़ित परिवार के पुनर्वास और पुनर्स्थापन को लेकर राज्य सरकार के रवैये पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने राज्य सरकार के 22 फरवरी 2025 के निर्णय को निरस्त करते हुए पीड़ित परिवार को गाजियाबाद या नोएडा में तीन माह के भीतर पुनर्वासित करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने सरकार को पीड़ित परिवार के गाजियाबाद या नोएडा में पुनर्वास पर विचार करने का निर्देश दिया था, लेकिन सरकार ने इस पर समुचित विचार नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि यह उसके पूर्व आदेशों का अनुपालन नहीं है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पुनर्वास के बाद 26 जुलाई 2022 के आदेश के अनुसार परिवार के सदस्य को रोजगार भी दिया जाए। अनुपालन हलफनामा अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग स्वयं दाखिल करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर 2026 को होगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः NER-LJN-2026-234 & 235**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः- **क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-234, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडलः-मनकापुर में 20 बेड वाले RPF बैरक का निर्माण कार्य। अनुमानित लागत (₹): ₹ 81,95,057.89, अग्रिम धन(₹): ₹ 1,63,900/-, समापन अवधिः 12 माह। **क्रम सं.-02,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-235, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडलः-गोरखपुर-गोण्डा सेक्शन के मध्य लेवल क्रॉसिंग को B-2 क्लास में अपग्रेड करना (10 संख्या)। अनुमानित लागत (₹): ₹ 5,62,09,756.33, अग्रिम धन (₹): ₹ 11,24,200/-, समापन अवधिः 12 माह। **नोटः- (1)** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-234-235 के लिये ई-निविदा दिनांक 15-09-2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू-301

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## नियमों के उल्लंघन में बर्खास्तगी रद्द, केजीएमयू की प्रोफेसर बहाल

- **हाईकोर्ट ने कहा- विभागीय जांच में न्याय के सिद्धांतों का नहीं हुआ पालन**

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की एसोसिएट प्रो. डॉ. नीतू सिंह की बर्खास्तगी को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने पाया कि उनके खिलाफ विभागीय जांच निर्धारित नियमों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं की गई थी। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने मंगलवार को यह फैसला सुनाते हुए डॉ. सिंह को बहाली और बकाया वेतन सहित सेवा संबंधी लाभ देने का आदेश दिया। मामला केजीएमयू में एसोसिएट प्रो. मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लैब के पद पर कार्यरत डॉ. नीतू सिंह पर वर्ष 2020 में शुरू की गई विभागीय कार्रवाई से जुड़ा है।

प्रोफेसर पर एक स्वास्थ्य परियोजना के प्रस्ताव और कथित बौद्धिक संपदा अधिकारों व साहित्यिक चोरी से जुड़े विवाद समेत चार आरोप लगाए गए थे। जांच के बाद 10 जून 2020 को उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। याची ने सेवा समाप्ति आदेश को कोर्ट में चुनौती दी थी। अपना निर्णय सुनते हुए कोर्ट ने कहा कि विभागीय जांच में आरोपों को साबित करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने माना कि जांच समिति ने मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्यों को विधिवत साबित किए बिना निष्कर्ष निकाल लिया। कोर्ट ने बर्खास्तगी आदेश और उससे जुड़ी पूरी कार्रवाई को मनमाना और कानून के विपरीत करार देते हुए रद्द कर दिया। हालांकि, विश्वविद्यालय को डॉ. सिंह के जवाब दाखिल करने के चरण से नए सिरे से विभागीय जांच करने की छूट दी गई है।

## ई-रिक्शों की बढ़ती संख्या पर हाईकोर्ट सख्त

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी में तेजी से बढ़ रही ई-रिक्शों की संख्या को लेकर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि ई-रिक्शों की बढ़ती संख्या शहर में भारी यातायात समस्या पैदा कर रही है और राज्य सरकार इस मुद्दे पर निष्क्रिय होकर नहीं बैठ सकती। सरकार को इस समस्या से निपटने के लिए शीघ्र उचित नीति बनानी होगी। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने लखनऊ में यातायात प्रबंधन से संबंधित सूरज सिंह विसेन की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट को बताया गया कि शहर में करीब 80 हजार ई-रिक्शे चल रहे हैं। इनके लिए पर्याप्त और निर्धारित पार्किंग स्थल न होने के कारण चौराहों और प्रमुख मार्गों के आसपास जमावड़े से यातायात बाधित होता है। कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता को निर्देश दिया कि वह अपर मुख्य सचिव, परिवहन से सरकार की प्रस्तावित नीति के संबंध में स्पष्ट निर्देश प्राप्त करें। सरकार को यह बताना होगा कि ई-रिक्शों की लगातार बढ़ती बिक्री और उनके संचालन को किस प्रकार नियंत्रित किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर 2026 को होगी।

## तलाशी व जब्ती की कार्रवाई की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग पर हाईकोर्ट ने उठाये सवाल

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पुलिस द्वारा तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की अनिवार्य ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग के प्रावधान का व्यावहारिक रूप से पालन न किए जाने पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि जब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 105 में इसका स्पष्ट प्रावधान है, तो पुलिस अधिकारियों के लिए इसका अनुपालन आखिर कठिन क्यों है। न्यायमूर्ति राजीव भारती ने कहा कि आज के दौर में ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग सामान्य बात हो चुकी है। ऐसे में बीएनएसएस की धारा 105 के अनुपालन को बोझिल या जटिल नहीं माना जाना चाहिए। उक्त धारा के तहत तलाशी, जब्ती और गवाहों द्वारा जब्ती सूची पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया को ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रानिक माध्यम से रिकॉर्ड कर तत्काल संबंधित मजिस्ट्रेट को भेजे जाने का प्रावधान है। कोर्ट ने ये टिप्पणियां सुल्तानपुर के गोसाईगंज थाने में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में दर्ज मुकदमे के चार आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कीं। याचिका में डीजीपी के 21 जुलाई 2025 के सर्कुलर का भी हवाला दिया गया, जिसमें तलाशी और बरामदगी के दौरान ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को अनिवार्य बताया गया है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत भण्डार मण्डल-लखनऊ**

**ई-निविदा सूचना वि.आ.सं.टी-2233, दिनांकः 22.08.2026**

**ई-निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. ESCL/05/2026-27:-विद्युत भंडार खण्ड अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न क्षमता अलाभकारी वितरण परिवर्तकों की स्ट्रिपिंग का कार्य। प्रपत्र शुल्क-रु. 1180.00, धरोहर राशि-रु. 5660.00
2. ESCL/06/2026-27:-विद्युत भंडार खण्ड लेसा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न क्षमता अलाभकारी वितरण परिवर्तकों की स्ट्रिपिंग का कार्य। प्रपत्र शुल्क-रु. 1180.00, धरोहर राशि-रु. 6410.00
3. ESCL/07/2026-27:-म.वि.वि.नि.लि. के अन्तर्गत भण्डार केन्द्रों/विद्युत उपकेन्द्रों के मध्य पावर परिवर्तक की ढुलाई/स्थापित करने का कार्य। प्रपत्र शुल्क-रु. 3540.00, धरोहर राशि-रु. 78000.00

ई-निविदा की अंतिम तिथिः 15 सितम्बर, 2026, 14:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

# ज्यादा लालच कभी-कभी घातक सिद्ध होता है

**● बौद्ध शोध संस्थान में नाटक ख्वाहिशें का मंचन**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नाट्य संस्था आकांक्षा थिएटर आर्ट्स, लखनऊ द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के रिपेट्री ग्रान्ट वर्ष 2026-27 की प्रथम प्रस्तुति के रूप में आयोजित सुप्रसिद्ध मूल नाटककार अलवेयर कामू की नाट्य रचना तथा हिन्दी नाट्य रूपान्तरण शरद जोशी की नाट्य रचना ख्वाहिशें का नाट्य मंचन आज सायंकाल बौद्ध शोध संस्थान, में वरिष्ठ रंग निर्देशक प्रभात कुमार बोस, उ०प्र० संगीत नाटक अकादमी एवार्डी के कुशल निर्देशन में मंचित किया गया। कथानक के अनुसार सुप्रसिद्ध फ्रांसीसी नाटककार अल्वेयर कामू की मूल नाट्यय रचना एवं शरदचन्द्र द्वारा रूपांतरित कथानक के अनुसार मार्था अपनी माँ के साथ एक गेस्ट हाऊस का संचालन करते हैं। गेस्ट हाऊस में जितने भी लोग आकर ठहरते हैं, इन दोनों माँ-बेटी द्वारा उन्हें जान से मारकर उनकी दौलत को लूट लेते थे। एक दिन उस गेस्ट हाऊस में क जॉन नाम का व्यक्ति जो कि विदेश से आकर वहा ठहरता है, और इसी प्रकार जॉन की पत्नी मारिया भी उसी गेस्ट हाऊस में आकर देखती है कि उसका पति जो कि विदेश से आकर उस गेस्ट हाऊस में ठहरता है, इसी प्रकार जॉन की पत्नी मारिया भी देख लेती है कि उसका पति किस गेस्ट हाऊस में ठहरा है। जॉन तुरन्त मारिया को वहां से जाने के लिए कह देता है, उसके बाद मार्था द्वारा रजिस्टर में जॉन का नाम व पता दर्जी करते हुए मार्था जॉन से पूछती है कि वह इस गेस्ट हाऊस में अकेला ही रहेगा? वह जल्दी ह अपनी पत्नी मारिया के पास वापस चला जायेगा, जो कि विदेश में रहती है। भार्थी अपनी माँ को यह बताती है कि इस मुसाफिर को भी जल्दी से जल्दी मारकर उसकी लाश को ठिकाने लगाकर उसका सारा पैसा लूट लेगी, लेकिन उसकी माँ उसे रोकने का प्रयास करती है, लेकिन अपनी बेटी की इस जिद के आगे विवश हो जाती है। जब मार्था द्वारा जॉन को कॉफी पिलाती है तो उसमें जहर मिला होता है, जिसे पीते ही जॉन बेहोश होकर गिर पड़ता है, लेकिन जब उसका पासपोर्ट मार्था उठाकर माँ को देती है, उस पासपोर्ट को देखकर मार्था की माँ समझ जाती है कि उसकी बेटी ने जिसको जहर देकर मारा है, वह उसी का बेटा है। तब माँ मार्था को यह बतलाती है कि बचपन में घर छोड़कर तुम्हारा भाई चला गया था, यह वही मेरा बेटा और तुम्हारा भाई है। इस सदमें को मार्था की माँ बरदाश्त नहीं कर पाती है और वह भी अपने जीवन का अन्त कर देती है। यहीं पर नाटक का समापन होता है। मार्था की माँ की भूमिका में दिव्यजीत गुप्ता, मार्था की भूमिका में आरोही गुप्ता, जॉन एक मुसाफिर की भूमिका में अंकुर सक्सेना एवं मारिया की भूमिका में मुस्कान सोनी द्वारा अपने सशक्त और भावपूर्ण अभिनय से रंग दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

# ऋषि का सद्साहित्य जीवन जीने का मार्ग प्रदान करता है : उमानन्द शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत महात्मा गाँधी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, खसरवारा, जुनाबगंज, लखनऊ, उ.प्र. के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 470वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सावित्री शर्मा ने अपने प्रिय पुत्री पार्वती शर्मा के स्वस्थ्य जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु ज्ञानदान के रुप में उपरोक्त संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में यह सम्पूर्ण युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया साथ-साथ संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट किया तथा संस्थान के चेयरमैन एवं प्रधानाचार्य को अमृतवाणी कैलेण्डर भेंट किया गया। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य व्यक्ति को स्वस्थ, सुखी जीवन जीने की मार्ग प्रदान करता है। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, सावित्री शर्मा, शशि गंगवार एवं संस्थान के चेयरमैन, प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय, एनाटॉमी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार कुमार सिंह, फीजियोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशीष जायसवाल, एसोसिएट प्रोफेसर एवं बेसिक प्रिंसिपल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मन्दाकिनी पी. सिंह सहित संस्थान की शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं इत्यादि मौजूद रहे।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

**पत्रांक : 242 / राज्य सेक्टर-पेयजल/नि०कार्य / ई-टेंडर/2026-27** **दिनांक: 22, अगस्त, 2026**

**प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद, बहराइच के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में कराये जाने वाले कार्यो के सम्बंध में ''पेयजल हेतु व्यवस्था'' योजना के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में कराये जाने वाले कार्यो के सम्बंध में संयुक्त सचिव महोदय, उ०प्र० शासन, लखनऊ के पत्र सं0-179/2026/2316/नौ-5-2026/002-Com.No-2044861 दिनांक 04 जून 2026 में प्रथम किश्त के रूप में आवंटित रू0 1,00,00,000.00 से ''पेयजल हेतु व्यवस्था'' योजना में क्रमांक-01 एवं 04 पर क्रमशः पर मोहल्ला काजीपुर स्थित नलकूप की रिबोरिंग का कार्य एवं विकास भवन स्थित नलकूप की रिबोरिंग का कार्य की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा प्रदान कर दी गयी है। निम्न विवरण के अनुसार मोहल्ला बड़ीहाट स्थित नलकूप की रिबोरिंग का कार्य करने हेतु नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन दिनांक 25 अगस्त, 2026 को अपरान्ह 3.00 बजे निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender-up-nic-in पर डाउनलोड करके दिनांक 14 सितम्बर, 2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 14 सितम्बर, 2026 को अपरान्ह 04:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, धरोहर धनराशि / जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण निम्नवत है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (18 प्रतिशत जी.एस.टी. रहित) | 10 प्रतिशत धरोहर जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | निविदा मूल्य पर 18( GST | ई-टेंडरिंग शुल्क | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहल्ला काजीपुर स्थित नलकूप की रिबोरिंग का कार्य | रू. 34,58,236.00 | रू. 3,46,000.00 | रू. 3459.00 | रू. 623.00 | रू. 250.00 | रू. 4332.00 |
| 2 | विकास भवन स्थित नलकूप की रिबोरिंग का कार्य | रू. 34,58,236.00 | रू. 3,46,000.00 | रू. 3459.00 | रू. 623.00 | रू. 250.00 | रू. 4332.00 |

**नियम व शर्तें-**

1. यह निविदा दो-स्तरीय (Twg-Bid) प्रणाली के अंतर्गत आमंत्रित की गई है। प्रथम स्तर पर टेक्निकल बिड (Technical Bid) खोली जाएगी तथा द्वितीय स्तर पर केवल उन निविदादाताओं की फाइनेंसियल बिड (Financial Bid) खोली जाएगी, जो टेक्निकल बिड में अर्ह (Qualified) पाए जाएँगे।
2. टेक्निकल बिड में अर्हता प्राप्त न करने वाले निविदादाताओं की फाइनेंसियल बिड किसी भी दशा में नहीं खोली जाएगी तथा उनकी निविदा स्वतः निरस्त मानी जाएगी।
3. निविदादाता को ई-निविदा पोर्टल (etender.up.nic.in) पर टेक्निकल बिड एवं फाइनेंसियल बिड अलग-अलग निर्धारित स्थानों पर अपलोड करनी होगी। दोनों बिड एक साथ अथवा गलत स्थान पर अपलोड करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।
4. टेक्निकल बिड के अंतर्गत निविदादाता को सभी आवश्यक दस्तावेज, प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, धरोहर राशि / जमानत धनराशि की जमा पर्ची, निविदा शुल्क की जमा पर्ची तथा अन्य निर्धारित अभिलेख पी.डी.एफ. (PDF) प्रारूप में अपलोड करने होंगे।
5. फाइनेंसियल बिड में केवल दरें (Rates) ही भरी जाएँगी। फाइनेंसियल बिड में किसी प्रकार का दस्तावेज अथवा शर्त नहीं जोड़ी जाएगी। फाइनेंसियल बिड में किसी शर्त का उल्लेख होने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।
6. टेक्निकल बिड खोलने के पश्चात अर्ह निविदादाताओं की सूची ई-निविदा पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी तथा उसी के आधार पर निर्धारित तिथि एवं समय पर फाइनेंसियल बिड खोली जाएगी। फाइनेंसियल बिड खोलने की तिथि की सूचना पोर्टल एवं संबंधित निविदादाताओं को दी जाएगी।

**सामान्य नियम एवं शर्तें-**

7. निविदादाता द्वारा उक्त कार्य की धरोहर राशि / जमानत धनराशि को नगरपालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता संख्या 50383894033, IFSC Code: IDIB000C601 में एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी. अथवा ऑनलाइन भुगतान के रूप में जमा कर, जमा रसीद/भुगतान पर्ची की स्कैन की हुई प्रति (पी.डी.एफ. प्रारूप में) ई-निविदा पोर्टल (etender.up.nic.in) पर टेक्निकल बिड के अंतर्गत अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी।
8. निविदादाता को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण-पत्र, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (जो निर्धारित समयावधि के अन्दर का हो), निर्माण कार्यों हेतु किसी भी विभाग में फर्म के पंजीकरण का प्रमाण-पत्र, जी. एस. टी. पंजीकरण, पैन कार्ड, श्रम विभाग का पंजीकरण प्रमाण-पत्र, समान कार्य का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव प्रमाण-पत्र तथा रू.100.00 के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित शपथ-पत्र की स्कैन की हुई प्रतियाँ (पी.डी.एफ. प्रारूप में) टेक्निकल बिड के अंतर्गत ई-निविदा पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी।
9. समस्त निविदाएँ केवल ई-निविदा पोर्टल etender.up.nic.in के माध्यम से ही स्वीकार की जाएँगी। अन्य किसी माध्यम (डाक, व्यक्तिगत रूप से अथवा सीलबंद लिफाफे) से प्राप्त कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
10. बिना कारण बताए एक अथवा समस्त निविदाएँ निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
11. ठेकेदार/फर्म का जी.एस.टी. एवं श्रम विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
12. प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति के उपरान्त न्यूनतम निविदादाता (पालिका में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों को छोड़कर) को अनुबन्ध से पूर्व नगरपालिका परिषद, बहराइच में नियमानुसार पंजीकरण कराना होगा। तदोपरान्त ही नियमानुसार कायादेश निर्गत किया जाएगा।
13. स्थल पर कार्य पूर्ण होने से पूर्व प्रयुक्त निर्माण सामग्रियों की जाँच ठेकेदार को अपने स्वयं के व्यय पर करानी होगी।
14. निविदा की धनराशि में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सम्मिलित नहीं है। इसका भुगतान नियमानुसार अलग से किया जाएगा।
15. उक्त कार्य हेतु कम से कम तीन-तीन निविदाएँ समस्त औपचारिकताओं सहित ऑनलाइन प्राप्त होने पर ही न्यूनतम निविदा की स्वीकृति पर विचार किया जाएगा।
16. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
17. निविदा की विस्तृत जानकारी नगरपालिका परिषद, बहराइच के जलकल अनुभाग से अथवा ई-निविदा पोर्टल (etender.up.nic.in) से निविदा जमा करने से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।
18. किसी भी फर्म/ठेकेदार का ठेका स्वीकृत होने अथवा कायादेश निर्गत होने के पश्चात यदि कभी भी संज्ञान में आता है कि संबंधित किसी भी अभिलेख (प्रमाण-पत्रों) के अनुसार वह ठेका पाने के लिए अनर्ह था अथवा सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, असामाजिक कार्यों एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है, तो ऐसी दशा में अनुबन्धित कार्य का ठेका निरस्त कर दिया जाएगा।
19. निविदादाता को निविदा सूचना में अंकित कार्य के प्राक्कलन में प्राविधानित निर्माण कार्य के सम्बन्ध में निविदा मूल्य के बराबर अथवा उससे अधिक लागत के समान निर्माण कार्य, जो संतोषजनक रूप से पूर्ण कराया गया हो, का सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण-पत्र भी टेक्निकल बिड के अंतर्गत ई-निविदा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा।
20. निविदादाता द्वारा विगत तीन वर्षों में से किसी एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम टर्नओवर (सिविल कार्यों का) उल्लिखित निर्माण कार्य की लागत के बराबर अथवा अधिक होना चाहिए।
21. स्थलीय सत्यापन के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है, तो संबंधित ठेकेदार/फर्म द्वारा तत्काल कार्य को मानक के अनुरूप निदेशानुसार ठीक कराना होगा। अन्यथा किए गए कार्य का कोई भी भुगतान नहीं किया जाएगा।
22. प्राप्त किसी भी अथवा समस्त निविदाओं/ई-निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी ठेकेदार/फर्म का कोई दावा मान्य नहीं होगा । निविदा शुल्क गैर-वापसी योग्य (Non-Refundable) है।
23. उक्त निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत आगणन के अनुसार ही स्थल पर मानक के अनुरूप गुणवत्तापरक कार्य न्यूनतम निविदादाता को कराना होगा।
24. कार्य को स्वीकृत आगणन की धनराशि पर ही पूर्ण कराया जाएगा।
25. कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियंत डिस्प्ले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था तथा कार्य प्रारम्भ होने एवं कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख किया जाएगा।
26. ठेकेदार द्वारा उत्तर प्रदेश जल निगम के विस्तृत विनिदेशों (Detail Specifications) तथा नवीनतम उत्तर प्रदेश जल निगम के सर्कुलर के अनुसार ही कार्य कराया जाएगा।
27. उपरोक्त समस्त शर्तों का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जाएगा।
28. यदि उक्त तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है, तो निविदा खोलने की कार्यवाही अगले कार्यदिवस में की जाएगी।
29. शासनादेश संख्या-01/2018/3070/78-2-2018/42 आई.टी./2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित निदेशों के क्रम में निविदादाता को निविदा खुलने से पहले अथवा तीन दिन के अन्दर निविदा से सम्बन्धित मूल अभिलेख डाक द्वारा अथवा स्वयं कार्यालय उपस्थित होकर जमा करने होंगे। अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
30. निविदादाता को गत पाँच वर्षों में से किन्हीं तीन वर्षों का लाभ-हानि विवरण तथा वार्षिक टर्नओवर, जो चार्टर्ड एकाउंटेंट (सी.ए.) तथा ऑडिटर द्वारा निर्गत किया गया हो, की स्कैन की हुई प्रति (पी.डी.एफ. प्रारूप में) टेक्निकल बिड के अंतर्गत ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध करानी होगी।
31. पेयजल पाइपलाइन की गारंटी अवधि एक वर्ष होगी। गारंटी अवधि में यदि किसी भी कार्य अथवा सामग्री में दोष / खराबी उत्पन्न होती है, तो सफल निविदादाता द्वारा उसे तत्काल प्रभाव से निःशुल्क ठीक कराना होगा। कार्यों हेतु पृथक से कोई सामग्री देय नहीं होगी।
32. निविदादाता को ?10.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ-पत्र के माध्यम से यह प्रमाण देना होगा कि निविदादाता के विरुद्ध कोई आपराधिक मुकदमा नहीं है और न ही निविदादाता बार काउंसिल में पंजीकृत है। उक्त शपथ पत्र की स्कैन की हुई प्रति (पी.डी.एफ. प्रारूप में) टेक्निकल बिड के अंतर्गत ई-निविदा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।
33. निविदादाता को अपनी फर्म के पैड पर अपना अधिकृत पत्र व्यवहार का पता, ई-मेल आई.डी. एवं मोबाइल नम्बर सहित उपलब्ध कराना होगा।
34. कार्य कराये जाने के पश्चात भुगतान बिल से परफॉर्मेंस सिक्योरिटी की कटौती नियमानुसार की जाएगी।
35. निविदादाता को रू.10.00 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का प्रमाण-पत्र देना होगा कि निविदा में अंकित कार्य कराये जाने हेतु उसके पास स्वयं के उपकरण उपलब्ध हैं अथवा किराये पर लिए जाने से सम्बन्धित अनुबन्ध एवं स्वामित्व का उल्लेख करना होगा। उक्त प्रमाण-पत्र की स्कैन की हुई प्रति (पी.डी.एफ. प्रारूप में) टेक्निकल बिड के अंतर्गत ई-निविदा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी ।:
36. निविदादाता को रू.10.00 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा कि उनके पास कार्य कराये जाने हेतु तकनीकी स्टाफ उपलब्ध है। उक्त शपथ-पत्र की स्कैन की हुई प्रति (पी.डी.एफ. प्रारूप में) टेक्निकल बिड के अंतर्गत ई-निविदा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।
37. निविदादाता को ई.पी.एफ. प्राधिकरण द्वारा निर्गत ई.पी.एफ. प्रमाण-पत्र एवं ई.एस.आई.सी. प्रमाण-पत्र की स्कैन की हुई प्रति (पी.डी.एफ. प्रारूप में) टेक्निकल बिड के अंतर्गत ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध करानी होगी।
38. कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण कराया जाना होगा । विलम्ब की स्थिति में सक्षम अधिकारी के निदेशानुसार अर्थदण्ड लगाया जा सकता है अथवा समय वृद्धि प्रदान की जा सकती है।
39. ऐसे राज्यपत्रित अभियन्ता/अधिकारी जो राज्य सरकार / केन्द्र सरकार की सेवा से दो वर्ष सेवानिवृत्त के पूर्ण नहीं हुए हैं, को कार्य करने की अनुमति राज्य सरकार/केन्द्र सरकार की अनुमति के बिना नहीं दी जाएगी। यदि कोई सेवानिवृत्त अभियन्ता / अधिकारी बिना सरकार की अनुमति के कार्य कराते हुए पाए जाएँगे, तो संज्ञान में आते ही उनकी निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
40. यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी का सगा संबंधी (रक्त संबंधी) आमंत्रित निविदाओं में प्रतिभाग करता है, तो पंजीकरण नियमावली के अनुसार निविदा निरस्त कर दी जाएगी तथा संज्ञान में आते ही उनके कार्य का अनुबन्ध निरस्त कर दिया जाएगा।
41. जमा की गई जमानत धनराशि संबंधित कार्य के लिए निर्धारित गारंटी अवधि के उपरान्त ही अवमुक्त की जाएगी तथा परफॉर्मेंस गारैटी कार्य गुणवत्तापरक पूर्ण पाए जाने पर कार्य के अन्तिम मापन के उपरान्त अवमुक्त की जा सकेगी।
42. कार्यों / आपूर्ति के त्रिस्तरीय सत्यापित फोटो लगाना अनिवार्य होगा।
43. राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या-3358/नी-5-2025-66 सा/2025 दिनांक 11.06.2025 द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार थर्ड पार्टी (Third Party) जाँच के उपरान्त ही कार्य के भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।
44. स्थानीय विवाद एवं कर्मचारी दुर्घटना की समस्त जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी।
45. सर्वाधिकार नगरपालिका परिषद, बहराइच में सुरक्षित रहेंगे तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायक्षेत्र बहराइच न्यायालय होगा।
46. निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि की जमा पर्ची (भुगतान रसीद) तथा सभी आवश्यक दस्तावेज केवल पी.डी.एफ. (PDF) प्रारूप में ही ई-निविदा पोर्टल (etender.up.nic.in) पर अपलोड किए जाएँगे। अन्य किसी प्रारूप (JPEG, PNG, Word आदि) में अपलोड किए गए दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
47. ई-निविदा पोर्टल पर अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट, पठनीय एवं पूर्ण होने चाहिए। अस्पष्ट, अधूरे अथवा कट-फटे दस्तावेज अपलोड करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है। निविदादाता को सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड किए गए सभी दस्तावेज सही एवं अद्यतन हों।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.परि. बहराइच**

**अध्यक्ष**
**न.पा.परि. बहराइच**

संक्षेप

## जिला कारागार के कैदी की मौत

जौनपुर। जिला कारागार में सजा काट रहे कैदी की तबियत खराब होने पर जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि आजमगढ जनपद के रानीकीसराय थाना क्षेत्र के चकवारा गांव निवासी 64 वर्षीय जैनू यादव आजमगढ के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत से हत्या के एक मुकदमें में आजीवन कारागार की सजा दी गई थी। वर्ष 2008 आजमगढ जेल में सजा काट रहे जैनू यादव को कुछ माह पूर्व जिला कारागार जौनपुर में स्थानांतरित किया गया था। सोमवार आचानक तबियत खराब होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल में शाम लगभग 7 बजे भर्ती कराया गया, जहां रात्री लगभग 12 बजे उनकी मौत हो गई। कारागार पुलिस लाश को लाश घर में रखकर परिजनों को सूचना दिया। मंगलवार सुबह परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गयें। पुलिस ने मौत का सही कारण जानने के लिए कैदी की लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

शाहगंज, सोनभद्र। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश से जनजीवन अस्त -व्यस्त हो गया है रोज पानी बरसने से लोगों का दिनचर्या भी प्रभावित हो रहा है और कच्चे घरों पर खतरा मंडराने लगा है इस झमाझम बरसात से चारों तरफ पानी ही पानी दिखने लगा है। सूखे ताल-पोखरे भरने लगे हैं उक्त बरसात से किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता झलकने लगी है। इनका कहना है कि पानी के अभाव में नुकसान हो रही धान की फसल के साथ ही खरीफ की अन्य फसलों को भी काफी फायदा पहुंचा है। ढुटेर, तिवार, उसरी, गौरीशंकर में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। बरसात तथा गरज- चमक के दौरान मौसम विभाग व जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दिया है। बताते चले कि पिछले कई दिनों से मौसम के पलटी खाने से बारिश का दौर शुरू हो गया है कभी मद्धीम तो कभी तेज बरसात से चारों तरफ पानी पानी नजर आने लगा है। यह बरसात लोगों की दिनचर्या एवं कामकाज को भी प्रभावित किया है कच्चे जर्जर घरों पर खतरा मंडरा गया है पहाड़ी नाले से जुड़े कुछ गांव में तो बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने लगी है। धान की फसल डूब गई है। खेतों में पानी भरने के कारण अधिकांश किसानों के धान फसल की निराई बाधित है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहेगा। घोरावल ब्लाक के ढुटेर गांव निवासी किसान भुवनेश्वर मौर्य, रामविलास सिंह, लाल बहादुर, लक्ष्मी प्रसाद पटेल आदि ने आज मंगलवार को खेतों को निहार रहे थे। पूछने पर बताया कि इस बरसात से काफी लाभ मिला है। पानी में जो धान की फैसले डूबी हुई है दो-चार दिनों बाद बाढ़ (पानी) निकल जाने पर सही हो जाएगी।

## बाढ़ प्रभावित पीड़ितों का विधायक ने जाना हाल

निघासन-खीरी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित गांव पुरैना पहुंचकर पीड़ितों का हाल जाना और उन्हें लंच पैकेट वितरित किए। कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने लुधौरी के मजरा नया पुरैना और पुराना पुरैना में घर-घर जाकर ग्रामीणों से कुशलक्षेम पूछी तथा बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान सर्पदंश से पीड़ित नया पुरैना निवासी रामकिशोर और मोहित के घर पहुंचकर आरएस कुशवाहा ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।आरएस कुशवाहा ने प्रदेश सरकार पर बाढ़ नियंत्रण के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हर साल बाढ़ रोकने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन ग्रामीणों को स्थायी राहत नहीं मिलती। जनता को केवल आश्वासन दिया जाता है। उन्होंने महंगाई को लेकर भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चीनी और प्याज के बढ़ते दामों से आम जनता परेशान है। किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ रही हैं, इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी इंतजाम किए जाएंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष भण्डारी यादव, राजेश चतुर्वेदी, संदीप यादव, विपिन वर्मा, पूर्व प्रधान रामपाल मौर्य, छेद्दू पासी, रामलखन चौहान, जीशान आदु मौजूद रहे।

# त्यौहारों में बनाये रखें शांतिः डीएम



सोनभद्र। आगामी ईद-ए-मिलाद (बारावफात) एवं रक्षाबंधन, जन्माष्टमी पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, पीस कमेटी के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पर्वों की तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कहा कि त्योहार हमारी साझा संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। सोनभद्र में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द की समृद्ध परंपरा रही है और इसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने सभी धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद करते हुए पर्वों को परंपरागत तरीके से शांति, संयम और उल्लास के साथ मनाने तथा समाज में भाईचारे का संदेश देने की अपील की। ईद-ए-मिलाद के अवसर पर आयोजित होने वाले जुलूस एवं धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग बेहतर समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, ताकि पर्व के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री गौड़ ने सोशल मीडिया के प्रयोग में भी विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी अपुष्ट सूचना अथवा अफवाह पर विश्वास न करें और भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री को साझा करने से बचें। किसी भी समस्या अथवा ऐसी सूचना, जिससे शांति एवं सौहार्द प्रभावित होने की आशंका हो, उसकी जानकारी तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं।बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भी अपने सुझाव रखे तथा जनपद में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे की परंपरा को कायम रखते हुए पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराने में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। श्री गौड़ ने जनपदवासियों को आगामी पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ्हहमारी विविधता ही हमारी सामाजिक शक्ति है। एक-दूसरे की आस्था और भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहारों को मिल-जुलकर मनाएं तथा सोनभद्र की शांति, सद्भाव और भाईचारे की पहचान को और मजबूत करें।

## नगर पंचायत डाला में निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी, नोटिस जारी करने के निर्देश



सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बागीश कुमार शुक्ला के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी जफर अहमद द्वारा नगर पंचायत डाला के वार्ड नंबर-6 में कराए जा रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतकर्ता राजेश, जिनकी पत्नी सभासद हैं, की उपस्थिति में निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई। मौके पर सीसी रोड के किनारे साइड वाल की जुड़ाई में सीमेंट एवं बालू के स्थान पर भस्सी (गिट्टी की धूल) का प्रयोग पाया गया। साथ ही सीसी रोड की ढलाई की निर्धारित 6 इंच ऊंचाई भी मौके पर कम पाई गई। निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न पाए जाने पर तत्काल कार्य रुकवा दिया गया।

उप जिलाधिकारी ने संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का अनुपालन न करने के संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर पंचायत डाला के अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह एवं संबंधित अवर अभियंता ओम तिवारी को निर्देशित किया गया कि आगे का निर्माण कार्य उनकी प्रत्यक्ष देखरेख में निर्धारित मानकों एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ ही कराया जाए।

## सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दिलाने वाला वांछित गिरफ्तार



आजमगढ़। जनपद के मेहनाजपुर थाना पुलिस ने नकल माफिया और सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दिलाने के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने सरकारी नौकरी प्राप्त करने के उद्देश्य से अपने स्थान पर एक सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दिलाई थी। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मऊ जिले के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के भेडियाधर गांव निवासी हवलदार यादव (28) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक 30 अक्टूबर 2025 को गांधी इंटर कॉलेज कूबा, आजमगढ़ में डीएलएल तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित हो रही थी।

इस दौरान अनुक्रमांक 7090142259 पर हवलदार यादव के स्थान पर मोनू यादव नामक फर्जी परीक्षार्थी परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था। चेकिंग के दौरान जब उससे आधार कार्ड मांगा गया तो वह विद्यालय की बाउंड्री फांदकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों और विद्यालय स्टाफ ने पीछा कर उसे पकड़ लिया था। मामले में थाना मेहनाजपुर में मु0अ0सं0-107/2025 के तहत बीएनएस की धारा 338, 336(3), 340(2), 61(2) तथा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की धारा 3/6/10 में मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चल रही विवेचना के दौरान पुलिस ने 25 अगस्त 2026 को अभियुक्त हवलदार यादव को पूछताछ के बाद करीब 11रू10 बजे हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार पाल और रिजर्व कांस्टेबल पंकज यादव, थाना मेहनाजपुर शामिल रहे।

## तीन तस्कर गिरफ्तार, पांच पिस्टल और 7 तमंचे बरामद



जौनपुर। थाना मछलीशहर ऑपरेशन वज्रपात के तहत पुलिस ने अवैध असलहा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। मछलीशहर पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पांच देशी पिस्टल, सात अवैध तमंचे और दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं।पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर ताजुद्दीनपुर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन संदिग्धों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में अवैध असलहे बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों के अंतरजनपदीय असलहा तस्करी गिरोह से जुड़े होने की जानकारी सामने आई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रयागराज के फूलपुर थाना क्षेत्र के ढोकरी गांव निवासी शिव प्रकाश मिश्रा और मनकामेश्वर मिश्रा तथा खोजापुर निवासी प्रियांशु शुक्ला के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अपने गृह जनपद से अवैध असलहे लाकर जौनपुर, प्रयागराज, मिजार्पुर समेत आसपास के जिलों में उनकी तस्करी करते थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह को असलहों की सप्लाई कहां से मिलती थी और इन्हें किन लोगों तक पहुंचाया जाता था। गिरोह का मुख्य सरगना सुनील दूबे निवासी हरसड़, थाना हलिया, मिजार्पुर बताया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। वहीं गिरफ्तार आरोपी मनकामेश्वर मिश्रा के खिलाफ मिजार्पुर के कछवा थाने में आर्म्स एक्ट का मुकदमा भी दर्ज है।

## फर्जी आयकर अधिकारी का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। फर्जी आयकर अधिकारी बनकर सरार्फा दुकान की चेकिंग करने के मामले में रामपुर पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना रामपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 145/2026 में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत वांछित चल रहे जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ जीतू पुत्र स्व. लाल प्रताप सिंह उर्फ लुलई सिंह, निवासी ग्राम निजामुद्दीनपुर, थाना सिकरारा, को पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी फर्जी आयकर अधिकारी बनकर सरार्फा दुकान की चेकिंग करने के मामले में फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय भेज दिया।

## गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शुद्धि अभियान के तहत एएनटीएफ यूनिट लखनऊ और थाना हाथीनाला पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस में छिपाकर ले जाया जा रहा 81.300 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे और एम्बुलेंस समेत अन्य सामान की अनुमानित कीमत करीब 48 लाख रुपये बताई गई है। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के निर्देशन में यह कार्रवाई 24/25 अगस्त की रात मुखबिर की सूचना पर हाथीनाला थाना क्षेत्र के दुद्धी मार्ग पर की गई।पुलिस को सूचना मिली थी कि एक एम्बुलेंस के जरिए उड़ीसा के सम्बलपुर से गांजा लाकर दुद्धी मार्ग होते हुए सुल्तानपुर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हाथीनाला तिराहे के पास संदिग्ध एम्बुलेंसॅ ठ04थ्3083 को रोककर तलाशी ली। चालक ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया।तलाशी के दौरान एम्बुलेंस के फर्श में लगी एल्यूमिनियम की चादर के नीचे बनाए गए एक गुप्त कैबिनेट का पता चला। कैबिनेट से टेप से बंधे 36 बंडलों में कुल 81.300 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समीर सरकार (35 वर्ष) पुत्र त्रिशंकु सरकार, निवासी फरक्का, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 1,100 रुपये नकद भी बरामद किए गए।पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांजा उड़ीसा के सम्बलपुर से एम्बुलेंस में लोड कराया गया था और उसे सुल्तानपुर पहुंचाना था।

## भक्तिरस में डूबा महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल



आजमगढ़। तिवारीपुर, सिधारी स्थित महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में सावन के अंतिम सोमवार को सावन सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से फूलों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण सावनमय नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डीपी मौर्य, एकेडमिक डायरेक्टर रामनयन मौर्य एवं प्रधानाचार्य शत्रुघ्न विश्वकर्मा ने भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय के स्वरूप में सजे बच्चों की पूजा-अर्चना एवं आरती कर किया। इसके बाद छात्रा अदिति मिश्रा ने ह्यसत्यम शिवम सुंदरमह्ल गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पश्चात छात्राओं ने ह्यपार्वती बोली शंकर सेह्ल गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं विद्यालय के छात्रों ने अघोरी डांस की शानदार प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों पर विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डीपी मौर्य ने कहा कि सावन केवल त्योहार नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का माध्यम है। ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार, एकता और प्रकृति-प्रेम की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति, त्योहारों और लोक-परंपराओं से भी परिचित कराना है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य, दिनेश यादव, रामचरण मौर्य, दीपिका सिंह, मीनाक्षी अस्थाना, धीरेंद्र मोहन, शरद गुप्ता, प्रेमा यादव, आदित्य मिश्रा, अजय यादव, राहुल तिवारी, किशन यादव, आरोही मोदनवाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# बारिश का कहर जारी, सुगापांख खुर्द में कच्चा मकान ढहा



मड़िहान, मीरजापुर। थाना क्षेत्र में बारिश आफत बनकर टूट रही है। सुगापांख खुर्द गांव में मंगलवार सुबह मनोहर लाल का रिहायशी कच्चा मकान भरभराकर गिर गया

। संयोग अच्छा रहा कि हादसे के समय वे पत्नी के साथ घर से बाहर थे, जिससे जान बच गई, लेकिन उनका घर ही नहीं, उनकी सारी उम्मीदें भी उसी मलबे में दब गईं। वहीं गांव में ही दूसरी घटना में विजय कुमार के मकान की एक दीवाल बारिश से गिर पड़ी। गांव निवासी मनोहरलाल ने बताया दोनों पुत्रियों संगीता और शिल्पा की शादी के बाद मनोहरलाल अपनी पत्नी राधिका देवी के साथ इसी कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे कच्चा मकान अचानक धराशायी हो गया। उस वक्त दंपत्ति घर के बाहर थे।

देखते ही देखते पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया। घर में रखा दाल, चावल, आटा, तेल, नमक और बर्तन-भांडा सब मलबे में दबकर खराब हो गया। अब दंपत्ति के पास खाने तक को कुछ नहीं बचा है।घर गिरने के बाद बुजुर्ग दंपत्ति गांव में ही स्थित एक सरकारी भवन में शरण लेने को मजबूर हैं। खाने-पीने के लिए गांव के लोगों की मदद पर निर्भर हैं। पीड़ित ने बताया कि अब सिर छुपाने को छत नहीं है और न ही खाने को अनाज। वहीं गांव के ही विजय कुमार के घर की एक दीवार बारिश की वजह से गिर पड़ी। विजय की पत्नी उर्मिला देवी ने बताया कि दीवार गिरने से मकान तो बच गया, लेकिन परिवार दहशत में है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दोनों परिवार सरकार की तरफ आस लगाए खड़े हैं कि कोई उनका सहारा बने। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर राजस्व टीम भेजकर नुकसान का आंकलन किया जाए और पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत व आवास योजना का लाभ दिया जाए। उपजिलाधिकारी मड़िहान सन्तोष कुमार ओझा ने बताया कि दैवीय आपदा के शिकार हुए परिवार को चिन्हित कर सरकार की मंशानुरूप लाभ देने के साथ प्रधानमंत्री आवास पात्र सूची में नाम डाला जाएगा।

## काश्तकारों ने न्यायालय में ताला बंद कर किया प्रदर्शन



लालगंज, मीरजापुर। तहसील परिसर में रतेह चकबंदी अधिकारी का न्यायलय स्थिति है काश्तकारो, आरोप है कि चकबंदी अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा पत्रावलियों में हेरा फेरी कर बिना साक्ष्य सबूत का अवसर दिए और काश्तकारों का आरोप है का आवश्यक कागजातों को पत्रावली से निकल कर आदेश किया जरहा है चकबंदी अधिकारी का इसी माह में सेवानिवृत्ति होना है इसलिए बड़े पैमाने पर कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने के नियत से पत्रावलीयों में आदेश पारित कर रहे हैं, इसी को लेकर चकबंदी अधिकारी रतेह के सामने मंगलवार को तहसील परिसर स्थित रतेह चकबंदी कार्यालय के सामने काश्तकारों ने प्रदर्शन किया। दो दर्जन से अधिक काश्तकारों ने कार्यालय पहुंचकर नाराजगी जताई और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। प्रदर्शनकारी काश्तकारों का आरोप था कि चकबंदी अधिकारी के नियमित रूप से कार्यालय नहीं आ रहे फाइलों के निस्तारण अपने आवास पर चोरी छिपे करा रहे है। इसके चलते काश्तकारों को अपने मामलों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने चकबंदी कार्यों में तेजी लाने की मांग की।वहीं एसओसी अशोक तिवारी ने बताया कि उनकी तबीयत खराब चल रही है और वह सेवानिवृत्ति के कगार पर हैं। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर उनके स्थान पर दूसरे चकबंदी अधिकारी को कार्यभार सौंप दिया जाएगा।प्रदर्शन में चंद्रशेखर, राकेश, श्यामलाल, गोपाल, इंद्रावती, राजनारायण, शोभनाथ, कौशल सिंह, वीरेंद्र प्रजापति और रामअचल समेत अन्य काश्तकार शामिल रहे।

## सऊदी में अपनी कविताओं की प्रस्तुति देंगे डॉ. सरफराज नवाज

आजमगढ़। सऊदी अरब के जिद्दा शहर में 28 अगस्त को होने वाले ग्रैण्ड मुशायरा में आजमगढ़ के नामचीन कवि डा सरफराज नवाज शिरकत करेंगे और अपनी रचनाओं से दो मुल्कों में प्रेम घोलेंगे। बताते चले कि काउंसलेट जनरल ऑफ जेद्दा सऊदी अरब और यूपी फोरम जिद्दा की ओर से भारत उत्सव जश्न-ए-आजादी के शीर्षक से 28 अगस्त 2026 को सऊदी अरब के शहर जिद्दा में एक ग्रैण्ड मुशायरे का आयोजन किया गया है। जिसमे शिब्ली नेशनल पीजी कालेज में अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर व अंजान शहीद निवासी डा. सरफराज नवाज शिरकत करते हुए प्रदेश का नाम रोशन करेंगें। उनकी शिरकत से जनदवासियों और साहित्यिक जगत में हर्ष व्याप्त है। लोग उन्हे बधाई दे रहे है। उक्त जानकारी मशहूर कवि मैकश आजमी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में प्रख्यात कवियत्री शबीना अदीब, इकबाल अशहर सहित बड़े बडे विश्वस्तरीय कवि और कवियत्रियों का उपस्थित हो रही है, उसमे आजमगढ़ के कवि की उपस्थिति से जनपदवासी गौरवान्वित है।

## 71 प्राविधिक सहायकों को मिले नियुक्ति पत्र

जौनपुर। कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्तिध्चयन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवनियुक्त प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया और मुख्यमंत्री का संबोधन सुना गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने बताया कि जनपद में कुल 71 प्राविधिक सहायकों का चयन हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी ने भी नवनियुक्त प्राविधिक सहायकों को शुभकामनाएं दीं और कृषि एवं किसान हित की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा। संचालन डिप्टी पीडी आत्मा डॉ. रमेश चंद्र यादव ने किया। उप कृषि निदेशक अश्वनी सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, समेत अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और कर्मचारी मौजूद रहे।

## अर्चिशा सिन्हा को मिला मुख्यमंत्री का प्रशस्ति पत्र

जौनपुर। जिले के मछलीशहर कस्बे के कटरा मोहल्ला निवासी अर्चिशा सिन्हा पुत्री विकास सिन्हा व पौत्री हरी मोहन सिन्हा को राजस्थान कक्षा 10 के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान के मुख्य मंत्री भजन लाल ने वहां एक समोरोह के दौरान अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि परीक्षा में उत्कृष्ट अक पाकर अर्चिशा ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। यह उपलब्धि ना केवल आपके माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

## कुएं में दिखा 10 फिट का मगरमच्छ, दहशत

मड़िहान, मीरजापुर। जिले के एक कुएं में मौजूद मगरमच्छ को देख ग्रामीणों के हलक सूख रहे हैं। अभी तक मगरमच्छ को पकड़ने में वन विभाग भी विफल रहा है। जानकारी के मुताबिक मड़िहान थाना क्षेत्र के अमोई 84 गांव में दीनानाथ यादव के कुएं में 10 फुट का मगरमच्छ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसे पकड़ने के लिए सिरसी वन रेंज के वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम आई, लेकिन कुएं में होने एवं ग्रामीणों के भीड़ के कारण मगरमच्छ कुएं में अंदर बैठ जा रहा है जिससे उसमें जाल भी नहीं डाला जा सकता, इसलिए उसको नहीं पकड़ा जा सका है। ऐसे में बिना मगरमच्छ को पकड़े ही वन विभाग की टीम वापस लौट गई। इस संबंध में सिरसी वन रेंज के रेंज अधिकारी गिरिराज गोवर्धन गिरी ने बताया कि कुएं में होने एवं ग्रामीणों के भीड़ के कारण मगरमच्छ को नहीं पकड़ा जा सका, उस पर ग्रामीणों को ध्यान देना होगा नहीं तो मगरमच्छ कुछ घटना कर सकता है।

## दुर्घटना में घायल पत्रकार की थमी सांस, क्षेत्र में शोक की लहर

लालगंज, मीरजापुर। कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी बेलन बरौंधा अंतर्गत ग्राम मटीखना निवासी पत्रकार पप्पू सिंह कुशवाहा 44 वर्ष की उपचार के दौरान मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। रोड एक्सीडेंट होने के कारण इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जो कि पप्पू सिंह कुशवाहा अपने घर के मुख्य कर्ताधर्ता रहे और उनके पास तीन बेटियां और एक बेटा है। मृत्यु की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया और गांव क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनके बेटे मुकेश कुमार कुशवाहा द्वारा बताया गया कि हमारे पिता पप्पू सिंह कुशवाहा पुत्र चित्तू सिंह निवासी ग्राम मटीखना थाना लालगंज जनपद मिजार्पुर उम्र करीब दिनांक बताते चलें कि वह 3 अगस्त 2026 को बिहार राज्य के ग्राम नरहन थाना रामगढ जनपद कैमुर भभूआ अपने नाना के तेरहवीं कार्यक्रम में गए थे। जहां से 4 अगस्त को अपने निवास स्थान मटिखना के लिए बाइक से निकले थें बिहार से वापस आते समय मिजार्पुर जनपद के पड़री थाना क्षेत्र के ग्राम पथरहा चौराहा राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी अज्ञात वाहन के ड्राइवर द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तेज रफ्तार से उन्हें टक्कर मार दिया गया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें स्थानीय लोगों एवं राहगीरों द्वारा आनन-फानन में 108 नंबर एंबुलेंस सेवा द्वारा मंडली चिकित्सालय मिजार्पुर ले जाया गया। जहां से डॉक्टर द्वारा उपचार कर गंभीर अवस्था देखते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते वाराणसी से पुनः मिर्जापुर मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां सोमवार को उन्होंने दम तोड़ दिया।

## पैलेस में लगी आग से सामान जलकर राख

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में नेशनल हाईवे बरवर रोड स्थित एक पैलेस में अज्ञात कारणों के चलते रात में आग लग गई कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया तब तक रखा सारा सामान जलकर राख हो गया जिसकी कीमत अनुमानित 10 लख रुपए से अधिक बताई गई है। संचालक ने भले की सूचना पुलिस को दी है। कस्बा के प्रमुख व्यापारी महेश सिंह ने पैलेस को अनुबंध पर लिया था। जिसमें भारी मात्रा में कीमती सामान रखा हुआ था। सोमवार रात 9 बजे करीब अचानक आग की तेज लपटो के साथ धुएं के भारी गुब्बार उठते देख लोगों ने सूचना दी जिस पर उन्होंने फायर ब्रिगेड और और पुलिस बल के लोग मौके पर पहुंच गए घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका तब तक 10 लाख से अधिक कीमत का रखा सामान जलकर राख हो चुका था। सूचना मिलते ही देर रात विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर पैलेस के प्रबंधक को ढाढस बंधाया है। वहीं उन्होंने पुलिस से अराजक तत्व की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही है।

## गन्ने की फसल में रोगों की पड़ताल किसानों को बताए बचाव के उपाय

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गन्ने की फसल को रोगों से बचाने और किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती के प्रति जागरूक करने के लिए बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गन्ना फसल का निरीक्षण किया गया। मुख्यालय से आए एजीएम केन कॉरपोरेट अशद शेख ने चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी.एस. चतुर्वेदी एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ खेतों में पहुंचकर फसल की स्थिति देखी और किसानों को रोगों से बचाव के जरूरी उपाय बताए। अधिकारियों की टीम ने कीरतापुर, कोरैया, खरगापुर, हैदराबाद, रोशननगर, कैमा, मझिगवां सहित अन्य गांवों में किसानों के खेतों का भ्रमण किया। इस दौरान नीरज कुमार, कौशल कुमार, मनेश्वर, लल्लू राम सहित अन्य किसानों के खेतों में गन्ने की फसल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों के लक्षणों की जांच करते हुए किसानों को समय रहते आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान को-0238, को-5011 एवं को.एस.-8436 प्रजाति के कुछ खेतों में लाल सड़न रोग के लक्षण पाए गए। अधिकारियों ने किसानों को रोग के लक्षणों की पहचान और उसके नियंत्रण के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान ओडी शर्मा, राजीव शर्मा, सहायक महाप्रबंधक गन्ना सहित चीनी मिल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों ने पेड़ पौधों को बांधे रक्षा सूत्र

मोहम्मदी खीरी। उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी के किड्स सेक्शन की छात्राओं ने रक्षाबंधन त्योहार के पूर्व पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर प्राकृतिक संपदा के प्रति अनूठे प्रेम का संदेश दिया है। मंगलवार को कोऑर्डिनेटर नंदिनी पांडे, सोफिया खान और राखी सिंह के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ त्योहार के पूर्व प्रकृति के प्रति अनूठे प्रेम की भावना को प्रदर्शित करते हुए विद्यालय परिसर में लगे पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर प्राकृतिक संपदा के प्रति प्रेम का संदेश दिया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सनी गुप्ता ने छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा बच्चों के जीवन की पहली पाठशाला से उन्हें प्राकृतिक संपदा के प्रति अपने व्यवहार को संरक्षित रखने का जज्बा उनके अंदर भरने के प्रयास की सराहना की है।

संक्षेप

## नववर्ष मेला समिति रक्तदान शिविर आज

**मथुरा।** रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में नववर्ष मेला समिति मथुरा के तत्वावधान में सदभावना चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर सरस्वती शिशु मन्दिर दीनदयाल नगर मथुरा में कल (आज) प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। यह जानकारी समिति महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने दी है। मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया है कि यह रक्तदान शिविर समिति के सेवा प्रकल्प के अंतर्गत हो रहा है। रक्तदान दाताओं के लिए उपहार, जलपान, प्रमाण-पत्र और वालन्टियर कार्ड भी दिया जायेगा।

## संशोधन प्रार्थना पत्र पर हिंदू पक्ष दाखिल करेगा आपत्ति

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति अविनाश सक्सेना की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान संशोधन प्रार्थना पत्र पर हिंदू पक्ष को आपत्ति दाखिल करने का अवसर दिया गया। अदालत ने इसके लिए हिंदू पक्ष से आपत्ति मांगी है। अब मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि मंगलवार को अदालत में संशोधन प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। अदालत ने हिंदू पक्ष को इस पर अपनी आपत्ति दाखिल करने के लिए कहा है। इसके बाद मामले में आगे की न्यायिक प्रक्रिया जारी रहेगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में मंगलवार की सुनवाई पर पहले से ही पक्षकारों और समर्थकों की नजर थी। मंगलवार की सुनवाई में संशोधन प्रार्थना पत्र पर हिंदू पक्ष को आपत्ति दाखिल करने का निर्देश मिलने के बाद अब अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी। इस तारीख पर हिंदू पक्ष की आपत्ति और उसके बाद मामले की न्यायिक प्रक्रिया को लेकर आगे की दिशा स्पष्ट होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में लोअर अदालत और प्रतिनिधि वाद पर अभी सुनवाई होनी है।

## ठा. द्वारकाधीश मंदिर में सजी अलौकिक लहरिया घटा

**मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में सावन मास के पावन प्रसंग पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार शाम मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के निर्देशन में होता है। इसी परंपरा के तहत मंगलवार ठाकुर जी महाराज लहरिया घटा में विराजमान हुए। इस विशेष अवसर पर संपूर्ण मंदिर प्रांगण को सतरंगी लहरिया कपड़ों, रंग-बिरंगी लाइट्स और सुगंधित फूलों से बेहद भव्य तरीके से सजाया गया, जिसमें 9 सुंदर हिंडोले मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। पुष्टिमार्गीय परंपरा में ठाकुर जी को लाड़ लड़ाने के लिए उन्हें घटा और हिंडोले में विराजमान कराया जाता है। श्री तिवारी ने बताया कि घटा का मुख्य तात्पर्य ठाकुर जी को बाहर के सुहाने मौसम की अनुभूति करवाना है। यह धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान पूरे सावन मास निरंतर जारी रहेगा। जानकारी देते हुए बताया गया है कि कल सायं काल 5:10 से 5:40 बजे तक ठाकुरजी महाराज गुलाबी मखमल के विशेष हिंडोले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दिव्य दर्शन देंगे।

# तीन अवैध कॉलोनियों पर विप्रा का चला बुलडोजर





**मथुरा (मधुसूदन शर्मा)।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणों और कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज बड़ी कार्रवाई की गई। उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन. के निर्देशन तथा सचिव आशीष कुमार सिंह नेतृत्व में प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने तीन अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया।

गौतरलब हो कि वृंदा ग्रेस कॉलोनी (जैंत) स्थित सुरेंद्र उत्रेजा द्वारा वीआईपी रोड, मौजा जैंत पर बिना किसी पूर्व विधिक स्वीकृति या मानचित्र अनुमोदन के लगभग 18,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में सड़क, पार्क, मंदिर और गेट बनाकर वृंदा ग्रेस

- बाउंड्रीवॉल और सड़कें ध्वस्त

नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 के तहत वाद दर्ज कर 13 जुलाई 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया था। निर्धारित अवधि में अवैध निर्माण न हटाने पर आज प्रवर्तन दल ने यहाँ कार्रवाई की। वहीं श्याम लाल द्वारा नारायण गांव से आगे मौजा सुनरख बांगर, वृंदावन में बिना अनुमति के लगभग 3,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में श्री राधिका रानी निकुंज नाम से अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। इस मामले में 23 जून 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया था। वहीं मुकेश द्वारा मौजा देवी आटस (वृंदावन आर्चिड के पीछे चक रोड पर) लगभग 12,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध रूप से सड़क, ऑफिस और बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा था। इसके संबंध में 18 जून 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित हुआ था। विकासकताओं द्वारा नियत अवधि में अवैध निर्माण स्वयं न हटाने के बाद, आज प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने तीनों स्थलों पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई बाउंड्रीवॉल, गेट, भूखंडों की प्लिंथ और इंटरलॉकिंग सड़कों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। विप्रा की उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निमार्णों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## महिलाओं ने गोवर्धन तहसील पर किया थाली बजाकर प्रदर्शन

**मथुरा।** गोवर्धन में तहसील प्रशासन की कथित कार्यप्रणाली से नाराज महिलाओं ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। महिलाएं थाली बजाते हुए गोवर्धन तहसील परिसर पहुंचीं और प्रशासन को जगाने का संदेश दिया। इस दौरान थाली बजाते हुए महिलाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महिलाओं ने अपने प्रदर्शन के दौरान तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार समेत विभिन्न मामलों में गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि कई समस्याओं को लेकर अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। इसी नाराजगी के चलते उन्होंने थाली बजाकर प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोरोना काल के लॉकडाउन के समय थाली बजाने के आह्वान का हवाला देते हुए कहा कि जिस तरह उस समय थाली बजाकर लोगों को एकजुटता का संदेश दिया गया था, उसी अंदाज में अब वे तहसील प्रशासन को जगाने के लिए थाली बजा रही हैं।

महिलाओं का आरोप है कि गांव के मुख्य रास्तों पर महीनों से गंदा पानी और कीचड़ जमा है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को निकलने में परेशानी हो रही है। जलभराव और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, उनका विरोध जारी रहेगा। ग्रामीणों ने शिकायत पत्र में बताया कि बीते जून माह में तहसीलदार और वीडीओ ने मौके का निरीक्षण किया था। उन्होंने तालाब की सफाई, खुदाई और जल निकासी दुरुस्त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। समाजसेविका चैधरी विनोदी सिंह ने तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और त्वरित समाधान की मांग की।

तहसील परिसर में थाली और लोटों की आवाज सुनकर गोवर्धन के एसडीएम सुशील कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं की शिकायतें सुनीं और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। महिलाओं की मुख्य मांगों में गांव से गंदे पानी की निकासी, रास्तों से कीचड़ की सफाई और तालाब की खुदाई का स्थायी समाधान शामिल है। एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों को उम्मीद है कि महरौली गांव को जल्द ही इस समस्या से राहत मिलेगी।

## अमेठी की एके-203 फैक्ट्री ने बदली पहचान

अमेठी स्थित कोरवा की एके-203 फैक्ट्री अब महज विदेशी डिजाइन की राइफल की असेंबलिंग तक सीमित नहीं रही है। इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड ने पहली बार भारतीय उद्योगों के शत-प्रतिशत कंपोनेंट और कच्चे माल से एके-203 'शेर' राइफल तैयार कर उसका सफल परीक्षण किया है। कंपनी अब सितंबर में भारतीय सेना के अंतिम ट्रायल के लिए स्वदेशी प्रोटोटाइप तैयार कर रही है। इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक मेजर जनरल एस.के. शर्मा ने अपने आधिकारिक लिंक्डइन पोस्ट के जरिए इस उपलब्धि की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कंपनी सितंबर 2026 में भारतीय सेना के अंतिम ट्रायल के लिए शत-प्रतिशत स्वदेशी प्रोटोटाइप का सेट सौंपने की तैयारी कर रही है।

## हाईवे पर 1200 किलो पनीर किया नष्ट, कोसीकलां में पकड़ी तीन लाख कीमत की खेप

**मथुरा।** रक्षाबंधन के मद्देनजर जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र, लखनऊ और डीएम, मथुरा के आदेशों के अनुपालन में एक विशेष अभियान चलाया गया।सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह के निर्देशन और नेतृत्व में गठित खाद्य सचल दल ने बजरंग डेयरी (बाजना) प्रोपराइटर सत्तो के यहाँ से पनीर और स्किम्ड मिल्क पाउडर का एक-एक नमूना, वीरेन्द्र डेयरी (बाजना) यहाँ से मिश्रित दूध का एक नमूना, शिवम डेयरी (बाजना) प्रोपराइटर जितेन्द्र सिंह के यहाँ से पनीर का एक नमूना, मिष्ठान भंडार (भूतेश्वर तिराहा)रू यहाँ से घेवर और पेड़े का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया है। इस प्रकार कुल 07 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला में भेज दिए गए हैं। विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मानकों के विपरीत पाए जाने वाले संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस छापामार और नमूना संग्रह कार्रवाई में खाद्य सचल दल के राज्य सचल दल सदस्य सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह कुशवाह, रीना शर्मा और नेहा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## संस्कृति विवि में भव्य दीक्षारंभ 2026 आयोजित

- नगर आयुक्त और मेजर जनरल जीडी बख्शी ने नये विद्यार्थियों में भरा जोश



**मथुरा।** संस्कृति विवि का तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम 2026 अपनी भव्य परंपराओं के साथ संतोष मैमोरियल ऑडिटोरियम के मंच पर शुरू हुआ। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने न केवल नए विद्यार्थियों का स्वागत किया, बल्कि उन्हें भविष्य निर्माण के लिए महत्वपूर्ण मूल्य, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण के गुर भी सिखाए। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने विद्यार्थियों को विज्ञान, तार्किक बुद्धि और मजबूत चरित्र का महत्व समझाया। उन्होंने रामायण का संदर्भ देते हुए बताया कि किस प्रकार केवल चरित्र के अभाव में रावण को पराजय का सामना करना पड़ा था। उन्होंने अपने बलिया कार्यकाल के दौरान ग्रामीण महिलाओं द्वारा शुरू किए गए दलिया और सत्तू निर्माण स्टार्टअप का उदाहरण देते हुए युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने और कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाओं की तलाश करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे मेजर जनरल जीडी बख्शी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से युवाओं में राष्ट्रभक्ति और निडरता का संचार किया। उन्होंने सैनिकों की वीरता के किस्से सुनाते हुए कहा कि डर का सामना कर उस पर काबू पाना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से देश के लिए समर्पित रहने और अपने जीवन में देशभक्ति के मूल्यों को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खुद पर भरोसा रखें, ईमानदारी अपनाएं और दूसरों की प्रतिक्रिया की चिंता किए बिना अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में जुट जाएं। उन्होंने पढ़ाई के दौरान 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य बताते हुए हर सेमेस्टर में एक ऑनलाइन कोर्स करने और असफलताओं से न डरने की सलाह दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने अतिथियों का स्वागत किया और नवीन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसओईआईटी के डीन डॉ. पंकज गोस्वामी, परीक्षा नियंत्रक विभाग के विनोद सारस्वत और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के प्रिंसिपल डॉ. कंचन कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की शिक्षण प्रणालियों और छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर शुभांगी सक्सेना ने किया।

# रामसिंह महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित




**टूंडला।** रामसिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर टूंडला में जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद की ओर से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत एकदिवसीय निःशुल्क वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन टूंडला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने फीता काटकर किया। विधायक ने रोजगार मेला आयोजित करने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय की सराहना करते हुए प्रतिभागी नियोजकों का आभार जताया। उन्होंने बेरोजगार अभ्यर्थियों से विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर रोजगार के अवसर प्राप्त करने का आह्वान किया। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों सहित कुल 18 नियोजकों ने प्रतिभाग किया। मेले में 1125 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण एवं प्रतिभाग किया, जिनमें से चयन प्रक्रिया के बाद 175 अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अभ्यर्थियों को जनपद में आयोजित होने वाले तहसील स्तरीय रोजगार मेलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी आगामी रोजगार मेलों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें और अपनी योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप कंपनियों में रोजगार के अवसर तलाशें। जिला सेवायोजन अधिकारी खुशबू शाक्य ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं रोजगार संबंधी सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजकीय आईटीआई जारखी की प्रधानाचार्य हेमलता यादव, राजकीय पॉलीटेक्निक भौडेला टूंडला के प्रधानाचार्य मधुवन प्रसाद, रामसिंह महाविद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित जिला सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## कमल हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ क्षेत्र में 23 अगस्त को निमार्णाधीन मकान में मिले कमल के शव के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी आकाश को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, मृतक का मोबाइल फोन, कपड़े और घटना में प्रयुक्त लोडर टिर्री बरामद की है। पुलिस के अनुसार 23 अगस्त को नगला गुलरिया स्थित एक निमार्णाधीन मकान में एक युवक का नग्न अवस्था में शव मिला था। मृतक की पहचान कमल निवासी नगला केसरी थाना एत्मादपुर आगरा के रूप में हुई थी। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ में आरोपी आकाश पुत्र श्याम सिंह निवासी नगला गुलरिया के खिलाफ हत्या की धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई थीं। इसी क्रम में रामगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हत्या का वांछित आरोपी आकाश शांती रोड पर छिपकर घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तो आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी आकाश ने बताया कि 22/23 अगस्त की रात कमल ने उससे नगला गुलरिया तक लिफ्ट मांगी थी। वहां पहुंचने के बाद आरोपी ने कमल के साथ कुकर्म करने का प्रयास किया, जिसका कमल ने विरोध किया। विरोध से क्षुब्ध होकर आरोपी ने कमल के सिर पर ईंट से वार कर उसकी हत्या कर दी और शव को नग्न अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त लोडर टिर्री मृतक का रियलमी मोबाइल फोन तथा मृतक के कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 122 जोड़ों का विवाह हुआ संपन्न गूंजे मंगलगीत



**फिरोजाबाद/टूंडला।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लक्ष्मी फार्म हाउस, पीपल चौकी, चुल्हावली रोड टूंडला में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 122 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 110 हिंदू और 12 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिलाधिकारी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सरकार की अनूठी एवं महत्वपूर्ण पहल है। सामान्य परिवारों में रोजगार, बच्चों की शादी और आकस्मिक चिकित्सा जैसी प्रमुख चिंताएं होती हैं। सरकार प्रत्येक क्षेत्र में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटी के जन्म के बाद अभिभावक उसकी शादी के लिए थोड़ी-थोड़ी बचत करते हैं, लेकिन विवाह के समय पूरी जमा पूंजी खर्च हो जाती है। ऐसे में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से अभिभावकों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इससे उन्हें बेटियों के विवाह को लेकर आर्थिक चिंता से काफी हद तक राहत मिलती है। जिलाधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ तीन लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले पात्र परिवारों को दिया जा सकता है। नववधू के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए योजना के तहत निर्धारित धनराशि उनके खाते में भी प्रेषित की जा रही है। उन्होंने जनपद के सभी पात्र एवं वंचित परिवारों से अपील की कि जिनके विवाह तय हो चुके हैं, वे आगे आकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के चलते अब सामान्य परिवारों को अपनी बेटियों के विवाह की चिंता नहीं रह गई है। सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न धर्मों एवं जातियों के जोड़ों का एक साथ विवाह कराकर सरकार सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा दे रही है।

## बारावफात को लेकर एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को किया ब्रीफ

**फिरोजाबाद।** आगामी बारावफात पर्व को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए फिरोजाबाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने पुलिस लाइन सभागार में बारावफात ड्यूटी में लगाए गए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ किया। ब्रीफिंग के दौरान एसएसपी ने बारावफात जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर सतर्कता तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय से पहुंचकर पूर्ण सतर्कता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें। एसएसपी ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिसकर्मी लगातार सतर्क रहें और स्थानीय परिस्थितियों पर पैनी नजर बनाए रखें। उन्होंने बारावफात पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया।

# महिला आयोग की सदस्या ने महिलाओं की जनसुनवाई की




**फिरोजाबाद।** राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने निरीक्षण भवन में पीड़ित महिलाओं की समस्याओं की जनसुनवाई की, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था, जनसुनवाई के दौरान सदस्य महिला आयोग ने सम्बंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि महिलाओं से संबंधित जो भी शिकायतें लंबित हैं, उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए, पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि थानों में आने वाली महिलाओं की शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और गंभीर मामलों में बिना किसी देरी के एफआईआर दर्ज की जाए, आज की जनसुनवाई के दौरान कुल 6 शिकायतें आई, इन मामलों में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न और संपत्ति विवाद जैसे विभिन्न गंभीर प्रकरण सामने आए, महिला आयोग की सदस्य ने एक-एक कर सभी पीड़ित महिलाओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को बेहद गंभीरता पूर्वक सुना, उन्होंने अंत में कहा कि हमारा उद्देश्य है कि कोई भी पीड़ित महिला न्याय की आस में भटकने को मजबूर न हो, प्रशासन और पुलिस से समन्वय बनाकर महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के लिए तत्पर रहना होगा, इस दौरान उप जिलाधिकारी शालिनी देवी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर इत्यादि अधिकारी मौजूद रहें। इसके पश्चात राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी जिला अस्पताल परिसर सौ सैय्या अस्पताल पहुंची, जिला अस्पताल परिसर सौ सैय्या अस्पताल में प्रसूति विभाग में महिला कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्या एवं एसडीएम शालिनी देवी, सीएमएस नवीन जैन, आदि डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ के साथ प्रसूता महिलाएं एवं उनके पारिवारिक जन मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन महिला कल्याण विभाग द्वारा किया गया जिसमें समस्त को संबोधित करते हुए जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक बेहद उपयोगी योजना है जिसका मकसद बेटियों को जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई तक आर्थिक मदद देकर उन्हें सशक्त बनाना है। यह योजना सिर्फ आर्थिक मदद नहीं देती, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करती है, बालिकाओं का स्वास्थ्य और शिक्षा सुनिश्चित करती है, कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह दोनों को रोकने में मदद करती है। योग्य परिवार इस योजना का लाभ अवश्य लें और अपनी बेटियों का उज्ज्वल भविष्य तैयार करें। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग सदस्य मीना कुमारी द्वारा सभी का अभिनंदन करते हुए सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रकाश डाला और बेटियां किसी से कम नहीं, बेटियों को बोझ नहीं समझें, उन्हें बेहतर पोषण पढ़ाई और समान अधिकार मिलने का प्रयास किया जाए जिससे वह सशक्त नागरिक बनकर सामने आए।

## डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा मंगलवार को विकास खण्ड टूण्डला के कम्पोजिट विद्यालय, टूण्डला का स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन एवं शिक्षण-अधिगम की स्थिति का जायजा लिया गया। विद्यालय में 01 इंचार्ज प्रधानाध्यापक 09 सहायक अध्यापक, 02 शिक्षामित्र एवं 02 अनुदेशक सहित कुल 14 कार्मिक कार्यरत पाए गए। निरीक्षण के समय एक सहायक अध्यापिका आकस्मिक अवकाश पर थीं तथा शेष स्टाफ उपस्थित पाया गया।

विद्यालय में 414 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जिनमें से 242 उपस्थित मिले। मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत वितरित दाल एवं चावल की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। इस दौरान कक्षा-6, 7 एवं 8 में पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा संचालित थी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद फिरोजाबाद में दिनांक 12 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल एवं प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद की सचिव की अध्यक्षता में जनपद के समस्त बैंक प्रबंधकों प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण से संबंधित प्री-लिटिगेशन एवं लंबित प्रकरणों के अधिकाधिक निस्तारण हेतु विस्तृत चर्चा की गई। सचिव द्वारा समस्त बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने बैंक से संबंधित समझौता योग्य प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करते हुए पक्षकारों को समय से नोटिस प्रेषित कराएं तथा उनसे प्रभावी संपर्क स्थापित कर आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से अधिकतम प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। सचिव द्वारा निर्देश दिए गए कि राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैंक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा ऋण संबंधी मामलों में पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से विवादों के त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के लाभों से अवगत कराया जाए। बैठक में बैंक प्रबंधकों से अपेक्षा की गई कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु संदर्भित कराएं तथा सार्थक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।बैठक के अंत में समस्त बैंक प्रबंधकों प्रतिनिधियों द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिकाधिक बैंक ऋण संबंधी प्रकरणों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराए जाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

# प्राविधिक सहायकों (ग्रुप-सी) को नियुक्ति पत्र वितरित

- डीएम ने सभी को अपने कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करने के लिए प्रोत्साहित किया



**मथुरा।** लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि विभाग के लिए नव चयनित 3446 प्राविधिक सहायकों एवं 126 मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। लखनऊ में आयोजित उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मथुरा के कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, उप कृषि निदेशक आवेश कुमार सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, सभी 35 नव चयनित प्राविधिक सहायक, अभ्यर्थियों के अभिभावक एवं कृषि विभाग के अन्य कर्मचारीगण द्वारा उक्त लाइव कार्यक्रम को देखा गया।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के नव चयनित 35 प्राविधिक सहायकों (ग्रुप-सी) को नियुक्ति पत्र वितरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पल आप सभी के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण, गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय है। आप सभी ने अपनी मेहनत, लगन, धैर्य और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि के लिए मैं आप सभी को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। सफलता केवल किसी परीक्षा या चयन में प्राप्त होने वाला परिणाम नहीं है, बल्कि यह निरंतर प्रयास, अनुशासन और कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का परिणाम है। आप सभी ने अनेक चुनौतियों और संघर्षों का सामना करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। आपकी यह सफलता आपके परिवार के लिए गर्व का विषय है और समाज के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा भी है।आप अपने कार्यों में निष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समर्पण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सदैव यह स्मरण रखें कि आपके कार्य और व्यवहार से न केवल आपकी व्यक्तिगत पहचान बनेगी, बल्कि आपके विभाग एवं शासन-प्रशासन की छवि भी निर्धारित होगी। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने पर सभी नव चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे।

# शिक्षा सुधारों की पहल

हम शिक्षा व्यवस्था को लेकर दशकों से विमर्श करते रहे हैं और इसका लब्बोलुआब मैकाले को कोसने तक सीमित रहा है। लेकिन बीते दो-तीन दशक में जिस तरह बदलाव हुआ। दुनिया परम्परागत सरोकारों से आगे बढ़कर अब प्रौद्योगिकी पर निर्भर हो गयी है। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था में भी आधुनिक जरूरतों, उद्योग-व्यापार के अनुकूल बदलाव की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। प्रौद्योगिकी, आधुनिक कृषि, जलवायु परिवर्तन और रोजगार के बदलते स्वरूप ने शिक्षा के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। आज के विद्यार्थी को ऐसे भविष्य के लिए तैयार करना है जिसमें उसके सामने नये प्रकार के काम, नई तकनीकें और लगातार बदलती परिस्थितियां होंगी। इसलिए अब प्रश्न केवल यह नहीं है कि हम बेहतर तरीके से कैसे पढ़ाएं? बड़ा प्रश्न यह है कि बदलती दुनिया के लिए हमारी उच्च शिक्षा कैसी होनी चाहिए? अब भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुरूप उच्च शिक्षा




की दिशा तय करनी होगी। परंपरागत व्यवस्था में शिक्षा को प्रायः ज्ञान, परीक्षा और डिग्री के आधार पर समझा जाता रहा है। डिग्री का महत्व आज भी है और आगे भी रहेगा, लेकिन अब केवल डिग्री को शैक्षणिक सफलता का अंतिम प्रमाण मानना पर्याप्त नहीं होगा। भविष्य की शिक्षा में ज्ञान के साथ चिंतन, कौशल, चरित्र, अनुभव और बदलती परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने की क्षमता का विकास भी आवश्यक है। उच्च शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य ऐसे युवा तैयार करना होना चाहिए जो केवल नौकरी खोजने वाले न हों, बल्कि समस्याओं को समझ सकें, समाधान खोज सकें, नई परिस्थितियों में सीख सकें और आवश्यकता पड़ने पर नये अवसर भी पैदा कर सकें। यही अंतर नौकरी की तैयारी और जीवन तथा करियर के लिए क्षमता निर्माण के बीच है। आज का विद्यार्थी केवल पाठ्यपुस्तक और परीक्षा तक सीमित नहीं रह सकता। उसे वास्तविक जीवन की समस्याओं से जुड़ना होगा। उसे परियोजनाओं, शोध, इंटर्नशिप, सामुदायिक कार्य, उद्यमिता और व्यावहारिक अनुभवों से सीखना होगा। आज सूचना की कोई कमी नहीं है। इंटरनेट, डिजिटल पुस्तकालय और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से विद्यार्थी कुछ ही क्षणों में बहुत बड़ी मात्रा में जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि शिक्षक का महत्व कम हो गया है। बल्कि शिक्षक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। शिक्षक को अब केवल जानकारी देने वाला नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया का मार्गदर्शक बनना होगा। उसे विद्यार्थियों को सही और गलत सूचना में अंतर करना, बेहतर प्रश्न पूछना, तर्क करना, जटिल विषयों को समझना, सहयोग करना और जिम्मेदारी के साथ निर्णय लेना सिखाना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में भी हमें न तो इससे डरने की आवश्यकता है और न ही इसके प्रति अंध-आस्था की। तकनीक का उद्देश्य शिक्षा को बेहतर बनाना होना चाहिए, शिक्षक का स्थान लेना नहीं। भविष्य की उच्च शिक्षा तकनीक-सक्षम हो, लेकिन तकनीक-निर्भर नहीं। हमे ऐसी शिक्षा की जरूरत है जो हमारी औद्योगिक, और कारोबारी जरूरतों को पूरा करने के साथ ही जैव-विविधता, बागवानी, पर्यटन, जल संसाधन, वन, स्थानीय ज्ञान, सांस्कृतिक विरासत, अक्षय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन की चनौतियों का सामना करने में दक्ष बनाती हो। हमारे सामने आज बहुत चुनौतियां हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बीच अवसर भी बहुत हैं। बस हमे इन अवसरों का लाभ उठाने और चुनौतियों का सामने करने के लिए अनुकूल शिक्षा और प्रौद्योगिकी की जरूरत है।

### विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।
–संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।
–कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।
–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।
–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
–एडीसन.

# आपदाओं से बचाव का करें स्थायी इंतजाम

**नरेंद्र शर्मा**

> जब हर साल भारत में बाढ़ एक आपदा बनकर आती है, तो आजादी से अब तक करीब 78 सालों में विभिन्न सरकारों ने इससे निपटने का कोई स्थायी इंतजाम क्यों नहीं किया? क्या इसकी वजह यह है कि मौसमी आपदा से शासन-प्रशासन में बैठे बहुत से लोगों को अच्छी खासी कमाई हो जाती है?

गत वर्ष बाढ़, भू-स्खलन, बादल फटने और बिजली आदि गिरने से देश में हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। जिसमें सबसे ज्यादा मौतें उत्तराखंड, हिमाचल, असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र आदि में हुईं। अगर देश के अलग अलग राज्यों के अनुमानित नुकसान को समग्रता में देखा जाए, तो लगभग बीस हजार करोड़ रुपये का नुकसान बीते साल पूरे मानसून के दौरान 20 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा का नुकसान हुआ। बारिश का पैटर्न ज्यादातर राज्यों में बहुत स्ट्रांग था और जिन राज्यों में कमजोर था, वहां बारिश न होने से कई सौ करोड़ रुपये के नुकसान का भी अनुमान था। सवाल है जब हर साल भारत में बाढ़ एक आपदा बनकर आती है, तो आजादी से अब तक करीब 78 सालों में विभिन्न सरकारों ने इससे निपटने का कोई स्थायी इंतजाम क्यों नहीं किया? क्या इसकी वजह यह है कि इस मौसमी आपदा से शासन-प्रशासन में बैठे बहुत से लोगों को अच्छी खासी कमाई हो जाती है? ये लोग मालामाल हो जाते हैं? इसलिए हर साल हजारों जानें, जाने और करोड़ों अरबों रुपये का नुकसान होने के बावजूद देश में शासक प्रशासक वर्ग इस आपदा को गंभीरता से नहीं लेते? कहीं इसके पीछे राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी तो नहीं है? बाढ़ से जुड़ी योजनाएं अकसर लंबी अवधि की होती हैं और इनका चुनावों में किसी तरह का फायदा नहीं मिलता, क्योंकि बारिश के तुरंत बाद या बारिश के आसपास कभी चुनाव नहीं होते। आम चुनाव आमतौर पर या तो मार्च, अप्रैल में होते हैं या सर्दियों में और भारत में किसी भी आपदा को भुलाने के लिए 60 से 90 दिन बहुत होते हैं। इसलिए बाढ़ से जो विभीषिका पैदा होती है, जनधन की हानि होती है, उसका कोई असर चुनावों पर नहीं पड़ता और अगर चुनाव का साल न हो, तब तो बाढ़ जैसी परेशानियों के बारे में सोचा भी नहीं जाता। सवाल है क्या साल 2025 में जून और जुलाई के पहले हफ्ते में जो सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है, उसके कारण देश की अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ या



नुकसान। इससे भी बड़ी बात है कि जो नुकसान हुआ होगा, क्या उसके बारे में अगली बार नुकसान न हो, ऐसा गंभीरता से सोचा जायेगा? या फिर जैसे पिछले लगभग 78 सालों से चला आ रहा है, वैसा ही रूटीन साल होगा? याद रखिए, अगर हम बाढ़ को लेकर इतना ही उदासीन रहे, तो सन 2047 तक हम भारत को विकसित बनाने का जो ख्वाब देखते हैं, वह ख्वाब ही रह सकता है। यह समस्या भले अपने अपने फायदों के कारण शासन-प्रशासन में महत्वपूर्ण जगहों पर बैठे लोग न समझते हों, लेकिन देश के आम लोग जो इस बाढ़ से हर साल पीड़ित होते हैं, वो बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। इसलिए साल 2025 की सामान्य से बेहतर बारिश खुशियों के साथ जो समस्याओं पुलिंदा लेकर आयी थी, उसके बारे में अब गंभीरता से सोचना होगा, नहीं तो इस आपदा को लेकर हमारा यह चालू रवैय्या हमें हमेशा के लिए इसके साथ नत्थी कर देगा।

**चिंतन**

हम सब जानते हैं कि भारत आज भी मूलतः कृषि प्रधान देश है। भले हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में चौथे पायदान पर पहुंच गई हो और इस अर्थव्यवस्था में कृषि की हिस्सेदारी सिर्फ 18.2 फीसदी हो, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश की अभी भी 42 फीसदी आबादी सीधे तौर पर और करीब 10 फीसदी आबादी अप्रत्यक्ष तौर पर कृषि पर ही निर्भर है। इस तरह देखें तो खेती अभी भी आधे से ज्यादा भारतीयों की जीविका है। हमारे यहां बारिश का होना इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज भी आधे से ज्यादा खेती मानसून पर ही टिकी है और देश में पेयजल का भी 60 फीसदी से ज्यादा आधार बारिश का पानी ही है। इसके अलावा देश में जो जलविद्युत बनती है, उसके लिए भी बारिश का होना बहुत जरूरी है। इसलिए भारत जैसे देश में मानसून का जल्दी आना जैसे इस साल आया अच्छी खबर मानी जाती है। मौसम विभाग के अनुसार बीते साल जून से सितंबर के बीच 106 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। बारिश की सामान्य परिभाषा में 87 सेंटीमीटर का दीर्घकालिक औसत के 96 से 104 प्रतिशत के बीच माना जाता है।

इस बार अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। जबकि कुछ क्षेत्रों में बारिश कुछ कम भी हो सकती है, जिनमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िसा के कुछ हिस्से, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य शामिल हैं। सवाल है क्या यह औसत से ज्यादा बारिश का अनुमान खेती के लिए खुशहाली की सूचना है? इसका जवाब 'हां' में भी है और 'न' में भी। क्योंकि अनुभव बताता है कि ज्यादा बारिश अपने यहां दुधारी तलवार की तरह है। यह खेती के लिए खुशखबरी भी हो सकती है और कई बार यह खेती के लिए परेशानी का सबब भी बनती है। बीते साल करीब 10 दिन पहले मानसून सक्रिय हो गया, इसलिए जुलाई के महीने में होने वाली खरीफ फसल बुआई का रकबा पिछले साल के मुकाबले 11.3 फीसदी बढ़ गया और जून की आखिरी तारीख तक ही 26.2 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ की बुआई हो चुकी थी। विशेषकर धान, सोयाबीन और तिलहनों का रकबा बढ़ा है। बुआई के साथ साथ जलाशयों, नदियों और भूमिगत जल के स्तर में तेजी से पुनर्भरण हुआ है, जिससे रबी की फसल में आम सालों की तरह सिंचाई की कम जरूरत पड़ी। यही नहीं जून और मई के महीनों में औसत से कम गर्मी पड़ी है। मध्य भारत में विशेष तौरपर तापमान 4 डिग्री तक कम रहा है, जिससे गत वर्ष भीषण गर्मी वाले दिन यानी 'नौतपा' भी बाकी सालों के मुकाबले कम गर्म रहे। इस तरह मध्य भारत को बीते साल गर्मी से किसी हद तक छुटकारा मिला था। इस साल मानसून कैसा रहेगा? कितनी गर्मी पड़ेगी इस संदर्भ में आईएमडी के अनुमान अभी आने हैं। लेकिन समय से पहले बारिश आने से सबकुछ अच्छा-अच्छा ही नहीं सोचा जा सकता।

गुजरात में बीते साल 135 फीसदी तक यानी सामान्य से 30 फीसदी ज्यादा बारिश हुई। चूंकि इतनी ज्यादा बारिश महज 20 दिनों के अंतराल में हुई, इसलिए इसकी तीव्रता, बारिश के पानी का प्रवाह फसलों के लिए फायदेमंद नहीं रहा। गुजरात में ही नहीं महाराष्ट्र के पुणे और मराठवाड़ा जिले में भी ज्यादा बारिश के कारण ज्वार, बाजरा, मूंगफली जैसी फसलों का 60 से 70 फीसदी तक नुकसान हुआ। इन सब बातों को देखते हुए अगर साल 2025 में कम या ज्यादा के होने वाले नुकसानों के प्रति संवदेनशील नहीं हुए तो आने वाले वर्षों में हमारे लिए यह लापरवाही बहुत भरी साबित होगी। देश में विशेषकर उत्तर और पश्चिम भारत में गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है। अप्रैल के पहले हफ्ते तक गर्मी सामान्य रही है, लेकिन गर्मी, वर्षा और सर्दी कब करवट बदल ले कुछ कह नहीं सकते हैं। इसलिए सरकार को प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की प्रतिकूलता से बचाव के लिए स्थायी उपाय विकसित करना होगा। अन्यथा प्राकृतिक आपदायें बड़ी जन-धन हानि का कारण बनती रहेंगी।

### सोशल मीडिया

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक श्री राजेश बहेलिया जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। मेरी गहन संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारीजनों के साथ हैं। केशव प्रसाद मौर्य.



साहिल के शरीर में दो सौ छर्रे हैं, उनकी आंख में तीन छर्रे हैं, ये पैलेट गन किसने चलायी, किसके आदेश पर चलाई गयी, स्पष्ट है कि जंतर मंतर पर अपराध हुआ है। प्रियंका गांधी.



भाजपा में पीडीए स्थान तो पा सकता है लेकिन सम्मान नहीं, पीडीए के लोग यदि अपने-अपने स्वार्थ छोड़कर एकजुट हो जायें तो पीडीए सरकार सदैव क लिए आ जाये। अखिलेश यादव.



# मनुष्य की उदारता

लोक कल्याण का भाव हर इंसान में होना चाहिए। उदार व्यक्ति को अपनी सुविधाओं में कमी करके लोक की भलाई के लिए कुछ प्रयास अवश्य करने चाहिए। आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्यता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मो में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

**अंतर्दृष्टि**

# ये रिश्ता क्या कहलाता है...

**व्यंग्यलोक**

दुनिया भर में बड़े-बड़े भूकम्पों और भूचालों के बीच बाबा तुम पूछ रहे हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं। कुछ रिश्ते खून के नहीं होते हैं और इसी कारण उनको नाम देना परेशानी का सबब बना रहता है। हालांकि जब तक रिश्ता बना रहता है तब तक उसमें चाश्नी से भी अधिक मिठास मिलती रहती है। जहां रिश्ते में खटास पड़ी की दूध से मक्खी की तरह नाता तोड़ देना पड़ता है। बिना रिश्ते के तो लिव इन रिलेशनशिप में भी रहना पड़ता है। इस रिश्ते को भी कोई नाम नहीं दिया जाता है क्योंकि समाज की मान्यता का ठप्पा नहीं लगा रहता है। लोग पूछते जरूर हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन इसका जवाब वे भी खुलकर नहीं दे पाते हैं। कुछ कुछ ऐसा ही इस रिश्ते में भी रहता है। जाहिर सी बात है कि तुम भी यह सब जानते हो लेकिन बहुत भोले बन रहे हो। वैसे तुम इतने नादान हो नहीं। तुम्हारा तो ऐसे रिश्तों से शतकों से नाता रहा है। तुम्हें यदि नहीं मालूम है तो अपने घर के बड़े-बूढ़े, नाते-रिश्तेदारों, आस-पास वालों से ही पूछ लो। क्या तुम्हें नहीं मालूम कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। क्या तुम्हारे कभी ऐसे कोई रिश्ते नहीं रहे। सच बताना और क्या तुम बता सकोगे कि तुम्हारे जो रिश्ते थे, उन्हें तुम कोई नाम दे पाए थे या फिर आज अगर मैं पुछूं तो क्या बता पाओगे कि तुम्हारा वह वाला रिश्ता क्या कहलाता था। और एक बात और बताओ कि क्या तुमने भी कोई रिश्ता बनाकर नहीं रखा है। हो सकता है कि तुम्हें रिश्ते के योग्य तब नहीं माना गया हो लेकिन तुम्हारे साथ कोई तो थे जिन्होंने रिश्ते बनाकर रखें थे। सभी को रिश्ते बनाने पड़ते हैं। नहीं भी चाहेंगे तब भी रिश्तेदारी बन जाती है और निभ भी जाती है। बिना रिश्ता बनाए आखिर कौन सर्वाइव कर पाता है। एक दूसरे का अस्तित्व ही इन अनाम से रिश्तों में छुपा रहता है। पतंग संग डोर भी तो जरूरी है। बिना पतंग डोर की कोई वैल्यू नहीं है और ठीक इसी तरह बिना डोर पतंग भी कैसे हवा में आकाश की ऊंचाई को छू सकती है। जानता हूं कि तुम्हें मालूम है कि ऐसे रिश्ते क्या कहलाते हैं लेकिन तुम्हारी भी तो मजबूरी है। वैसे तुम खुद ही बता सकते हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन तुम बताओगे नहीं और जिनके सामने यह राज उगलवाना चाहते हो, क्या वे नासमझ हैं। उन्हें नासमझ समझने की भूल मत करना बाबा और जो कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं करना चाहिए। रिश्ते खंगाले जाते हैं। रिश्ते खंगालना जग की रीत है बाबू। सबका अपना समय आता है, रिश्ते बनते हैं और टूटते हैं। खून के रिश्तों की तरह ये अटूट तो होते नहीं। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जिन्हें भले ही सामाजिक मान्यता न मिलें तब भी वे रिश्ते रिश्ते ही होते हैं। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप उस रिश्ते को क्या नाम देते हो!


डॉ. प्रदीप उपाध्याय

# बारिश का मौसम और आई फ्लू का खतरा


स्वास्थ्य

**डॉ.माजिद अलीम**

मानसून के मौसम में हवा में नमी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और एलर्जी पैदा करने वाले तत्व तेजी से पनपते हैं। इस मौसम में सबसे ज्यादा खतरा आंखों को ही रहता है। मई-जून की तपती गर्मी और तेज धूप सितंबर के महीने में भी आंखों को प्रभावित करती है। यही वजह है कि इस मौसम में कंजक्टिवाइटिस या आई फ्लू एक ऐसी आम बीमारी है, जिसमें आंखें बहुत लाल हो जाती हैं और आंखों में लगातार जलन होती है। मानसून के दौरान नम मौसम के कारण सौंदर्य प्रसाधनों और कॉन्टैक्ट लैंस पर बैक्टीरिया जब तेजी से पनपते हैं, उसमें धूल और प्रदूषकों से मिला बारिश का पानी, आंखों में जलन पैदा करके संक्रमण फैलाने वाले रोगाणुओं की वजह बन जाता है।

इस मौसम में कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो इससे काफी हद तक बचाव हो सकता है। आंखों का सफेद भाग और पलक के अंदरुनी हिस्से को कंजक्टिवा कहा जाता है। आंखों के इसी भाग में जलन, लाली और सूजन होने पर कंजक्टिवाइटिस होता है। पलकों के आसपास की त्वचा लाल हो जाती है और आंखें सूज जाती हैं, इनमें पस बन जाती है और पस की वजह से ही आंखों में सूजन होती है।

बैक्टीरिया की वजह से आंखों में जमी गंदगी से आंखों में जलन होती है। यह काफी तकलीदेय बीमारी होती है। यदि कंजक्टिवाइटिस होने पर धूप या तेज रोशनी में जाते हैं तो आंखों को खोलने में बहुत कष्ट होता है, उनमें दर्द होता है। कभी-कभी आंखों की पुतलियों पर दाने पड़ जाते हैं। संक्रमण यदि ज्यादा बढ़ जाए तो वातावरण में मौजूद दूसरे बैक्टीरिया भी आंखों को प्रभावित करते हैं, जिसकी वजह से आंखों से गाद निकलती है। आंखों से निकलने वाला यह कीचड़ ज्यादा हो जाए तो पलकें चिपक जाती हैं। घर में यदि किसी को कंजक्टिवाइटिस हो जाए तो यह संक्रमण परिवार के दूसरे सदस्यों में भी तेजी से फैलता है। मानसून में आंखों के संक्रमण से कैसे बचाव करें आइये जानें-

- कंजक्टिवाइटिस होने पर तुरंत डॉक्टर से मिलें। डॉक्टर की सलाह के बगैर आंखों में कोई ड्रॉप न डालें, घरेलू उपचार तो बिल्कुल न करें, समय पर इसका इलाज करें।
- भले ही बारिश का मौसम हो, लेकिन बाहर निकलने से पहले सनग्लासेस लगाएं। धूप के साथ-साथ धुएं और गंदगी के कारण होने वाली एलर्जी से बचाव होता है। सनग्लासेस डार्क कलर के हों। यदि आई फ्लू हो जाए तो घर में भी यह चश्मा लगाकर रखें।
- आंखों को बार-बार गंदे हाथों से न छुएं। यदि आई फ्लू हो जाए, तो किसी के साथ अपना चश्मा, तौलिया या रुमाल शेयर न करें। हाथों को बार-बार धोएं। अगर घर में किसी को आई फ्लू हो जाए तो टीवी और एसी के रिमोट और दरवाजे और फ्रिज के हैंडल छूने के बाद अपने हाथों को अच्छी तरह धोएं। इन तमाम चीजों को डिटॉक्स करें।
- बारिश के मौसम में वाटरप्रूफ आई मेकअप जैसे आइलाइनर या मस्कारा पलकों की रेखाओं पर जमा हो जाते हैं और वहां मौजूद ग्रंथियों को बंद कर देते हैं। उन ग्रंथियों से ऐसे पदार्थ बनते हैं, जो हमारी पलकों और आंखों को रुखेपन और संक्रमण से बचाते हैं। इसलिए आंखों के मेकअप को सोते समय अच्छी तरह से हटाएं।
- मेकअप के पुराने सामान में बैक्टीरिया और वायरस होते हैं, इससे भी कंजक्टिवाइटिस जैसा संक्रमण फैल सकता है। इसलिए आंखों के मेकअप का सामान तीन महीने से ज्यादा पुराना नहीं होना चाहिए। अपने आंखों के मेकअप के ब्रश को किसी के साथ शेयर न करें। उसे इस्तेमाल करने से पहले बार-बार अच्छी तरह साफ करें। अपने आईलाइनर, काजल या मस्कारा किसी के साथ शेयर न करें।
- यदि कंजक्टिवाइटिस के लक्षण दिखें जैसे- आंखें लाल होना, उनमें जलन होना, खुजली होना, तो अपनी मर्जी या कैमिस्ट के कहे अनुसार आंखों में किसी दवाई का इस्तेमाल न करें। किसी भी आंख की समस्या के गंभीर होने का इंतजार न करें। डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें।

## आपकी बात

### गरीबों का इलाज

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पतालों में भी जाते।

**आनन्द कुमार त्रिपाठी, लखनऊ.**

### एजेंसियों की कार्यप्रणाली

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों की कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**विनोद कुमार प्रजापति, लखनऊ.**

संक्षेप

## डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

ललितपुर। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को जिला कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने 25 अगस्त 2026 को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने कारागार परिसर का भ्रमण करते हुए बैरकों, मेस तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के अचानक निरीक्षण से कारागार प्रशासन में भी सतर्कता देखने को मिली। अधिकारियों ने कारागार की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित बनाए रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## पेयजल आपूर्ति रहेगी प्रभावित

ललितपुर। उत्तर प्रदेश जल निगम, झांसी द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने हेतु नवनिर्मित 1500 किलोलीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय में 13 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट के क्लियर वाटर को जोड़ने का कार्य किया जाना है। इस आशय की जानकारी देते हुये जलसंस्थान के अधिशाषी अभियंता मुंशीलाल ने बताया कि उक्त कार्य के कारण आज 26 अगस्त को 13 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट बंद रहेगा। इसके फलस्वरूप कसाई मंडी स्थित पानी की टंकी दिनांक 26 अगस्त 2026 को बंद रहेगी। इस कारण कसाई मंडी, बजरिया, कटरा बाजार, महावीरपुरा, सरदारपुरा आदि मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है। अधिशाषी अभियंता ने संबंधित क्षेत्रों के समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील है कि कृपया आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में पेयजल पूर्व में ही संचित कर लें तथा जल का समुचित उपयोग करें, जिससे उक्त अवधि में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## ब्रेन हेमरेज से हेड कांस्टेबल की मौत

सैफई, इटावा। ब्रेन हेमरेज के बाद उपचार के लिए भर्ती हेड कांस्टेबल की मंगलवार को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के अस्पतालमें मौत हो गई। अलीगढ़ पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मी की हालत बिगड़ने पर स्वजन उन्हें उपचार के लिए सैफई लाए थे। मौत के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई। सैफई थाना क्षेत्र के मटियार गांव निवासी बृजेश कुमार 53 बर्षीय पुत्र विद्याराम उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। वर्तमान में उनकी तैनाती अलीगढ़ पुलिस लाइन में थी। 19 अगस्त को ब्रेन हेमरेज होने पर उन्हें अलीगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार न होने पर स्वजन उन्हें नोएडा के अस्पताल ले गए। इसके बाद उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में भर्ती कराया गया। लगातार उपचार के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। बृजेश कुमार वर्ष 1991 बैच में कांस्टेबल के पद पर पुलिस में भर्ती हुए थे। उनके एक बेटा विपिन कुमार और दो बेटियां हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। बड़े भाई कमलेश ने बताया कि बृजेश की मौत से परिवार में शोक है।

## जहरखुरानियों ने एलएलबी छात्र को लूटा

इटावा। फ्रेंडस कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर समृद्धि हास्पिटल के पास स्लीपर बस चालक एलएलबी छात्र को बेहोशी की हालत में सड़क कि किनारे उतारकर चला गया। परिजनों को सूचना लगने पर छात्र को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। एलएलबी छात्र दिलशाद उम्र 17 पुत्र राजू सिद्दीकी गिरधारीपुरा ए ब्लाक जिला जयपुर बीती रात सोमवार को साढ़े 9 बजे जयपुर से इटावा के लिए अपने बहनोई राशिद निवासी अशोकनगर मुस्लिम कालोनी बंगाली कालोनी के यहां आ रहा था तभी रास्ते में तीन युवकों ने दोस्ती की गांठ चिप्स खिला दी।

# डंपर और कार की भिड़ंत में 4 की मौत

## 6 साल की बच्ची भर्ती



बाराबंकी। थाना मसौली क्षेत्र अंतर्गत भूलभुलपुरिया के पास डंपर और ऑल्टो की जोरदार आमने-सामने टक्कर से 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक 6 वर्षीय बच्ची समेत दो लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार डंपर संख्या यू0पी 28 जीबी 9563 ने ऑल्टो कार संख्या यू0पी 32 सीडी 0221 को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय कार में कुल 5 लोग सवार बताये जा रहे है। जिसमे 3 लोग कार के अंदर बुरी तरह फंस गये। जिनको स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। लेकिन जब तक 3 की मौत हो चुकी थी। वहीं कार में सवार एक करीब 34 वर्षीय महिला और करीब 6 वर्षीय बच्ची घायल मिलीं। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बड़ागांव मसौली पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान करीब 34 वर्षीय महिला की भी मौत हो गई। वहीं घायल 6 वर्षीय बच्ची की हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया। पुलिस को कार से मिले सामान और आधार कार्ड आदि दस्तावेजों के आधार पर तीन मृतकों की पहचान शरीफ पुत्र मोहम्मद हनीफ, उम्र करीब 60 वर्ष, शाजिया खातून पुत्री मोहम्मद शरीफ, उम्र करीब 34 वर्ष, तबस्सुम बानो पुत्री मोहम्मद हुसैन, उम्र करीब 50 वर्ष निवासीगण ग्राम पुरानी बाजार दक्षिणी, पोस्ट भिनगा, थाना भिनगा, जनपद श्रावस्ती एवं चैथी मृतका करीब 34 वर्षीय महिला की अभी पहचान नहीं हो सकी है। जबकि हादसे में घायल 6 वर्षीय बच्ची की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतकों और घायलों के संबंध में जानकारी जुटाते हुए मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाही शुरू की।

# टैक्सी पलटने से युवक की मौत, मां-बहन समेत पांच घायल

ललितपुर। हरियाणा के सोनीपत से मजदूरी कर अपने गांव लौट रहे एक परिवार के लिए मंगलवार की सुबह दर्दनाक हादसे में बदल गई। महरौनी मार्ग पर ग्राम मसौरा कलां के पास तेज रफ्तार टैक्सी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां, बहन समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद टैक्सी चालक मौके से फरार हो गया। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के थाना भगवा क्षेत्र के ग्राम अमरवां निवासी अन्नू अहिरवार पुत्र तिजाईयां अपनी 45 वर्षीय मां अंजू, बड़ी बहन रामकुंवर (22) तथा गांव के ही हरबल पुत्र टिल्लू, उनकी पत्नी सुनीता और नौ वर्षीय पुत्री कृष्णा के साथ करीब दो माह पूर्व हरियाणा के सोनीपत में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार सुबह सभी लोग मालवा ट्रेन से ललितपुर पहुंचे। यहां से अपने गांव अमरवां जाने के लिए उन्होंने एक टैक्सी बुक की और परिवार के साथ घर के लिए रवाना हुए। बताया गया कि सुबह करीब सात बजे टैक्सी महरौनी मार्ग पर ग्राम मसौरा कलां के पास पहुंची थी। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और टैक्सी सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में टैक्सी में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायल अंजू ने आरोप लगाया कि चालक एक हाथ छोड़कर वाहन चला रहा था, जिसके चलते टैक्सी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों की मदद से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज ललितपुर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने अन्नू अहिरवार को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। अन्नू की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता के अनुसार अन्नू तीन बहनों और दो भाइयों में सबसे छोटा था। मजदूरी कर परिवार के साथ घर लौट रहे अन्नू की अचानक मौत से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी।

## यूपी 41 टैटू गुदवाकर परिवार को सुरक्षित करने की जरूरतः सुरेश चंद्र गौतम



बाराबंकी। कम याददाश्त और मूक बधिरो के हाथ पर यूपी 41 गुदवाने की मुहिम चलाने वाले धर्मजागरण धाम संस्था संयोजक अमित अवस्थी के नेतृत्व मे बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र गौतम ने अपने मूक बधिर पुत्र अखिल कुमार गौतम के हाथ पर यूपी 41-2 गुदवाया। इस सम्बन्ध मे बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्री गौतम ने आमजन से अपील करते हुये कहा कि यदि हमारे घर परिवार में कोई इस प्रकार का व्यक्ति है तो हमें झिझक छोड़कर उसे सुरक्षित करने के लिए तत्काल धर्मजागरण धाम संस्था से सम्पर्क करना चाहिये। जिससे निःशुल्क नया नंबर पीड़ित के हाथ पर अंकित कराया जा सके।

## प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने की मुहर्रम व बज्मे रहमत कमेटी के साथ बैठक



बाराबंकी। जश्न-ए-ईद-मिलाद-उन-नबी को शातिपूर्ण संपन्न कराये जाने को लेकर सिटी चैकी पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सुधीर कुमार सिंह ने मुहर्रम कमेटी, बज्मे रहमत कमेटी, समस्त व्यापार मंडलो के साथ बैठक की। बैठक मे प्रभारी निरीक्षक शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत ही त्यौहारो को मनाने एंव कोई नई परम्परा न शुरू किये जाने को लेकर निर्देशित किया। तो वही कमेटी ने सभी से अपील करते हुये ट्रक-डीसीएम जैसी बड़ी गाड़ी, डीजे जुलूस में न लेकर आने की अपील की। उन्होने आगे बताया कि 25 अगस्त को रात्रि रोशनी व 26 को फजलुर्रहमान पार्क से जुलूस ए-मोहम्मदी समय दोपहर 2:30 बजे निकाला जाएगा। इस मौके पर सिटी चैकी प्रभारी संजीव प्रकाश सिंह, मो सलमान सल्लू, हाजी उसामा अंसारी, ताज बाबा राईन, किसान नेता फैसल मलिक, शुयेब राईन, रईस अंसारी, जबीरुल हक अंसारी, बज्मे रहमत सदर अब्दुल हक आदि मौजूद रहे।

## जागरूकता कार रैली को जनपद न्यायाधीश ने किया रवाना

बाराबंकी। आगामी 12 सितम्बर राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को लोक अदालत के महत्व के प्रति जागरूक करने को लेकर जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने जागरुकता कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी अल्पना सक्सेना, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय वन्दना, अपर जिला जज व नोडल अधिकारी लोक अदालत श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव उज्ज्वल उपाध्याय मौजूद रहे।

## संभल के जामा मस्जिद क्षेत्र में 36 निर्माणों को नोटिस

संभल। जिला प्रशासन ने शाही जामा मस्जिद के आसपास के क्षेत्र में भवन निर्माण नियमों का कथित तौर पर उल्लंघन करने और बिना नक्शा स्वीकृत कराए निर्माण करने के मामले में 36 निर्माण कार्यों के मालिकों को नोटिस जारी किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, चंदौसी चौराहे से चौधरी सराय तक के विनियमित क्षेत्र में संभल महायोजना-2031 के तहत यह कार्रवाई की गई। इसमें शाही जामा मस्जिद के पीछे का क्षेत्र और टंडन चौराहे की ओर का हिस्सा भी शामिल है।

उप जिलाधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि विनियमित क्षेत्र में प्रवर्तन की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि संभल महायोजना-2031 के तहत हमने 36 ऐसे मामले चिह्नित किए हैं, जहां नक्शा स्वीकृत नहीं कराया गया था।

# रुचि के अनुसार जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें युवा : सत्यप्रकाश

## युवा संवाद कार्यक्रम का जीजीआईसी में हुआ आयोजन



ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आज मंगलवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज के सभागार में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की छात्राओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान छात्राओं ने कैरियर, शिक्षा, आत्मविश्वास, साइबर अपराध, जीवन के लक्ष्य तथा रोजगार सहित विभिन्न विषयों से जुड़े सवाल जिलाधिकारी के समक्ष रखें, जिनकों जिलाधिकारी ने सहजता और सारगर्वित उत्तर देते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जब प्रशासन और युवा एक मंच पर आकर संवाद करते हैं तो यह केवल प्रश्न और उत्तर का कार्यक्रम नहीं होता, बल्कि युवाओं के सपनो और प्रशासन के संकल्प के बीच एक सशक्त सेतु बनता है, ऐसे संवादों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की एक मजबूत इबारत लिखी जाती है। उन्होंने छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य, सकारात्मक सोच, निरंतर सीखने की प्रवत्ति और स्पष्ट लक्ष्य को आवश्यक बताते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करते समय अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता को पहचानना बेहद जरूरी है। केवल दूसरों को देखकर कैरियर का चुनाव न करें, बल्कि अपनी प्रतिभा और रुचि के अनुरूप अपने क्षेत्र का चयन करें।

कार्यक्रम में इण्टरमीडिएट विज्ञान व कला वर्ग की छात्राएं मेघा, दीपिका, नन्दनी, अनुष्का, पलक राजपूत, मेघा परिहार, अंशिका, नन्दनी ने कैरियर, शिक्षा, आत्मविश्वास, साइबर अपराध, जीवन के लक्ष्य तथा रोजगार सहित विभिन्न विषयों से जुड़े सवाल जिलाधिकारी के समक्ष रखे, जिनकों जिलाधिकारी ने सहजता और विस्तार से उत्तर देते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जीआईसी एवं जीजीआईसी में विशेष कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित कराये जायें। इन सत्रों में छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक सेवाओं, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कानून, शिक्षा, बैंकिंग, तकनीकि क्षेत्र, उद्यमिता सहित कैरियर के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध सम्भावनाओं तथा उन्हें प्राप्त करने की तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं सामान्य पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए उचित मार्गदर्शन तथा अवसर मिलना चाहिए। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जनपद में युवा अपनी प्रतिभा और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ें और ललितपुर का नाम प्रदेश एवं देश में रोशन करें।

## बकाया नगरीय करों के निस्तारण के लिए लागू है ओटीएस योजनाः डीएम



बाराबंकी। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में लंबित संपत्ति कर, जलकर एवं अन्य के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन द्वारा एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस लागू की गई है। यह योजना 15 अगस्त से 15 दिसंबर 2026 तक संचालित की जायेगी। योजना के अंतर्गत पात्र करदाताओं को अपने लंबित नगरीय कर बकाये के निस्तारण का अवसर मिलेगा। उक्त जानकारी देते हुये जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि योजना अवधि में 15 अगस्त से 14 सितंबर 2026 तक नगरीय निकायों द्वारा हितबद्ध पक्षों को सूचित करने की अवधि निर्धारित है। इसके अतिरिक्त, हितबद्ध पक्षों द्वारा योजना के अंतर्गत आवेदन 15 अगस्त से 14 नवंबर 2026 तक किए जा सकेंगे। इस अवधि के बाद कोई नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार अंतिम रूप से निस्तारण 15 दिसंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। करदाताओं की सुविधा के लिए सम्बन्धित नगर निकाय कार्यालय में ओटीएस सहायता एवं पंजीकरण केंद्रों के माध्यम से आवेदन, पंजीकरण एवं भुगतान की प्रक्रिया में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र राकेश गंगवाल मेडिकल स्कूल के लिए देंगे 300 करोड़

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के पूर्व छात्र एवं इंडिगो के सह संस्थापक राकेश गंगवाल ने संस्थान में गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के विकास के लिए 300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई है। आईआईटी कानपुर की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, यह योगदान गंगवाल द्वारा 2022 में दिए गए 100 करोड़ रुपये के दान के बाद किया जा रहा है। उस योगदान से संस्थान में चिकित्सा विद्यालय स्थापित करने की योजना को गति मिली थी और नए योगदान के साथ स्कूल के लिए गंगवाल की कुल वित्तीय सहायता 400 करोड़ रुपये हो जाएगी। इस पहल के तहत गंगवाल अन्य सहयोगियों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों से मिलने वाले योगदान के बराबर 300 करोड़ रुपये तक की राशि भी देंगे। इस राशि का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, चिकित्सकीय नवाचार और चिकित्सा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आईआईटी कानपुर के प्रयासों को व्यापक समर्थन देना है। स्कूल की विकास योजना में आईआईटी परिसर में 500 बिस्तर वाला सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल और प्रस्तावित 200 बिस्तर वाला कैंसर उपचार एवं अनुसंधान केंद्र भी शामिल है। इन सुविधाओं से चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सकीय अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। साथ ही, चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों को मिलकर काम करने का अवसर मिलेगा। आईआईटी कानपुर के निदेशक मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा के क्षेत्र में अंतर्विषयक अनुसंधान की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए आईआईटी कानपुर ने चिकित्सा विद्यालय स्थापित करने की पहल की थी। वर्ष 2022 में गंगवाल के 100 करोड़ रुपये के योगदान से इस योजना को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिली। उनका 300 करोड़ रुपये का यह अतिरिक्त योगदान इस सपने को जल्द साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के नवनियुक्त डीन अनिल के लालवानी ने कहा कि गंगवाल का यह ऐतिहासिक योगदान इस बात का प्रमाण है कि एक व्यक्ति भी बदलाव की बड़ी शुरुआत कर सकता है। चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और नवाचार को समाज की सेवा के लिए एक साथ लाने की इस स्कूल की परिकल्पना का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। वहीं, राकेश गंगवाल ने कहा कि इस अभिनव और अपनी तरह के पहले चिकित्सा संस्थान का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान और गर्व की बात है।

## धारदार हथियार से युवक का सिर किया धड़ से अलग

कौशांबी। जिले में धारदार हथियार से एक व्यक्ति का सिर धड़ से अलग कर दिया गया जबकि एक अन्य घटना में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक, मंझनपुर थाना क्षेत्र के समदा गांव में एक निर्माणाधीन मकान में ग्रामीणों ने क्षत-विक्षत शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मृतक की पहचान शकील हसन (40) के रूप में हुई है और वह समदा गांव का ही रहने वाला था। शकील का धड़ चारपाई पर पड़ा मिला जबकि उसका सिर नीचे गिरा पड़ा हुआ था। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। उन्होंने बताया कि परिजनों के अनुसार शकील हसन सोमवार रात करीब नौ बजे घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रात भर शकील की तलाश की और सुबह मंझनपुर थाने में सूचना दी, जिस पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया। वहीं कोखराज थाना क्षेत्र में एक युवक का शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रदूम सोनकर (27) के रूप में हुई और वह अमहा गांव में रहकर ऑटो चलाता था। पुलिस के मुताबिक, मृतक के पिता मिट्ठू लाल सोनकर ने बेटे की हत्या की आशंका जताई। सिराथू के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# 14 अभ्यर्थियों को सौंपे गये नियुक्ति पत्र



ललितपुर। उत्तर प्रदेश शासन एवं कृषि विभाग के निदेर्शानुसार जनपद ललितपुर में नवचयनित प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को विकास भवन सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन रहे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री के प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, एम.एल.सी. प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, सदर विधायक प्रतिनिधि श्रीकान्त कुशवाहा (उप सभापति, जिला सहकारी बैंक) रहे। कार्यक्रम का संचालन सन्दीप खरे, वरिष्ठ सहायक, कृषि विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम लखनऊ से आयोजित लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के उद्बोधन एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को सुनकर किया गया। इसके उपरान्त जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी रंजीत कुमार चैरसिया द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि, प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी की भर्ती में जनपद ललितपुर के लिए कुल 14 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिनमें 13 महिला अभ्यर्थी एवं 01 पुरूष शामिल हैं। इसके पश्चात नवचयनित अभ्यर्थियों प्रिन्सी सिंह, आयुषी शर्मा, आकृति नायक, सुरभि, सुश्री अंजली राजपूत, तपस्या तिवारी, राहुल कुमार चैबे, आरती चतुवेर्दी, आस्था जैन, निकिता साहू, अनुराधा, चंचल लक्ष्मी लोधी, सलोनी एवं रोशनी को उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त सौंपा गया। प्रत्येक नवचयनित अभ्यर्थी का उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, परिजनों एवं उपस्थित जनसमुदाय द्वारा उत्साहवर्धन एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक प्रतिनिधि श्रीकान्त कुशवाहा ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्य मंत्री, श्रम एवं सेवा योजन के प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ ने कहा कि नवचयनित अभ्यर्थियों को राजकीय सेवा में केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों को भी समझते हुए सेवा भाव से कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी चयनित अभ्यर्थी सेवा भाव एवं पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें।

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक





इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में त्यौहार ईद-उल-मिलाद बारावफात, रक्षाबंधन व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आदि की तैयारियों एवं कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत केन्द्रीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी धर्म के गुरुओं, महन्तो एवं मौलवियों तथा नागरिकों आदि ने अपनी-अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने जनपद वासियों से ईद-उल-मिलाद, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के पूर्व सारी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि हर जुलूस का वालंटियर अवश्य होना चाहिए साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जुलूस के मार्गों पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरा को संचालित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान माइक मुख्य संचालन के कंट्रोल में ही होना चाहिए एवं खाने पीने की जगहों पर स्वच्छता बरती जाए, डस्टबिन रखवाये जाएं, जिससे कोई भी व्यक्ति खाने के बाद दोना, प्लेट आदि सड़क पर न फेंके। बैठक के दौरान एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एसपीआरए, सीओ सिटी अवनीश सिंह, क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर आयुषी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी भरथना काव्या सी, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित कुमार सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चकबंदी अधिकारी, तीन लेखपालों सहित अन्य पर जमीन हड़पने और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। जमीन के फर्जी बैनामे, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने तथा राजस्व एवं चकबंदी विभाग के कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से भूमि पर कब्जा कराने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और धमकी समेत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम मसौराकलां निवासी जयप्रकाश तिवारी की ओर से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी पारिवारिक आराजी संख्या 353/3, जिसका कुल रकबा 0.316 हेक्टेयर है, का कुछ हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अधिग्रहित किया गया था। अधिग्रहित भूमि का मुआवजा और बैनामा होने के बाद शेष भूमि संबंधित भाइयों के हिस्से में रह गई थी। आरोप है कि राकेश पुत्र सत्यनारायण निवासी मसौराकलां को भूमि की वास्तविक स्थिति की जानकारी होने के बावजूद उसने अपने हिस्से से अधिक भूमि का कथित रूप से गलत तरीके से लक्ष्मीपुरा निवासी निर्मल कुमार जैन पुत्र लक्ष्मीचंद्र जैन के पक्ष में बैनामा कर दिया। शिकायतकर्ता ने इस मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की थी। शिकायत के मुताबिक, उपजिलाधिकारी के आदेश पर भूमि की पैमाइश के लिए राजस्व और चकबंदी विभाग के कर्मचारियों की टीम गठित की गई। आरोप है कि पैमाइश के दौरान संबंधित कर्मचारियों ने निर्मल कुमार जैन से कथित सांठगांठ कर बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के धरातल पर गलत पैमाइश की तथा खड़ी फसल में चूना डालकर भूमि पर कब्जा दिलाने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने जब इस कार्रवाई का विरोध किया तो उसे पुलिस का भय दिखाते हुए जेल भिजवाने की धमकी भी दी गई। मामले में शिकायतकर्ता ने पूरे घटनाक्रम की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे में राकेश, निर्मल कुमार जैन, जन्मेजय सक्सेना (सहायक चकबंदी अधिकारी, बिरारी), अनिल श्रीवास्तव (राजस्व निरीक्षक, जाखलौन), दीनदयाल मिश्रा (राजस्व लेखपाल, मसौराकलां) तथा आशीष शर्मा (लेखपाल चकबंदी, मसौराकलां) को नामजद किया गया है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 61(2), 351 समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## डीएम ने निर्माण कार्यों की समीक्षा

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद में जो परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने अधिकांश परियोजनाओं को सितंबर-अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीडब्लूडी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के जिला कारागार में टाइप 2 के 18 नाग का निर्माण कराया जाए साथ ही कारागार में 16 क्षमता की डोरमेट्री का निर्माण नवंबर तक पूर्ण कराया जाए।

## संक्षेप

### इक्सिगो ट्रेन्स का हॉलीडे पैकेजेस विद इक्सिगो भारत दर्शन लॉन्च

नई दिल्ली। इक्सिगो ट्रेन्स ने आज नए फीचर हॉलीडे पैकेजेस विद इक्सिगो भारत दर्शन के लॉन्च की घोषणा की है, जिससे यूजर सीधे इक्सिगो ट्रेन्स ऐप के जरिए आईआरसीटीसी द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए सिग्निचर एवं फैमिली ट्रैवल पैकेज सर्च करके इन्हें बुक भी कर सकते हैं इक्सिगो भारत दर्शन फीचर के द्वारा यात्री अपनी पूरी यात्रा की योजना आसानी से बना सकते हैं। यह फीचर एक ही पैकेज में रेल यात्रा, अकॉमोडेशन, साइटसीइंग, मील्स एवं लोकल ट्रांसपोर्ट सहित सभी सुविधाएं पेश करता है। इस तरह लोगों के लिए, यात्रा की योजना बनाना बेहद आसान हो जाता है, उन्हें अलग-अलग बुकिंग प्लेटफॉर्म्स की जरूरत नहीं पड़ती।

### प्रेस्टीज ने लॉन्च किया नया फ्लेक्सी ग्रिल जंबो 180

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने नया प्रेस्टीज फ्लेक्सी ग्रिल जंबो 180 लॉन्च किया है। इस बहुउपयोगी इलेक्ट्रिक ग्रिल को रोजमर्रा की ग्रिलिंग को तेज, सुविधाजनक और अपेक्षाकृत हेल्दी बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। बड़े कुकिंग एरिया, अलग-अलग ग्रिलिंग मोड और सुरक्षा सुविधाओं से लैस यह ग्रिल कई तरह के व्यंजन आसानी से तैयार करने में मदद करता है, और हर बार स्वादिष्ट व समान रूप से ग्रिल्ड व्यंजन प्रदान करता है। आज की बदलती रसोई और जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए, फ्लेक्सी ग्रिल जंबो 180 में 180-डिग्री ओपनिंग मैकेनिज्म दिया गया है। इससे ग्रिल पूरी तरह खुलकर बड़े ओपन ग्रिल में बदल जाती है और खाना पकाने की जगह लगभग दोगुनी हो जाती है।

### इंस्टामार्ट ने प्रीमियम राखियों की मांग में 20 गुना उछाल दर्ज किया

बंगलुरु। रक्षाबंधन के साथ शुरू होने वाले त्योहारी सीजन की तैयारियों के बीच, इंस्टामार्ट पर प्रीमियम और ज्वेलरी से प्रेरित राखियों की मांग में तेज बदलाव देखने को मिल रहा है। उपभोक्ता अब पारंपरिक धागे से आगे बढ़कर अधिक प्रीमियम और मूल्यवान यादगार उपहारों की ओर रुख कर रहे हैं। इंस्टामार्ट पर प्रीमियम राखियों की मांग पिछले साल की तुलना में 20 गुना बढ़ी है। चांदी से बनी राखियों की मांग में मजबूत वृद्धि देखी गई है। इस साल राखी गिफ्टिंग सेगमेंट के कुल कारोबार में लगभग 3 गुना वृद्धि होने का अनुमान है, क्योंकि उपभोक्ता ऐसे उपहारों की तलाश कर रहे हैं।

### सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 13 दिसम्बर से

पुणे। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने एमबीए करने के इच्छुक छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2026 के लिए आवेदन आधिकारिक रूप से शुरू कर दिए हैं। सिम्बायोसिस, मैनेजमेन्ट शिक्षा के लिए छात्रों की पसंदीदा यूनिवर्सिटी है, तथा विश्वस्तर पर प्रासंगिक, उद्योग जगत के अनुरूप और सर्वोच्च स्तर की मैनेजमेन्ट शिक्षा प्रदान करती है सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन और पेमेंट विंडो 21 अगस्त 2026 (शुक्रवार) को खुल चुकी है और 25 नवम्बर 2026 (बुधवार) को बंद हो जाएगी। कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) का आयोजन तीन तारीखों पर होगा, छात्र तीन बार परीक्षा दे सकते हैं। इसमें से प्रवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोर पर विचार किया जाएगा। एसएनएपी टेस्ट 01: 13 दिसम्बर 2026 (रविवार) एसएनएपी टेस्ट 02: 19 दिसम्बर 2026 (शनिवार) एसएनएपी टेस्ट 03: 26 दिसम्बर 2026 (शनिवार), परिणामों की घोषणा: 12 जनवरी 2027 (मंगलवार) एसएनएपी 2026 का संचालन देश के 79 शहरों में होगा।

### हैमदर्द लैबोरेटरीज ने मनाया 120 वर्षों की हमदर्दी का जश्न

नई दिल्ली। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हैमदर्द लैबोरेटरीज ने देश के साथ अपने 120 वर्षों के सफर को प्रसिद्ध कहानीकार और लेखक निलेश मिश्रा द्वारा नैरेट की गई एक विशेष शॉर्ट फिल्म के माध्यम से याद किया। स्वतंत्रता दिवस पर जारी यह फिल्म उस रिश्ते को दर्शाती है, जो पीढ़ियों के साथ विकसित हुआ है और भारत के बदलते समय के साथ आकार लेते हुए देखभाल की एक सरल और स्थायी भावना हमदर्दी से जुड़ा रहा है। 1906 में स्थापित हैमदर्द भारत के साथ-साथ आगे बढ़ा है। इसने देश के परिवर्तन को करीब से देखा है और शहरों, कस्बों तथा विभिन्न समुदायों में लोगों के रोजमर्रा के जीवन से अपना जुड़ाव बनाए रखा है।

# सेंसेक्स में 287 अंकों की उछाल



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अंतिम समय में हुई लिवाली और कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से बढ़त में रहे। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 287 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 115 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान अधिकांश समय गिरावट में रहा। लेकिन आखिरी घंटे में लिवाली से यह 286.98 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 77,656.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह उंचे में 77,666.39 अंक तक गया और नीचे में 77,125.91 अंक तक आया। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 लाभ में जबकि छह नुकसान में रहे। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी कारोबार के आखिरी चरण में हुई लिवाली के कारण 115.50 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 24,334.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, ट्रेंट, टाइटन और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, एचसीएलटेक, पावरग्रिड और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत तीन प्रतिशत टूटकर 89.32 डॉलर प्रति बैरल पर रही। ईरान पर अमेरिका की बहुप्रतीक्षित पाबंदियां बाजार की उम्मीदों के अनुरूप कड़ी नहीं रहीं। इससे कच्चे तेल की कीमतों और बॉन्ड प्रतिफल में हाल के उच्च स्तर से नरमी आई। उन्होंने कहा कि ऊर्जा लागत में इस राहत से वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों की समाप्ति के दिन बाजार को कुछ हद तक सकारात्मक स्तर पर बंद होने में मदद मिली। भारतीय शेयर बाजार कारोबार के दौरान की गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। ऊर्जा कीमतों में तेज गिरावट से धारणा में सुधार हुआ और मासिक वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों की समाप्ति के दिन सौदों को पूरा करने के लिए लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। निफ्टी में कारोबार की शुरुआत में बिकवाली का दबाव रहा और कारोबार के अधिकांश समय यह एक सीमित दायरे में रहा। हालांकि, कारोबार के अंत में इसमें तेजी आई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से बाजार को समर्थन मिला, जिससे मानक सूचकांक को अपनी शुरुआती गिरावट से उबरने और बढ़त के साथ बंद होने में मदद मिली। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.64 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ, जबकि स्मॉलकैप में 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को ।,181.66 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। सेंसेक्स सोमवार को 171.72 अंक यानी 0.22 प्रतिशत टूटकर 77,369.11 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 32.95 अंक की गिरावट के साथ 24,219.05 अंक पर रहा था।

# रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ 95.46 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को शुरुआती नुकसान से उबरकर 24 पैसे की बढ़त के साथ 95.46 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी, अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना घटने से अमेरिकी डॉलर में बनी समग्र कमजोरी से निचले स्तर पर रुपये को समर्थन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95.50 से 96.00 के आसपास सीमित दायरे में बनी रही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हस्तक्षेप तथा तेल की कीमतों में नरमी का निकट अवधि में इस पर असर दिखता रहेगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.74 प्रति



डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.40 के उच्च स्तर तक गया। अंत में 95.46 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 24 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत टूटकर 98.96 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 286.98 अंक चढ़कर 77,656.09 अंक और निफ्टी 115.50 अंक की बढ़त के साथ 24,334.55 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल वायदा कारोबार में 2.99 प्रतिशत फिसलकर 89.41 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध रूप से 1181.66 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## इंडेल मनी के 500 करोड़ के एनसीडी इश्यू को मिला 704 फीसद ओवरसब्सक्रिप्शन

मुंबई। इंडेल मनी लिमिटेड के सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड और रिडीमेबल नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के पब्लिक इश्यू को निवेशकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली।

18 अगस्त 2026 को इश्यू खुलने के चार घंटे के भीतर ही 250 करोड़ रुपये के ग्रीन शू ऑप्शन समेत 500 करोड़ रुपये तक का पूरा इश्यू पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया। 250 करोड़ रुपये के बेस इश्यू साइज और 250 करोड़ रुपये तक के ओवरसब्सक्रिप्शन को बनाए रखने के विकल्प वाले इस इश्यू को निर्धारित क्लोजिंग डेट से पहले ही 20 अगस्त 2026 को प्री-क्लोज कर दिया गया। कंपनी को 1,759 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं, जो बेस इश्यू साइज का 704% है। 1,000 रुपये अंकित मूल्य वाले इन एनसीडी पर 12.25% सालाना तक की इफेक्टिव यील्ड है और इन्हें बीएसई लिमिटेड पर लिस्ट किए जाने का प्रस्ताव है। इश्यू को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया बताती है कि इंडेल मनी और हमारी ग्रोथ स्ट्रैटेजी में निवेशकों को भरोसा है। महज चार घंटे में पूरे 500 करोड़ रुपये के इश्यू का सब्सक्राइब होना और इसके बाद कुल सब्सक्रिप्शन 1,759 करोड़ रुपये तक पहुंचना खास तौर पर उत्साहजनक है। इस इश्यू से प्राप्त नेट प्रोसिड्स का इस्तेमाल आगे कर्ज देने, मौजूदा डेट की फाइनेंसिंग या रिफाइनेंसिंग और/या डेट सर्विसिंग के लिए किया जाएगा।

# सोने की कीमतों में लगातार चौथे दिन तेज़ी, चांदी 3500 रुपये टूटी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही और यह 2,700 रुपये बढ़कर ।,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 164,400 प्रति 10 ग्राम पर रहा था।

हालांकि, व्यापारियों की मुनाफावसूली के कारण तीन दिन की तेजी के बाद चांदी की कीमतों में थोड़ी गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 3,500 रुपये घटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम



(सभी कर सहित) रह गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,53,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सर्राफा की कीमतों में हालिया बढ़त का कुछ हिस्सा कम हो गया। दो दिन की बढ़त के बाद, हाजिर सोने की कीमत 11.87 डॉलर या 0.26 प्रतिशत टूटकर 4,639.51 डॉलर प्रति औंस रह गई। चांदी पर भी दबाव बना रहा और इसकी कीमत 1.04 प्रतिशत टूटकर 67.88 डॉलर प्रति औंस रह गई। यह लगातार दूसरा दिन था जब चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

## कनाडा ने अमेरिका के 700 से अधिक उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाया

टोरंटो। कनाडा ने मंगलवार को अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्वाई करते हुए करीब 20 अरब डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान पर शुल्क लगाने की घोषणा की। इसमें इस्पात, डेयरी उत्पाद, घरेलू उपकरण और कृषि उपकरण शामिल हैं।

इस तनाव से दुनिया के सबसे बड़े व्यापारिक संबंधों में से एक पर असर पड़ने की आशंका है। कनाडा के नए शुल्क औद्योगिक वस्तुओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समुद्री खाद्य, पनीर, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन और टॉयलेट पेपर जैसी रोजर्मा की वस्तुओं को भी इसके अंतर्गत लाया गया है। कुछ वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत तक है। कनाडा ने यह कदम डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के सप्ताहांत में कनाडाई वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद उठाया है। व्यापार वार्ता विफल होने के बाद अमेरिका ने यह कदम उठाया था। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिका पर कनाडा को अपने अधीन करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विफल वार्ता के दौरान अमेरिका की मांगों से पता चलता है कि वह हमारे प्रमुख उद्योगों को नष्ट करना चाहता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को टकराव और बढ़ाते हुए कनाडाई नेताओं से अमेरिका की बातें मानने को कहा और चेतावनी दी कि ऐसा नहीं करने पर मौजूदा शुल्कों से कहीं अधिक खराब परिणाम भुगतने होंगे।

# बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 3.4 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। देश में 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में लागत में कुल मिलाकर करीब 3,40,504 करोड़ रुपये की लागत बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सरकार की ओर जारी जुलाई, 2026 की मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

कुल 17 केंद्रीय मंत्रालयोंाविभागों की 1775 जारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी की गई। इनमें कुल संशोधित लागत 37,10,642 करोड़ रुपये पाई गई जबकि इनकी मूल लागत 33,70,138 करोड़ रुपये थी। रिपोर्ट में हालांकि यह नहीं बताया गया कि वास्तव में कितनी परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा कि इन परियोजनाओं पर अब तक 19.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, जो संशोधित परियोजना लागत का करीब 51.91 प्रतिशत है। यह परियोजनाओं के कार्यान्वयन में लगातार प्रगति को दर्शाता है। काफी संख्या में परियोजनाएं निर्माण के उन्नत चरण में हैं। कुल 675 परियोजनाओं (38 प्रतिशत) में 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति हुई है, जबकि 305 परियोजनाओं (17 प्रतिशत) में 80 प्रतिशत से अधिक वित्तीय प्रगति दर्ज की गई है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि परियोजनाएं कार्यान्वयन के शुरुआती और उन्नत दोनों चरणों में हैं। परिवहन एवं लॉजिस्टिक क्षेत्र में सबसे अधिक 1246 परियोजनाएं जारी हैं। इनकी संशोधित लागत 19.81 लाख करोड़ रुपये है जो संपर्क आधारित बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दिए जाने को दर्शाता है।

## बोल्ट ने ऐस 5जी और इवो के साथ किया स्मार्टफोन सेगमेंट में डेब्यू

नई दिल्ली। बोल्ट ने आज अपने पहले स्मार्टफोन्स – ऐस 5जी और इवो – के लॉन्च की घोषणा की है, जो स्मार्टफोन सेगमेंट में ब्रांड की एंट्री को दर्शाता है। आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किए गए ये स्मार्टफोन्स दमदार परफॉर्मेंस, एआई-पावर्ड एक्सपीरियंस, इमर्सिव डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ के साथ आते हैं, जिसमें रोजमर्रा की जिंदगी में सबसे ज्यादा मायने रखने वाले फीचर्स पर खास फोकस रखा गया है। ऐस 5जीऔर इवो में 120एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ 6.79-इंच की बड़ी डिस्प्ले दी गई है। 600 निट्स तक की ब्राइटनेस के साथ, ये डिस्प्ले अलग-अलग परिस्थितियों में भी क्लियर और कम्फर्टेबल व्यूइंग देने के लिए बनाई गई हैं।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत ने अमेरिका से एलपीजी, एलएनजी की खरीद बढ़ायी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण खाड़ी देशों से आपूर्ति प्रभावित होने के बीच भारत ने अमेरिका से तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की खरीद तेजी से बढ़ाई है। समुद्री सूचना कंपनी केप्लर के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। केप्लर के मुताबिक, भारत ने अगस्त में अमेरिका से करीब 6.2 लाख टन एलपीजी का आयात किया है, जबकि जुलाई में यह मात्रा 8.9 लाख टन थी। अगस्त में अमेरिका से हुई आपूर्ति भारत के कुल एलपीजी आयात का 73 प्रतिशत से अधिक रही। इसके मुकाबले खाड़ी देशों से एलपीजी आयात में तेज गिरावट आई है। अगस्त में संयुक्त अरब अमीरात से भारत को करीब 1.4 लाख टन और कतर से करीब 60,000 टन एलपीजी मिली। सऊदी अरब ने जुलाई और अगस्त में भारत को कोई एलपीजी की आपूर्ति नहीं हुई। ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद होने से खाड़ी देशों से आपूर्ति प्रभावित हुई है।

## क्रॉस-बॉर्डर अवैध कारोबार का नेटवर्क तोड़ने के लिए खुफिया कार्रवाई का आह्वान

नई दिल्ली। अवैध व्यापार के खिलाफ लड़ाई में अवैध वस्तुओं को जब्त करना पर्याप्त नहीं है। मुंबई में आयोजित एशिया सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस एंड एग्जिबिशन 2026 में विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और नियामक संस्थाओं को अपना ध्यान केवल शिपमेंट्स को रोकने की बजाय उनके पीछे काम कर रहे संगठित आपराधिक नेटवर्क को पहचानने, पकड़ने और खत्म करने पर केंद्रित करना होगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय, स्ट्रेंथनिंग एन्फोर्समेंट, एम्पॉवरिंग इनोवेशनः इंडियाज नैक्स्ट चैप्टर इन ब्रांड प्रोटेक्शन था। इसमें भारतीय कस्टम्स, राज्य पुलिस, अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा एजेंसियों और ग्लोबल ब्रांड लीडर्स ने हिस्सा लिया। उन्होंने क्रॉस-बॉर्डर स्मग्लिंग, डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन चैनल और रैगुलेटरी आर्बिट्रेज की बढ़ती जटिलता के बारे में बात की।

## मेमोरी की बढ़ती कीमत से गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा की बढ़ सकती हैं कीमतें

नई दिल्ली। सैमसंग के नए फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 की कीमतें भारत में जल्द बढ़ सकती हैं। इन सैमसंग फोल्डेबल फोन की कीमत 1.25 लाख से 2.6 लाख रुपये के बीच है, इस महीने की शुरूआत में इन डिवाइस की बिक्री तेजी से शुरू हुई थी, लेकिन रिटेलर्स को डर है कि जल्द ही कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है, क्योंकि स्मार्टफोन के लिए एक अहम कंपोनेंट माने जाने वाले मेमोरी चिप की मांग पहले कभी इतनी नहीं रही। सैमसंग ने पिछले महीने कहा था कि वह ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए स्मार्टफोन की बढ़ती लागत के बड़े हिस्से का बोझ खुद उठा रही है। कंपनी ने भारत में गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 खरीदने वालों के लिए एक लंबी अवधि की जीरो कॉस्ट ईएमआई भी शुरू की।

## पेज एक का शेष

### डिजिटल भारत

के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के सबसे सफल स्तंभों में से एक बनकर उभरा है। यह एक ऐसा वास्तविक समय का भुगतान मंच है जो एक ही एप्लिकेशन के जरिये व्यक्ति से व्यक्ति और व्यक्ति से कारोबारी के बीच निर्बाध लेनदेन की सुविधा देता है।

### छह महीने में

आकाओं को भी जमीन दिखाएंगे। हम लोगों ने माफिया की संपत्ति जब्त कराकर उनसे वसूली कराई। सीएम ने 2017 से पहले यूपी बोर्ड की परीक्षा की दुर्दशा भी बताई और कहा कि तीन महीने परीक्षा और तीन महीने परिणाम आने में लगते थे। फिर अगले तीन महीने त्योहारों के बीच प्रवेश प्रक्रिया चलती थी। बच्चों को पढ़ाई के लिए तीन महीने भी नहीं मिल पाते थे। नौजवानों की दुश्मन सपा सरकार नकल करवाती थी और नौजवानों को किसी लायक नहीं छोड़ती थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 में सीएम बनने के बाद मैंने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों से कहा कि परीक्षा व परिणाम एक महीने में दो। जवाब नकारात्मक मिला तो मैंने कहा कि तुम कुर्सी छोड़ो, मैं एक महीने के अंदर यह कराऊंगा। आज यूपी बोर्ड के 56 लाख अभ्यर्थियों की परीक्षा 14 दिन में होती है और अगले 14 दिन में परिणाम आता है। पहले फरवरी से शुरू हुई परीक्षा जून में लू-तपती गर्मी तक चलती थी। अब नकलविहीन परीक्षा और समय से परिणाम आ रहे हैं।

### बुजुर्ग

प्रमाणित करनी होगी। वरिष्ठ नागरिकों के हित में कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 में संशोधन को मंजूरी दी। इसके तहत यदि संतान या आश्रित रिश्तेदार बुजुर्गों की देखभाल नहीं करते या उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं तो वरिष्ठ नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के तहत उन्हें अपनी संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे। गंगा एक्सप्रेसवे हरिद्वार तक बढ़ेगा। कैबिनेट ने गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तारित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। छह लेन के प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। परियोजना की अनुमानित लागत 10,761 करोड़ रुपये होगी।

### जेपीएनआईसी

होने पर कंसोर्टियम द्वारा प्राधिकरण को 10 करोड़ 11 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। जेपीएनआईसी का संचालन शुरू होने के बाद कंसोर्टियम की ओर से एलडीए को प्रति वर्ष 06 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। इस राशि में प्रत्येक वर्ष 05 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी और निर्धारित लीज अवधि पूर्ण होने तक यह सालाना धनराशि लगभग 35 करोड़ रुपए हो जाएगी। इस प्रकार से जेपीएनआईसी के संचालन से प्राधिकरण को दीर्घकालिक रूप से नियमित राजस्व प्राप्त होगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इसके निर्माण में लगभग 821 करोड़ रुपये की लागत आयी है, जिसे एलडीए अगले 30 वर्षों में शासन को वापस करेगा। दीर्घकालिक लीज व्यवस्था से जेपीएनआईसी के रखरखाव, अवशेष कार्यों को पूर्ण कराने और इसके प्रभावी संचालन के साथ-साथ प्राधिकरण पर वित्तीय भार को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जेपीएनआईसी में निर्मित होटल, कन्वेंशन सेंटर, ऑडिटोरियम, पार्किंग एवं स्पोर्ट्स फैसिलिटी का संचालन चयनित कंसोर्टियम की ओर से किया जाएगा। वहीं, म्यूजियम ब्लॉक के संचालन का अधिकार लखनऊ विकास प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

### बुजुर्ग माता

संतान या आश्रित रिश्तेदार की ओर से भरण-पोषण नहीं किए जाने अथवा दुर्व्यवहार से पीड़ित है तो वह संबंधित व्यक्ति को अपनी संपत्ति से बेदखल करने की प्रक्रिया शुरू कर सकेगा। सरकार ने बुजुर्गों के लिए बेदखली की प्रक्रिया को स्पष्ट और समयबद्ध बनाने का निर्णय लिया है। ऐसे मामलों में वरिष्ठ नागरिक जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत कर सकेंगे। शिकायतों की सुनवाई 30 दिन के भीतर किए जाने का प्रावधान किया गया है। जिलाधिकारियों को इस प्रकार के मामलों की मासिक रिपोर्ट शासन को भेजनी होगी, जिससे शिकायतों के निस्तारण की निगरानी की जा सके।

### हरिद्वार तक

मिल सकेगी इसके साथ ही बिजनौर की कनेक्टिविटी गंगा एक्सप्रेसवे के माध्यम से प्रदेश की राजधानी लखनऊ से भी बेहतर होगी। इससे क्षेत्र में व्यापार, निवेश, उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है। गंगा एक्सप्रेसवे के हरिद्वार तक पहुंचने से गंगा के तट पर स्थित दो प्रमुख कुम्भ नगरियों, प्रयागराज और हरिद्वार के बीच प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे नेटवर्क के माध्यम से तेज और सुगम यातायात सुविधा विकसित होगी। इससे धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए दोनों धार्मिक नगरियों के बीच आवागमन अधिक सुविधाजनक होने की उम्मीद है। एक्सप्रेसवे के विस्तार से धार्मिक पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। बेहतर कनेक्टिविटी से हरिद्वार, बिजनौर और गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़े अन्य क्षेत्रों में पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिल सकती है।

### हिजाब इस्लामिक

आती है, उस समुदाय की छात्राओं ने भी हिजाब नहीं पहना है। अदालत ने कहा जब भी यह मुद्दा उठा है, उच्च न्यायालयों का मत एक रहा है कि हिजाब पहनना इस्लामिक आस्था का आवश्यक हिस्सा नहीं है। हिजाब नहीं पहनने से आस्था खतरे में नहीं पड़ जाएगी। एआईएमपीएलबी सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने मंगलवार को लखनऊ में बातचीत में कहा, हमें मामले की जानकारी है। कहीं न कहीं कुछ भ्रम है, क्योंकि हिजाब हमेशा से इस्लाम का अहम हिस्सा रहा है। हम निश्चित रूप से अदालत जाएंगे और अपना पक्ष रखेंगे। मौलाना ने कहा कि संविधान व्यक्ति को अपने धर्म के मूल और अभिन्न सिद्धांतों का पालन करने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा जहां तक इस मामले का सवाल है, हमें लगता है कि निश्चित रूप से कुछ भ्रम है। हिजाब का उल्लेख कुरान और हदीस दोनों में है और दुनिया भर में मुस्लिम महिलाएं इसे पहनती हैं। हालांकि, रशीद ने कहा कि छात्राओं को स्कूलों के तय ड्रेस कोड (पोशाक संहिता) का पालन करना जरूरी है। उन्होंने कहा ड्रेस कोड मानने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर कोई छात्रा उसी समय अपने धार्मिक कर्तव्यों का भी पालन करना चाहती है तो क्या होगा। हमें लगता है कि अदालत के फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत है। अदालत ने 21 अगस्त के अपने फैसले में कहा था कि याचिका में हिजाब को जरूरी धार्मिक प्रथा बताना केवल एक दावा भर है। इसके समर्थन में कोई दलील, धार्मिक किताब या सबूत रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है। पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 25 पर आधारित दावे को बिना जरूरी तथ्य और कानूनी आधार के सिर्फ दावे पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार ने याचिका का विरोध करते हुए एडिशनल चीफ स्टैंडिंग काउंसिल गिरिजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा था कि स्कूल एक निजी, बिना सहायता प्राप्त संस्थान है और यूनिफॉर्म तय करना उसकी आंतरिक नीति का मामला है, जिसका मकसद छात्रों में एकरूपता बनाए रखना है। यह धर्म मानने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं करता। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन के वकील आलोक तिवारी ने राज्य की दलीलों का समर्थन किया और तर्क दिया कि याची मांगी गई राहत का हकदार नहीं है। अदालत ने कहा, नतीजे के तौर पर, यह रिट पिटीशन फेल हो जाती है और खारिज की जाती है।

### हाईकोर्ट ने

के लिए प्रारंभ में कुछ विशेष विषयों में स्नातक की योग्यता निर्धारित थी। बाद में सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक की योग्यता कर दी गई और 22 जुलाई 2015 को संशोधित विज्ञापन जारी किया गया। इसके बाद लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर याचिकाकर्ताओं का चयन हुआ।

चयन को लेकर एक असफल अभ्यर्थी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उस मामले में अंतरिम आदेश के बाद चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति को अंतिम निर्णय के अधीन रखा गया था। बाद में वह याचिका 1 मार्च 2023 को खारिज हो गई। इसी बीच भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच हुई। शासन के 27 अप्रैल 2019 के पत्र के आधार पर 50 सहायक प्रबंधकों की नियुक्तियां निरस्त करने का निर्देश दिया गया। बैंक की प्रबंध समिति ने 30 मई 2019 को नियुक्तियां समाप्त करने का निर्णय लिया और 7 जून 2019 को सेवा समाप्ति आदेश जारी कर दिए। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने तर्क दिया था कि सेवा समाप्ति आदेशों में याचिकाकर्ताओं के किसी व्यक्तिगत अवैध कृत्य का उल्लेख नहीं था। कहा कि नियुक्तियों को सक्षम प्राधिकारी ने मंजूरी दी थी और बाद में चयन प्रक्रिया पूरी हुई थी।

### धामी कैबिनेट

कोयला आधारित विद्युत संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दी। परियोजना 25 वर्ष की अवधि के लिए अदाणी समूह को दिए जाने का निर्णय हुआ है। परियोजना के लिए छत्तीसगढ़ में कोल ब्लॉक का आवंटन किया जा चुका है। प्रस्तावित संयंत्र की स्थापना अदाणी पावर द्वारा की जाएगी। सरकार के अनुसार परियोजना से भविष्य में राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। कैबिनेट ने उत्तराखंड सहकारिता नीति-2026 को स्वीकृति प्रदान की। राष्ट्रीय सहकारी नीति-2026 की तर्ज पर तैयार इस नीति का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं की क्षमता बढ़ाना और ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। वाहन कर व्यवस्था में संशोधन करते हुए कैबिनेट ने उत्तराखंड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम को मंजूरी दी। सीएनजी वाहनों को ग्रीन सेस में मिल रही छूट जारी रहेगी, जबकि हाइब्रिड वाहनों के लिए उपलब्ध छूट समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार दूसरे राज्यों की ईवी नीतियों का अध्ययन करेगी और इसके आधार पर उत्तराखंड की नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति तैयार की जाएगी।

### प्रदेश में

नाव एवं मोटरबोट राहत अभियान में लगाई जा चुकी हैं। बाढ़ से अब तक 208 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें से 130 मामलों में सहायता वितरित की जा चुकी है। सरकार का दावा है कि राहत एवं बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सक्रिय हैं और लोगों तक भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य जरूरी सहायता पहुंचाई जा रही है।

### लखनऊ के

अवैध निर्माण किया जाए और फिर पद का हवाला देकर उसे बचाने की कोशिश की जाए, यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। इलाहाबाद हाईकोर्ट में वरिष्ठ न्यायाधीश रह चुके जस्टिस विक्रम नाथ ने सुनवाई के दौरान कहा कि उन्होंने स्वयं उस क्षेत्र की स्थिति देखी है। उन्होंने कहा कि सड़कें किस तरह घेर ली गई थीं और किस प्रकार यातायात बाधित हो रहा था, इसकी उन्हें पूरी जानकारी है। दरअसल, 6 अगस्त को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लखनऊ जिला न्यायालय परिसर के आसपास सार्वजनिक रास्तों और उपयोगिता भूमि पर बने कथित अवैध निमार्णों को लेकर आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने लखनऊ नगर निगम को निर्देश दिया था कि करीब 72 कब्जेदारों को नोटिस जारी कर उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। हाईकोर्ट ने कहा था कि यदि संबंधित लोग जमीन और निर्माण पर वैध अधिकार साबित नहीं कर पाते हैं तो अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की जाए।




# श्रीलंका पर भारत की बढ़त बरकरार

## दिनुशा, सूरियाबंडारा की अर्धशतकीय पारियों से श्रीलंका का संघर्ष जारी, श्रीलंका ने आठ विकेट पर 265 रन बना लिए

एजेंसी

कोलंबो। भारतीय गेंदबाज सोनल दिनुशा की अगुवाई में श्रीलंका के पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष को खत्म करने में नाकाम रहे जिससे बारिश और खराब रोशनी के कारण मंगलवार को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल जल्दी खत्म होने तक श्रीलंका ने आठ विकेट पर 265 रन बना लिए थे। दिन के खेल के समापन के समय दिनुशा 85 और लाहिरु कुमारा आठ रन बनाकर क्रीज पर थे। श्रीलंका को फॉलोऑन टालने के लिए अब 39 रन और बनाने हैं। पासिंदु सूरियाबंडारा ने भी 80 रन की शानदार पारी खेली। भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 503 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इस तरह से श्रीलंका उससे अभी 238 रन पीछे है। चाय के विश्राम के समय सात विकेट पर 216 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए श्रीलंका के जल्दी सिमटने के आसार दिख रहे थे।

दिनुशा ने हालांकि लगातार तीसरी पारी में 50 से अधिक रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को परेशान किया और दो सत्र तक उन्हें विकेट के लिए तरसाए रखा। छोटे कद के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार जुझारूपन और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रसिद्ध कृष्णा (47 रन पर तीन विकेट) ने उनके खिलाफ शॉर्ट गेंदों और पैरों को निशाना बनाती गेंदों का इस्तेमाल किया, जबकि मानव सुथार (83 रन पर तीन विकेट), रविंद्र जडेजा (45 रन पर एक विकेट) और सारांश जैन ने स्पिन के जरिए उन्हें परेशान करने की कोशिश की। लेकिन 25 वर्षीय दिनुशा ने हर चुनौती का डटकर सामना किया। दिनुशा ने 84 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्हें केशारा नुवांता (18) और लाहिरु के रूप में दो जुझारू साथी मिले। नुवांता के साथ उन्होंने आठवें विकेट के लिए 57 रन जोड़े। नुवांता ने 74 गेंदों का सामना किया। इसके बाद दिनुशा ने लाहिरु के साथ नौवें



विकेट के लिए अब तक 35 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। लाहिरु 65 मिनट में 50 गेंदें खेल चुके हैं। एसएससी मैदान पर भारतीय गेंदबाजों को निचले क्रम के बल्लेबाजों के खिलाफ पुरानी कमजोरी फिर सामने आने से निराशा हुई होगी। श्रीलंका ने सुबह दो विकेट पर आठ रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले सत्र में 122 रन जोड़े। बारिश के कारण देर से शुरू हुए दूसरे सत्र में उसने 86 रन जोड़े और इस बीच तीन विकेट गंवाए। मानव सुथार की सटीक गेंदबाजी से भारत ने लंच के बाद श्रीलंका को शुरुआती झटका दिया। सुथार की गेंद धनंजय डी सिल्वा के बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप में केएल राहुल के सुरक्षित हाथों में चली गई। लेकिन श्रीलंका को सबसे बड़ा झटका सूरियाबंडारा के आउट होने से लगा, जिन्होंने धैर्य के साथ बल्लेबाजी की। रविंद्र जडेजा ने उन्हें चकमा देकर बोल्ड किया। इसके दो रन बाद मोहम्मद सिराज (33 रन पर एक विकेट) ने लेग साइड से डाली गई एक साधारण सी गेंद पर निरोशन डिकवेला (शून्य) को आउट कर दिया।

विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने उनका कैच लिया। पहले सत्र के खेल के दौरान ॠषभ पंत की जगह क्षेत्ररक्षण करने आए सरफराज खान, मोहम्मद सिराज और श्रीलंकाई बल्लेबाजों के बीच हुई जुबानी जंग से यह सत्र और भी रोमांचक हो गया। प्रसिद्ध कृष्णा ने दिन के सातवें ओवर में ही अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे कामिल मिसारा (19) को विकेट के पीछे कैच करा दिया। प्रसिद्ध की तेजी से उठती गेंद को मिसारा नहीं समझ पाए। गेंद उनके बल्ले को चूमकर विकेटकीपर जुरेल के हाथों में चली गई। लेकिन सूरियाबंडारा और कामिंदु मेंडिस (32) ने भारत को लगभग दो घंटे तक विकेट से महरूम रखा। इन दोनों बल्लेबाजों ने मानव सुथार और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सारांश जैन को हावी नहीं होने दिया। ऑफ स्पिनर जैन ने कुछ उछाल और टर्न हासिल किया लेकिन श्रीलंका के बल्लेबाजों को परेशानी में नहीं डाल सके। सूरियाबंडारा और मेंडिस ने चौथे विकेट के लिए 87 रन जोड़े। इसमें अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे सूरियाबंडारा का योगदान महत्वपूर्ण रहा। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज में 76 गेंद पर अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर, मेंडिस ने मानव सुथार की गेंद पर मिड-विकेट के ऊपर से छक्का लगाकर अपने इरादे स्पष्ट किए।

प्रसिद्ध ने लंच से ठीक पहले तेजी से उछाल लेती गेंद पर मेंडिस को मिड विकेट पर खड़े रविंद्र जडेजा के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी। वहीं दूसरी ओर भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जमकर सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बाहरी आलोचनाओं को नजरअंदाज कर अपने खेल पर मेहनत की और खुद को विश्वस्तरीय गेंदबाज के रूप में विकसित कर लिया है। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को प्रसिद्ध ने 14 ओवर की कड़ी गेंदबाजी में 47 रन देकर तीन विकेट झटके और भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की। दिन का खेल समाप्त होने के बाद मोर्कल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस स्पेल ने प्रसिद्ध के जज्बे को दिखाया। मीडिया में उनकी आलोचना होती है, कमेंटेटर उनकी आलोचना करते हैं लेकिन इन सबके बावजूद उसने अपना काम जारी रखा। इस समय उनकी गेंदबाजी बेहद प्रभावशाली है।

# प्रज्ञानानंदा, वैशाली और एरिगेसी नवंबर में टोटल शतरंज पायलट टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा

बुडापेस्ट (हंगरी)। भारत के तीन खिलाड़ियों आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और अर्जुन एरिगेसी को यहां 10 से 21 नवंबर तक होने वाली पहली टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट प्रतियोगिता के लिए घोषित शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन और नंबर दो फाबियानो करुआना भी हिस्सा लेंगे। नॉर्वे शतरंज खिताब और सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट जीतने के बाद शानदार फॉर्म में चल रहे प्रज्ञानानंदा हाल में ग्रैंड चेस टूर के अंतिम चरण के फाइनल में पहुंचे थे।



उनके साथ उनकी बड़ी बहन और महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की विजेता वैशाली तथा भारत के शीर्ष रेपिड एवं ब्लिट्ज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। अब तक 18 खिलाड़ियों के नाम घोषित किए गए हैं। बाकी छह खिलाड़ियों के नाम अगले महीने घोषित किए जाएंगे जिसके बाद 24 खिलाड़ियों की सूची पूरी हो जाएगी। इस नई



प्रतियोगिता में खिलाड़ी ब्लिट्ज, रेपिड और तेज क्लासिकल प्रारूप में मुकाबला करेंगे जिससे तीनों प्रारूपों में उनकी प्रतिभा की कड़ी परीक्षा होगी। टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग वर्ग या चैंपियनशिप नहीं होगी। एक ही संयुक्त ओपन प्रारूप रखा गया है। इसे लेकर कुछ वर्गों ने आलोचना की है और अलग महिला चैंपियनशिप नहीं होने पर चिंता जताई है। अब तक घोषित खिलाड़ियों की सूचीः मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे), फाबियानो करुआना (अमेरिका), विन्सेंट कीमर (जर्मनी), वेस्ली सो (अमेरिका), अनीश गिरी (नीदरलैंड), नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव (उज्बेकिस्तान), अर्जुन एरिगेसी (भारत), अलीरेजा फिरोजा (फ्रांस), आर प्रज्ञानानंदा (भारत), जान क्रिस्टोफ डूडा (पोलैंड), रिचर्ड रैपोर्ट (हंगरी), हेन्स मोके नीमन (अमेरिका), इयान नेपोमनियाची (फिडे), मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव (फ्रांस), हाइक एम मार्तिरोस्यान (आर्मेनिया), व्लादिस्लाव आर्तेमिएव (फिडे), बिबिसारा अस्सौबायेवा (कजाखस्तान) और वैशाली रमेशबाबू (भारत)। वहीं दूसरी ओर शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रतीति बोरदोलोई और मयंक चक्रवर्ती मंगलवार को यहां आठवें दौर में जीत हासिल करके एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के करीब पहुंच गए। प्रतीति ने प्रिशिता गुप्ता को हराकर अपने अंको की संख्या संभावित आठ में से सात पर पहुंचा दी है। वह अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी तुर्कमेनिस्तान की महिला कैंडिडेट मास्टर शोहरादोवा लैला से एक अंक आगे है जिन्होंने दक्षिता कुमावत के साथ बाजी ड्रॉ खेली।

उनके छह अंक हैं। कजाकिस्तान की मारिया खोल्यावको और भारत की श्राव्याश्री भीमरसेट्टी ने भी जीत दर्ज करके अपना स्कोर छह पर पहुंचा दिया है। ओपन चैंपियनशिप में मयंक चक्रवर्ती ने दक्ष गोयल को हराकर खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। उनके अब सात अंक हैं और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रूस के इंटरनेशनल मास्टर आर्टेम पिंगिन से आधा अंक आगे हैं।

## संक्षेप

### सेरेना-अल्काराज़ की जोड़ी को शुरू में ही मिलेगी कड़ी चुनौती

न्यूयॉर्क। सेरेना विलियम्स और कार्लोस अल्काराज़ यूएस ओपन मिश्रित युगल टूर्नामेंट में उस टीम के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे जिसमें मौजूदा महिला युगल चैंपियन शामिल हैं। सेरेना और अल्काराज़ चैंपियनशिप के पहले दौर में एरिन राउटलिफ और लॉयड ग्लासपूल का सामना करेंगे। यह सेरेना का 2022 के बाद यूएस ओपन में पहला मैच होगा। एरिना सबालेंका और नोवाक जोकोविच की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को भी पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। वह कैटरीना सिनियाकोवा और हेनरी पैटन की जोड़ी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। राउटलिफ ने गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ मिलकर पिछले साल यूएस ओपन महिला युगल खिताब के लिए सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड को हराया था। उन्होंने 2023 में भी चैंपियनशिप जीती थी। सबालेंका और जोकोविच का मुकाबला लेयला फर्नांडीज और फ्रांसेस टियाफो से होना था। लेकिन टियाफो ने रविवार को सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में आर्थर फिल्स से हारने के बाद सोमवार को मिश्रित युगल से नाम वापस ले लिया, जिससे क्वालीफाइंग में हारने वाली टीम को यह जगह मिल गई।

### इमामी समूह ईस्ट बंगाल में निवेशक की भूमिका से बाहर

कोलकाता। इमामी समूह ने मंगलवार को ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब में निवेशक और प्रबंधन भागीदार के रूप में अपनी भूमिका आधिकारिक तौर पर समाप्त करते हुए क्लब में अपनी पूरी हिस्सेदारी और उससे जुड़े मतदान अधिकार ईस्ट बंगाल को वापस हस्तांतरित कर दिए हैं। इमामी इस टीम के साथ हालांकि बतौर प्रायोजक बना रहेगा। इमामी ने एक बयान में कहा कि निवेश और प्रबंधन की भूमिका से पीछे हटने के बावजूद वह ईस्ट बंगाल क्लब के साथ प्रायोजक के तौर पर जुड़ा रहेगा और क्लब की खेल संबंधी महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देता रहेगा। समूह ने स्पष्ट किया कि सभी शेयर और उनसे जुड़े मतदान अधिकार क्लब को हस्तांतरित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही ईस्ट बंगाल में इमामी की निवेशक और प्रबंधक के रूप में भूमिका समाप्त हो गई है। इमामी और ईस्ट बंगाल के बीच निवेशक के तौर पर अलग होने की बात पहले ही सामने आ चुकी थी। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब इमामी के स्वामित्व ढांचे के तहत ईस्ट बंगाल ने पिछले सत्र में 22 साल के लंबे इंतजार के बाद पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का खिताब अपने नाम किया था।

# भारत के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाना आसान नहीं : द्रविड़

मुंबई। भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में क्वालीफाई करने की दौड़ में थोड़ा पीछे चल रही है और श्रीलंका में उत्साहजनक प्रदर्शन को न्यूजीलैंड दौरे में दोहराना आसान नहीं होगा।

कठिन होगा न्यूजीलैंड दौरा: द्रविड़


डब्ल्यूटीसी फाइनल में दो बार जगह बनाने वाली भारतीय टीम अभी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसे फाइनल में जगह बनाने के लिए अपने बचे हुए अधिकतर मैच जीतने होंगे। अगले साल फाइनल में शीर्ष दो टीमों के बीच मुकाबला होगा। भारतीय टीम जनवरी 2027 से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले न्यूजीलैंड में दो टेस्ट मैच खेलेगी। भारत इस दौरे में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच वनडे और उतने ही टी20 मैच भी खेलेगा। यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में एक टीम के मालिक द्रविड़ ने जियोस्टार से कहा, मुझे उम्मीद है कि भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने में सफल रहेगा। अगर भारत मौजूदा स्थिति के बावजूद फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेता है।

# राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

एजेंसी

बेंगलुरु। भारत अहमदाबाद के सावरकर खेल परिसर में सात से 10 अक्टूबर तक राष्ट्रमंडल क्यू खेलों (बिलियर्ड्स, स्नूकर, हेयबॉल, ब्लैकबॉल) की चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। भारतीय बिलियर्ड्स और स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में करीब 46 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पुरुष और महिला वर्ग में बिलियर्ड्स, स्नूकर, हेयबॉल, 10-बॉल पूल और ब्लैकबॉल की स्पर्धाएं होंगी।

चार स्पर्धाओं में प्रत्येक वर्ग में 16 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि इस साल कार्यक्रम में शामिल किए गए बिलियर्ड्स में दोनों वर्गों में आठ-आठ खिलाड़ियों का ड्रॉ होगा। चैंपियनशिप का आयोजन विश्व बिलियर्ड्स खेल महासंघ (डब्ल्यूसीबीएस) और बीएसएफआई के तत्वावधान में एपेक्स स्पोर्ट्स द्वारा किया जाएगा। विश्व पूल संघ (डब्ल्यूपीए) के अध्यक्ष ईशान सिंह ने कहा, अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर तेजी से महत्वपूर्ण शहर बन



रहा है। यहां राष्ट्रमंडल क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की मेजबानी भारत और इस खेल के लिए बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा, 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा अहमदाबाद इस प्रतियोगिता के जरिये स्थानीय खेल समुदाय और दर्शकों से मजबूत जुड़ाव कायम कर सकता है। भारत का क्यू स्पोर्ट्स में शानदार इतिहास रहा है।

# विश्व कप में पुरूष हॉकी टीम के खराब प्रदर्शन के बाद दिग्गजों ने उठाये सवाल

एजेंसी

एम्सटेलवीन। विश्व कप में 51 साल बाद पदक जीतने का सपना लेकर गई भारतीय पुरूष हॉकी टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने में भी नाकाम रहने के बाद पूर्व दिग्गजों ने युवा खिलाड़ियों को मौका नहीं देने और उसी कोर ग्रुप के साथ लगातार खेलने पर सवाल उठाये हैं।

अर्जेंटीना से 3 -5 से हारने के बाद भारत की सेमीफाइनल की उम्मीदें भी खत्म हो गई और इससे वे कमजोरियां भी उजागर हुई जो पेरिस ओलंपिक के बाद से लगातार चली आ रही थी। पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि धीमी शुरूआत, मौके गंवाने और डिफेंस में चूक से आगे यह समस्या और बड़ी है और इसका हल काफी पहले निकाला जाना चाहिये था।

भारतीय टीम विश्व कप से पहले स्विटजरलैंड में मानसिक दृढता बढाने के लिये बूट कैंप में गई लेकिन टूर्नामेंट में दबाव का सामना नहीं कर सकी। ड्रैग फ्लिकर और कप्तान हरमनप्रीत सिंह पर अधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ा जबकि वह पूरी तरह फिट नहीं थे। मनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह जैसे सीनियर अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके।

# मुशीर व गायकवाड़ के अर्धशतक से उत्तर क्षेत्र की वापसी

एजेंसी

बेंगलुरु। मुशीर खान और ऋतुराज गायकवाड़ के शानदार अर्धशतकों की बदौलत पश्चिम क्षेत्र मंगलवार को यहां दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में मजबूत स्थिति में पहुंच गया था लेकिन उत्तर क्षेत्र ने लगातार विकेट चटकाकर तीसरे दिन मुकाबले में वापसी कर ली।



जीत के लिए 287 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पश्चिम क्षेत्र की टीम एक समय अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 195 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी। तभी कप्तान गायकवाड़ 70 गेंद पर 66 रन बनाकर रन आउट हो गए। पश्चिम क्षेत्र ने इसके बाद अच्छी बल्लेबाजी कर रहे मुशीर का विकेट भी गंवा दिया जिन्होंने 126 गेंद पर 96 रन बनाए।

दिन का खेल खत्म होने पर पश्चिम क्षेत्र का स्कोर सात विकेट पर 220 रन था। उर्विल पटेल 17 रन बनाकर खेल रहे थे। टीम को जीत के लिए 67 रन और चाहिए। मुशीर ने आठ चौके और दो छक्के लगाए और शतक से केवल चार रन से चूक गए। कप्तान गायकवाड़ ने अपनी पारी में सात चौके लगाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 111 रन की साझेदारी की।

पहली पारी में 64 रन की बढ़त हासिल करने वाला उत्तर क्षेत्र दूसरी पारी में 222 रन पर आउट हो गया। उत्तर क्षेत्र की ओर से आयुष बडोनी (50) और निशांत सिंधु (44) ने बल्ले से अहम योगदान दिया। पश्चिम क्षेत्र के लिए तनुष कोटियान ने 46 रन देकर चार और शम्स मुलानी ने 78 रन देकर चार विकेट लिए।

# प्रभात जयसूर्या को एक अंक का दंड दिया गया

दुबई। श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या को मंगलवार को कोलंबो में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया। आईसीसी ने कहा कि जयसूर्या को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया है जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या पोशाक को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है। आईसीसी ने कहा कि इस खिलाड़ी का पिछले 24 महीने यह पहला अपराध था। दूसरे दिन के खेल की आखिरी गेंद पर भारतीय स्पिनर मानव सुथार की गेंद पर पगबाधा आउट होने के बाद जयसूर्या ने पवेलियन लौटते समय बाउंड्री पर अपना बल्ला पटका था।

# पूर्व क्षेत्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को 210 रन से हराया

एजेंसी

बेंगलुरु। बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल रॉय ने पांच विकेट चटकाए जबकि वैभव सूर्यवंशी ने भी दो विकेट लिए जिससे पूर्व क्षेत्र ने मंगलवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र को पारी और 210 रन से करारी शिकस्त देकर दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



यह मुकाबला ढाई दिन के भीतर ही समाप्त हो गया। पूर्व क्षेत्र ने पहली पारी में 467 रन बनाए थे जिसके जवाब में पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम पहली पारी में महज 111 रन पर सिमट गई। टीम इसके बाद फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में भी 146 रन पर आउट हो गई। तीसरे दिन दूसरी पारी में केवल 50 ओवर में ही मुकाबला समाप्त हो गया। सात रन पर बिना किसी नुकसान से दिन की शुरुआत करने वाली पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। फेइरोइजाम जोतिन सिंह (39) और आकाश चौधरी (27) ने नौवें विकेट के लिए 39 रन जोड़कर टीम को 100 रन से पहले सिमटने से बचाया। तीसरे दिन कप्तान इशान किशन की शानदार विकेटकीपिंग भी आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने पांच खिलाड़ियों को आउट करने में भूमिका निभाई जिसमें दो स्टंपिंग और तीन कैच शामिल रहे। भारत ए के खिलाड़ी अनुकूल ने सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी की। पूर्वोत्तर क्षेत्र के बल्लेबाज यह समझने में नाकाम रहे कि उनकी कौन सी गेंद टर्न लेगी और कौन सी सीधे विकेटों पर आएगी। अनुकूल ने 15 ओवर में 37 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने प्रथम श्रेणी मैच की पारी में सातवीं बार पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मैच पर पूरी तरह नियंत्रण होने के कारण किशन ने सूर्यवंशी को भी गेंदबाजी का मौका दिया।

### मुथैया मुरलीधरन, डेनियल विटोरी ने मेरी गेंदबाजी को निखारने में मदद की : जीशान

नयी दिल्ली। भारत के युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी ने कहा कि आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते हुए दिग्गज स्पिनरों मुथैया मुरलीधरन और डेनियल वेटोरी से मिले सबक से उन्हें अपने खेल को निखारने में मदद मिली। ईशान किशन, ॠषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों के साथ भारत की अंडर-19 विश्व कप 2016 टीम का हिस्सा रहे जीशान के करियर में तब नया मोड़ आया जब आईपीएल 2025 के लिए सनराइजर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। अंसारी ने कहा जब मैं सनराइजर्स में था, तब मुझे मुथैया मुरलीधरन और डेनियल वेटोरी से काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने मुझे गेंदबाजी के बारे में कई ऐसी बातें बताईं जो मुझे पता नहीं थीं। उनसे मैंने जो कुछ भी सीखा है, उससे मुझे बहुत मदद मिली है। अगर मैं उनसे मिली सीख पर अमल करता रहूंगा तो मेरा खेल बेहतर होता जाएगा।




# संबंधों को मजबूत करेंगे भारत-चीन

## सीमा विवाद पर डोभाल और वांग यी के बीच विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता, संबंधों में सुधार पर भी चर्चा

एजेंसी

बीजिंग। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा विवाद और दोनों देशों के संबंधों में सुधार को लेकर विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता की।


इस वार्ता का इसलिए महत्व है, क्योंकि यह 12-13 सितंबर को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की भारत की संभावित यात्रा से पहले हुई है। यह वार्ता ऐसे समय हो रही है, जब भारत-चीन के द्विपक्षीय संबंधों में सीमा और अरुणाचल प्रदेश को लेकर मतभेद प्रमुखता से बने हुए हैं। डोभाल और वांग दोनों ही सीमा वार्ता के लिए विशेष प्रतिनिधि हैं। यह व्यवस्था वर्ष 2003 में 3,488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा से जुड़े विवाद के व्यापक समाधान के लिए की गई थी। वार्ता से पहले सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर बीजिंग पहुंचे डोभाल ने चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात की। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि डोभाल और चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग के बीच हुई बातचीत में सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व स्थिरता मजबूत करने तथा दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी सहमति के अनुरूप आर्थिक, राजनीतिक और बहुपक्षीय क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा हुई। डोभाल के साथ मुलाकात के दौरान झेंग ने कहा कि चीन और भारत को अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक नजरिए



से देखना और संभालना चाहिए। साथ ही, दोनों देशों को अपने नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, झेंग ने कहा कि दोनों देशों को रणनीतिक आपसी विश्वास बढ़ाना, सहयोग की संभावनाओं का पूरा लाभ उठाना, बहुपक्षीय मंचों पर करीबी समन्वय बनाए रखना और मतभेदों को सही तरीके से सुलझाना चाहिए, जिससे चीन-भारत संबंधों के निरंतर और स्थिर विकास को बढ़ावा मिलेगा। साल 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प और पूर्वी लद्दाख में लंबे समय तक चले सैन्य गतिरोध के बाद नयी दिल्ली और बीजिंग के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे। इसके बाद दोनों पक्षों ने संबंधों को स्थिर करने के लिए कदम उठाए हैं। विशेष प्रतिनिधि स्तरीय वार्ता की इस व्यवस्था से सीमा विवाद को हल करने में सफलता नहीं मिली, लेकिन दोनों देशों के अधिकारी इसे विभिन्न मुद्दों पर बार-बार उभरने वाले तनाव से निपटने के लिए एक उपयोगी माध्यम मानते हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सोमवार को यहां प्रेस वार्ता में विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता की घोषणा की। लेकिन जब उनसे शी चिनफिंग की भारत यात्रा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने सीधा जवाब देने से परहेज किया। चिनफिंग की भारत यात्रा के दौरान उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का अवसर मिल सकता है। इस दौरान दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने से जुड़ी पहलों पर चर्चा कर सकते हैं। मोदी और चिनफिंग की पिछली मुलाकात अगस्त 2025 में तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर हुई थी। विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता के बारे में लिन ने कहा कि डोभाल और वांग सीमा विवाद के साथ-साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी गहन चर्चा करेंगे।

# यूपीआई भुगतान का तेज और सुरक्षित माध्यमः शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को तेज और सुरक्षित माध्यम करार देते हुए कहा कि यह नवाचार के जरिए भारत को बदलाव की राह पर आगे बढ़ाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण की एक मिसाल है।



यूपीआई का इस्तेमाल शुरू हुए मंगलवार को 10 साल पूरे हो गए। शाह ने एक्स पर एक संदेश में कहा, "यूपीआई नवाचार के जरिए भारत को बदलाव की राह पर आगे बढ़ाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण की एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि यूपीआई के 10 वर्षों में हमारे देश ने दुनिया की सबसे बड़ी वास्तविक समय भुगतान प्रणाली बनाई है और यह साबित किया है कि डिजिटल इंडिया के जरिए लोगों को तेज, आसान व सुरक्षित माध्यम देकर हम क्या हासिल कर सकते हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने भारतीय रिजर्व बैंक की निगरानी में मुख्य रूप से मोबाइल के जरिए बिना नकद भुगतान करने के माध्यम के रूप में 25 अगस्त 2016 को यूपीआई की शुरुआत की थी। शुरुआत के बाद से लेनदेन की संख्या में 13,000 गुना बढ़ोतरी हुई है। 2025-26 में यूपीआई के जरिए 314 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। सरकार के एक बयान में कहा गया है,सालाना लेनदेन की संख्या वित्त वर्ष 2016-17 में केवल 1.78 करोड़ थी, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 24,162 करोड़ से अधिक हो गई। लेनदेन की संख्या में लगभग 13,000 गुना बढ़ोतरी हुई है। बयान में कहा गया है, इसी तरह, लेनदेन की कुल राशि वित्त वर्ष 2016-17 में 0.07 लाख करोड़ रुपये थी, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 314 लाख करोड़ रुपये हो गई। यानी लेनदेन की राशि में 4,000 गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई।

## अमेरिकी खुफिया सेना ने ट्रंप के बेटे को जान की धमकी वाले वीडियो की जानकारी होने की पुष्टि की

वाशिंगटन। अमेरिकी खुफिया सेवा ने मंगलवार को कहा कि उसे इस बात की जानकारी है कि ईरान के सरकारी मीडिया ने एक वीडियो प्रसारित किया है, जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे छोटे बेटे बैरन को जान की धमकी दिए जाने के तौर पर देखा जा सकता है। खुफिया सेवा के प्रवक्ता नेट हेरिंग ने एक बयान में कहा, "अमेरिकी खुफिया सेवा इस वीडियो से अवगत है और ऐसी किसी भी चीज की जांच करती है, जिसे हमारे सुरक्षा घेरे में आने वाले लोगों के खिलाफ खतरे के रूप में देखा जा सकता है। अभियानगत सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हम सुरक्षा संबंधी खुफिया मामलों पर चर्चा नहीं करते हैं। साल की शुरुआत में अमेरिकी बलों की कार्वाई में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामनेई की मौत के बाद से ईरानी मीडिया ने कई मौकों पर अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके परिवार के सदस्यों के लिए धमकी वाली सामग्री प्रसारित की है।

## जयशंकर रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मिले द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की

मॉस्को। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय सहयोग, वैश्विक चुनौतियों और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रूसी विदेश मंत्रालय के हवाले से बताया कि दोनों विदेश मंत्रियों ने यूक्रेन, ईरान और अफगानिस्तान की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा की। जयशंकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ व्यापक बातचीत हुई। द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय संवदेनशील मुद्दों, वैश्विक चुनौतियों और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर दो दिवसीय रूस यात्रा के तहत रविवार को मॉस्को पहुंचे थे। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 12-13 सितंबर को नयी दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आने की उम्मीद है। तास की रिपोर्ट में कहा गया, दोनों शीर्ष राजनयिकों के बीच बातचीत अंतरराष्ट्रीय एजेंडे से जुड़े मौजूदा मुद्दों पर केंद्रित रही। विशेष रूप से, दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान, ईरान और यूक्रेन की स्थिति को लेकर अपने दृष्टिकोण में समन्वय किया। दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और जी20 के भीतर करीबी समन्वय जारी रखने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रियों ने सभी स्तरों पर विश्वास पर आधारित संवाद को मजबूत करने पर सहमति जताई। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि भारत और रूस अपने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने तथा कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। सोमवार को जयशंकर ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। दोनों पक्षों ने आर्थिक संबंधों पर चर्चा की, जिसमें व्यापार, ऊर्जा और परमाणु सहयोग जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया।

## भाजपा का हर कार्यकर्ता लोकतंत्र का पहरेदार

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक पर्व हैं और पार्टी का हर कार्यकर्ता लोकतंत्र का पहरेदार है। राज्यसभा सदस्य राठौड़ यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में निकाय चुनाव के लिए प्रकाशित मार्गदर्शिका पुस्तक का विमोचन कर रहे थे। राठौड़ ने एक राज्य-एक चुनाव की भावना के तहत राज्य में होने वाले निकाय एवं पंचायती राज चुनावों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से न केवल खर्च बढ़ता है बल्कि प्रशासनिक कामकाज में भी व्यवधान आता है, जिससे लोक कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता प्रभावित होती है। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से सरकार और प्रशासनिक मशीनरी चुनावी कार्यों में व्यस्त हो जाती है तथा आचार संहिता की आड़ में विकास कार्य रुक जाते हैं, जिसका सीधा नुकसान आम जनता को होता है। राठौड़ ने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक पर्व है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र का पहरेदार है। इसलिए चुनाव चाहे पंचायत का हो या संसद का, भाजपा का कार्यकर्ता सजगता से अपनी भूमिका का निर्वहन करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता मालिक होता है लेकिन मतदाताओं को सही तथ्यों से अवगत कराने और विपक्ष द्वारा दी जा रही गलत जानकारी से सचेत करने की जिम्मेदारी भी भाजपा कार्यकर्ताओं की है। राठौड़ ने कहा कि युवा राजनीति में आगे आएं, उनकी भागीदारी बढ़े, वे प्रशिक्षित हों और जनप्रतिनिधि बनकर लोकसेवा के मिशन में जुटें।

## बीपीएससी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों का प्रदर्शन हिंसक

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की शिक्षक भर्ती परीक्षाओं और परीक्षा प्रणाली में बदलाव की मांग को लेकर मंगलवार को पटना में हजारों विद्यार्थियों का प्रदर्शन हिंसक हो गया। मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने के दौरान पुलिस और विद्यार्थियों के बीच कई स्थानों पर झड़प हो गयी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने लाठीचार्ज और पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। प्रदर्शन में शामिल अधिकांश अभ्यर्थी अगले महीने होने वाली बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई) में शामिल होने वाले हैं। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के बजाय एक ही चरण में कराई जाए। कुछ अभ्यर्थियों ने इस वर्ष आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) में कथित अनियमितताओं का हवाला देते हुए उसे रद्द करने की भी मांग की। गांधी मैदान से शुरू हुए मार्च में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) सहित कई वामपंथी छात्र एवं युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक करीब पांच किलोमीटर लंबे मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। जदयू कार्यालय के निकट जेपी गोलंबर पर पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया लेकिन प्रदर्शनकारी डटे रहे।






आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com